सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 27 मई, 2024 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 144, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com




## कंपनियों की पूंजी 1.85 लाख करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,85,320 .49 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। } 14

## मणिपुर में विश्वास की कमी पाटने पर काम कर रही सरकार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार मणिपुर में स्थायी शांति लाने के लिए मैतेई और कुकी समुदायों के बीच विश्वास की कमी को दूर करने पर काम कर रही है। } 16

### संक्षेप

## सेना प्रमुख को मिला सेवा विस्तार

नयी दिल्ली। सरकार ने थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को रविवार को एक महीने का सेवा विस्तार दिया। वह सशस्त्र बल से 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले थे। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सेना नियम 1954 के नियम 16ए(4) के तहत, थलसेना प्रमुख जनरल मनोज सी पांडे को एक महीने का सेवा विस्तार दिया है, जो उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख (31 मई) से आगे 30 जून तक है। जनरल पांडे दिसंबर 1982 में कोर ऑफ इंजीनियर्स (द बॉम्बे सैपर्स) में शामिल हुए थे। वह अप्रैल 2022 में थल सेना की बागडोर संभालने से पहले वाइस चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ के पद पर थे।

## राजकोट के मृतकों के परिजनों को दो दो लाख की घोषणा

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजकोट शहर के एक गेम जोन में आग लगने की घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को यह जानकारी दी। पीएमओ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हादसे में घायल लोगों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। गुजरात सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिजन को 4-4 लाख रुपये और घायल व्यक्तियों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की है। अधिकारियों के मुताबिक, राजकोट में शनिवार शाम लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हो गयी थी, जिसमें 12 साल से कम उम्र के चार बच्चे भी शामिल थे। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। ये सभी यहां गेम जोन में गर्मियों की छुट्टियों का आनंद ले रहे थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री मोदी ने घटना पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने राजकोट का दौरा किया।

## 10.46 लाख सड़क दुर्घटना दावे लंबित

नोएडा। देश में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े 80,455 करोड़ रुपये के लगभग 10,46,163 दावे लंबित हैं और 2018-19 से 2022-23 के बीच इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हुई। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से यह जानकारी मिली है। अप्रैल में उच्चतम न्यायालय के वकील के. सी. जैन के आवेदन के जवाब में भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने यह विवरण प्रदान किया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से पूछे गए प्रश्न में जैन ने राज्य और जिलेवार विवरण के साथ-साथ देश में लंबित मोटर दुर्घटना दावों की कुल संख्या बताने का अनुरोध किया था। उन्होंने पिछले पांच वर्षों के दौरान शुरू किए गए, निपटाए गए।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 41.09 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 25.08 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- भाजपा का 400 पार यानी संविधान और आरक्षण पर वार (पृष्ठ-02)
- हर घर तक परिवार पर्ची पहुचायें कार्यकर्ता (पृष्ठ-02)
- एफपीआई ने शेयरों से 22,000 करोड़ निकाले (पृष्ठ-14)
- आईओसी, गेल, ओएनजीसी, पर लगा जुर्माना (पृष्ठ-14)
- वैश्विक रुख से तय होगी बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)


## राष्ट्र विरोधी, रिश्वतखोर, जंगलराज और दलदल पार्टी है राजद : नड्डा

एजेंसी।

जहानाबाद (बिहार)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल-आरजेडी का मतलब राष्ट्र विरोधी, रिश्वतखोरी, जंगलराज और दलदल पार्टी है।

बिहार के जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, मेरा बिहार से बहुत ही पुराना संबंध रहा है। यहां पर 15 साल तक राजद की सरकार रही। इस सरकार में आर का मतलब राष्ट्र विरोधी, रिश्वतखोरी, जे का मतलब जंगलराज और डी का मतलब दलदल है। यह राष्ट्र विरोधी, रिश्वतखोरी, जंगलराज, और दलदल पार्टी है। उन्होंने कहा, राजद लालटेन युग में ले जाना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एलईडी युग में ले आए। देश को प्रगति की ओर ले जा रहे हैं और ये लालटेन युग की ओर ले जाने वाले और जंगलराज के लोग हैं। नड्डा ने कहा, जहानाबाद में 2005 से पहले तीन बजे के बाद ना कोई आता था और ना कोई जाता था। किसान पलायन कर रहे थे। हत्याएं, अपहरण हो रहे थे। फिरौती मांगी जा रही थी। उन्होंने भ्रष्टाचार को लेकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, आज लालू, राहुल गांधी को मटन बनाना सिखा रहे हैं। इन स्वार्थी पार्टियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# केकेआर बना आईपीएल का बादशाह



चेन्नई। आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स के बीच खेला गया। इस मैच में हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 114 रनों का लक्ष्य तैयार किया। जवाब में कोलकाता ने 10.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और हैदराबाद को आठ विकेट से हरा दिया। वहीं मिचेल स्टार्क की अगुआई में कोलकाता नाइट राइडर्स की शानदार गेंदबाजी के सामने सनराइजर्स हैदराबाद का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका जिससे टीम रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें चरण के फाइनल में 113 रन पर सिमट गयी।

यह आईपीएल फाइनल में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम का सबसे कम स्कोर भी है। स्टार्क ने नीलामी में मिली रिकॉर्ड राशि को सही साबित करते हुए तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाये। आंद्रे रसेल ने 2.3 ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट जबकि हर्षित राणा ने चार ओवर में एक मेडन से 24 रन देकर दो विकेट झटके। केकेआर ने 2024 चरण में शुरू से शानदार क्रिकेट खेला है और अब यह एकतरफा फाइनल भी उसके 17वें चरण में दबदबे का सबूत है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की शुरूआत अच्छी नहीं रही, उसने पहले दो ओवरों में अपने सलामी बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड (शून्य) के विकेट गंवा दिये जिससे स्कोर दो ओवर में दो विकेट पर छह रन था। लीग चरण की निराशा के सही समय पर वापसी करने वाले स्टार्क ने आसमान पर छाये बादलों की परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया।

(विस्तृत खबर पेज 15 पर)

# अस्पताल में लगी आग से सात नवजात शिशुओं की मौत

### पूर्वी दिल्ली के अस्पताल का मालिक डॉ. नवीन किची गिरफ्तार, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने जताया दुख, उप राज्यपाल ने दिये जांच के आदेश

एजेंसी।





नयी दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य बच्चे झुलस गए। उनका इलाज दूसरे अस्पताल में किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है और झुलसे बच्चों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मामलेकी निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं।

इस बीच अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन किची को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि बेबी केयर न्यू बॉर्न अस्पताल में शनिवार रात करीब 11:30 बजे आग लग गई और जल्द ही यह दो अन्य इमारतों में भी फैल गई।

संभागीय अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र अटवाल ने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 16 गाड़ियों को लगाया गया। दो मंजिला इमारत में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिससे आसपास की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। एक अन्य अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि घटना में दो बुटीक, बगल की इमारत में संचालित इंडसइंड बैंक का एक हिस्सा और भूतल पर स्थित एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा इमारत के बाहर खड़ी एक एम्बुलेंस और एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हुई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने से बच्चों की मौत होने की घटना हृदय विदारक है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार रहे लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भी कहा कि लापरवाही बरतने वाले या गलत काम में लिप्त लोगों को सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार विवेक विहार में आग लगने की घटना में अपने बच्चों को खोने वालों के साथ है और प्रशासन घायलों का उपयुक्त इलाज सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को अस्पताल से निकाला गया लेकिन उनमें से सात की मौत हो गई। गर्ग ने बताया कि पांच शिशुओं का एक अन्य अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उनमें से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## शाहजहांपुर, लखीमपुर में सड़क हादसे, 16 की मौत

जिला संवाददाता



सीतापुर/शाहजहांपुर/लखीमपुर। शाहजहांपुर और लखीमपुर जिले में हुए सड़क हादसों में 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 18 लोग घायल हो गए। शाहजहांपुर जिले में पूर्णागिरि मंदिर दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की बस पर गिट्टियों से भरा डंपर पलट गया जिससे 11 लोगों की मौत हो गयी और 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में लोगों की मौत होने पर शोक संवेदना व्यक्त की। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने रविवार को बताया कि सीतापुर जिले के कमलापुर थाना क्षेत्र में रहने वाले श्रद्धालु शनिवार रात एक निजी बस से पूर्णागिरी मंदिर दर्शन करने के लिए जा रहे थे। बस चालक ने रात में खुटार थाना क्षेत्र के हजियापुर में एक ढाबे पर बस रोकी जिसके बाद कुछ यात्री ढाबे पर खाना खाने चले गए जबकि कुछ लोग बस में ही बैठकर जलपान करने लगे। उन्होंने बताया कि इसी बीच गोला की तरफ से आ रहा गिट्टियों से भरा डंपर अनियंत्रित होकर बस के ऊपर पलट ...शेष पृष्ठ 14 पर

## केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधा

चंडीगढ़। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता, संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने पंजाब के लोगों से आह्वान किया कि वे इनको बचाने के लिए एक बार फिर सबसे आगे रहें। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने कहा कि पंजाब के लोगों ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ी भूमिका निभाई है। फिरोजपुर में व्यापारियों और उद्योगपतियों के साथ एक टाउनहॉल कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल ने कहा, आजादी के लिए अनेक लोगों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। लेकिन आज हमारे देश की स्वतंत्रता, संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। दिल्ली आबकारी नीति मामले में अंतरिम जमानत पर एक जून तक के लिए जेल से बाहर आए केजरीवाल ने पंजाब के लोगों से समर्थन मांगा और कहा कि उन्हें इस देश में संविधान, लोकतंत्र और आजादी को बचाने की लड़ाई में सबसे आगे रहने की जरूरत है। अपनी गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा, आम चुनाव की 16 मार्च को घोषणा हुई और 21 मार्च को उन्होंने मुझे गिरफ्तार कर लिया।

## सपा-कांग्रेस के लिए पाक में मांगी जा रही दुआ

### अच्छे-अच्छे की गर्मी निकालने में एक्सपर्ट हैं सीएम योगी : मोदी

राकेश धर द्विवेदी



देवरिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि पाकिस्तान में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लिए दुआ मांगी जा रही है और सीमा पार से जिहादी इन्हें समर्थन दे रहे हैं।

मोदी रविवार को देवरिया जिले के रुद्रपुर में बांसगांव संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार कमलेश पासवान और देवरिया संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने भाजपा नीत राजग गठबंधन की प्रचंड जीत का दावा करते हुए कहा, कुछ ताकतें हैं जिन्हें भारत की प्रगति से दर्द हो रहा है, वे लोग चार जून को लेकर अलग ही सपने देख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान में सपा, कांग्रेस इंडी (इंडिया) गठबंधन के लिए दुआ पढ़ी जा रही है। सीमा पार से जेहादी इन्हें समर्थन दे रहे हैं। चार जून के बाद भाजपा की गर्मी निकालने के सपा प्रमुख अखिलेश यादव के तंज का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि योगी जी अच्छे-अच्छों की गर्मी निकालने में एक्सपर्ट हैं। मोदी ने बिना नाम लिए फर्रुखाबाद की एक सभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी द्वारा वोट जिहाद की अपील की ओर इशारा करते हुए कहा कि यहां सपा और कांग्रेस वाले वोट जेहाद की अपील कर रहे हैं। इनका मुद्दा देश का विकास नहीं, ये तो भारत को कई दशक पीछे ले जाना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि इनकी जमात कह रही है कि ये सत्ता में आएंगे तो कश्मीर में फिर से अनुच्छेद 370 लगाएंगे। ये बंटवारे के पीड़ितों को फिर से नागरिकता देने वाला सीएए कानून रद्द करेंगे। ये किसका एजेंडा है, ये भारत विरोधी ताकतें चाहती हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमेशा देश की सुरक्षा के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सपा-कांग्रेस को वोट मतलब आतंकवाद को न्यौता

### सुरक्षा, विकास और गरीब कल्याण नहीं कर सकता विपक्ष : योगी

जिला संवाददाता



वाराणसी/गाजीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) को वोट देने का मतलब आतंकवाद को न्यौता देना है।

मुख्यमंत्री ने चंदौली और गाजीपुर लोकसभा सीटों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने चंदौली में आयोजित जनसभा में कहा कि कांग्रेस-सपा के लोग सुरक्षा, विकास, गरीब कल्याण नहीं कर सकते। अयोध्या में राम मंदिर और काशी में विश्वनाथ धाम का निर्माण नहीं कर सकते। आराध्यों के पवित्र स्थलों का सुंदरीकरण भी नहीं कर सकते तो इन समस्याओं को सिर पर ढोने की आवश्यकता नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस समस्या हैं। इनके गठबंधन का मतलब आतंकवाद को आमंत्रित करना है। इनको वोट देने का मतलब माफियाराज को हावी करना, हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़, गरीबों के हक पर डकैती और विकास कार्यों में रुकावटें लगाना। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन अनर्थकारी है। दो लड़कों की जोड़ी जब भी मिली है तो अनर्थ किया है। कांग्रेस और सपा के घोषणा पत्र को देखकर आप कहेंगे कि यह पाकिस्तान परस्त घोषणा पत्र है। यह सत्ता में आने पर पिछड़ी, अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण को मुसलमानों को दे देंगे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत इसमें सेंध नहीं लगा पाएगी। कांग्रेस और सपा गठबंधन विरासत टैक्स लगाने की बात करता है। यह टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। संपत्ति का सर्वे कराकर यह लोग पुश्तैनी सम्पत्ति ...शेष पृष्ठ 14 पर

# राहुल-अखिलेश ने पीएम पर साधा निशाना

### मोदी ने हिमाचल को नहीं दी आपदा राहत: राहुल



शिमला। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 साल में 22 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफ कर दिया, लेकिन वह पिछले साल मॉनसून में बारिश के कारण आई आपदा से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को 9,000 करोड़ रुपये नहीं दे सके। हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के नाहन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि प्रदेश की मदद करने के बजाय मोदी ने राज्य की चुनी हुई सरकार को कब्जाने की कोशिश की।

उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का कांग्रेस सरकार द्वारा अनुचित वितरण किए जाने का आरोप लगाया था और इसके खिलाफ कार्वाई करने का वादा किया था। शिमला (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में नाहन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मोदी ने सेब की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सभी भंडारण सुविधाओं को एक व्यक्ति को सौंप दिया। यह संदर्भ स्पष्ट रूप से उद्योगपति गौतम अडाणी की ओर था, जिनकी कंपनी के पास राज्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

### हार देखकर प्रधानमंत्री की ज़बान लड़खड़ायी: अखिलेश



बलिया (उप्र)। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह एहसास हो गया है कि भाजपा केंद्र में सत्ता बरकरार नहीं रख पाएगी जिस वजह से उन्होंने आत्मविश्वास खो दिया है और भाषणों में उनकी ज़बान लड़खड़ा रही है।

यहां बेल्थरा रोड में सलेमपुर संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रमाशंकर विद्यार्थी के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यादव ने सेना में भर्ती की अग्निवीर योजना को खत्म करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि चार जून एक ऐतिहासिक दिन होगा। जलवायु परिवर्तन के साथ, राजनीतिक परिवर्तन भी होगा। मंत्रिमंडल और मीडिया मंडल दोनों बदल जाएंगे। यादव ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि भाजपा की हालत देखकर प्रधानमंत्री मोदी की ज़बान लड़खड़ा रही है। यादव ने कहा कि जब आत्मविश्वास खो जाता है तो ज़बान लड़खड़ा जाती है। उन्हें एहसास हो गया है कि उनकी सरकार जा रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू हुई जीत की लहर सातवें चरण में पहुंच गई है। 400 पार का नारा देने वालों की हार होने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति लोगों का गुस्सा चरम पर है। यादव ने कहा कि वह (भाजपा) गुस्से का सामना नहीं कर सकती। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रेमल भीषण तूफान में तब्दील बंगाल के तट पर देगा दस्तक

कोलकाता/नयी दिल्ली। चक्रवात रेमल भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है और इसके रविवार आधी रात तक बांग्लादेश एवं पश्चिम बंगाल के तटों पर दस्तक देने का अनुमान है। मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी।

विभाग ने बताया कि रेमल के तटों पर पहुंचने पर 110 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और उनका वेग 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगा। चक्रवात के कारण पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा और कोलकाता एवं आसपास के क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है। मौसम कार्यालय ने बताया कि रेमल उत्तर की ओर बढ़ रहा है और रविवार आधी रात तक मोंगला बंदरगाह के दक्षिण-पश्चिम के निकट सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल) और खेपुपारा (बांग्लादेश) के बीच तटों को पार करने से पहले इसके और तेज होने की संभावना है। चक्रवात को देखते हुए पूर्वी और दक्षिण पूर्वी रेलवे ने एहतियात के तौर पर दक्षिण और उत्तर 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर जिले के तटीय जिलों में कई ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी हैं। कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों ने चक्रवात रेमल के संभावित प्रभाव के कारण रविवार दोपहर से 21 घंटे के लिए उड़ान संचालन निलंबित करने का फैसला किया है। इससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें ...शेष पृष्ठ 14 पर




# अनुप्रिया की राह आसान नहीं, जातीय चक्रव्यूह में फंसी सीट

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मिर्जापुर लोकसभा सीट पर लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में एक जून को वोट डाले जाएंगे। एनडीए के घटक दल अपना दल एस की अनुप्रिया पटेल लगातार तीसरी बार इस सीट से चुनाव लड़ रही हैं। वह यहां से पिछले दो लोकसभा चुनाव जीत चुकी हैं। इस बार अनुप्रिया पटेला का मुकाबला भदोही से बीजेपी के टिकट पर सांसद बने रमेश बिंद से है। वह सपा के सिंबल पर चनाव लड़ रहे हैं। मिर्जापुर लोकसभा सीट पर बसपा ने ब्राह्मण समुदाय से आने वाले मनीष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है।

- **मिर्जापुर लोकसभा:-इस बार तीनों प्रमुख जातियों के उम्मीदवार चुनावी मैदान में**

उत्तर प्रदेश की मिर्जापुर लोकसभा सीट इस बार जातीय चक्रव्यूह में फंसती हुई नजर आ रही है। मिर्जापुर लोकसभा सीट पर इस बार एनडीए के अलावा सपा और बसपा ने जातीय समीकरण को देखते हुए उम्मीदवार उतारा है। मिर्जापुर में पटेल, बिंद और ब्राह्मण जाति का प्रभुत्व लोकसभा सीट पर है। इस बार तीनों प्रमुख जातियों के उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। जिले में सबसे ज्यादा पटेल मतदाता है। पटेल के बाद ब्राह्मण और बिंद मतदाता है। चुनावी मैदान में तीनों जातियों से आने वाले उम्मीदवार है। इससे मिर्जापुर की लड़ाई त्रिकोणीय हो गई है। यह सीट बाहरी प्रत्याशियों के लिए मुफीद रही है। पिछले चालीस वर्षों से बाहरी प्रत्याशी इस सीट का संसद में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 1984 में कांग्रेस के उमाकांत मिश्र के बाद स्थानीय किसी उम्मीदवार को सफलता नही मिली।

इससे पहले दस्यु सुंदरी फूलन देवी का मिर्जापुर से चुनाव जीतना भी कम चर्चा में नही रहा था। इस सीट से समाजवादी पार्टी उम्मीदवार के रूप में दो बार ( 1996 व 1999 ) फूलन देवी ने जीत दर्ज कर चर्चा का विषय बन गई थी। उनकी बहन मुन्नी देवी फूलन देवी के विरासत संभालने के लिए यहां से चुनाव लड़ा लेकिन जनता ने नकार दिया।

लोकसभा चुनाव 2009 में दस्यु ददुआ के भाई बालकुमार पटेल भी सपा उम्मीदवार के रूप में विजयी हो चुके हैं। दस्यु सुंदरी सीमा परिहार ने भी यहां चुनावी भाग्य आजमाया था। हालांकि जनता ने उन्हें प्रतिनिधित्व का अवसर नहीं दिया। सीमा को हार का सामना करना पड़ा था। इस सीट पर बलिया जिले के निवासी बीरेंद्र सिंह मस्त ने भाजपा उम्मीदवार के रूप में दो बार ( 1991 व 1998 ) जीत दर्ज कर चुके हैं। फूलन देवी ने मस्त को ही हराया था। वीरेंद्र सिंह ने 1998 फूलन को हराकर बदला लिया। अगले चुनाव में फिर फूलन देवी ने वीरेंद्र सिंह मस्त को हरा दिया। इसी बीच फूलन की हत्या हो गई। फिर वीरेंद्र सिंह और फूलन आमने-सामने नहीं आ सके।

फूलन देवी और ददुआ के भाई बालकुमार पटेल से मिर्जापुर सीट चर्चा में रही तो सोनभद्र जिले से यहां आकर 2004 में बसपा से सांसद बने नरेंद्र सिंह कुशवाहा घूस कांड में फंस कर अपनी सदस्यता गंवा बैठे थे। उन दिनों घूस कांड काफी चर्चाओ में रहा था। मिर्जापुर लोकसभा सीट पर मुकाबला सपा और अपना दल के बीच ही प्रतीत हो रहा है। यहां सपा उम्मीदवार द्वारा बाहरी प्रत्याशी का मुद्दा उछाला जा रहा है। देखना है कि यह मुद्दा कितना असर करता है।

2014 में मोदी लहर में एंट्री करने वाली अनुप्रिया मिर्जापुर को अपना अभेद किला बनाना चाह रही है। 2024 में समाजवादी पार्टी ने अनुप्रिया के अभेद किले को भेदने के लिए राजेंद्र एस बिंद को समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। यादव और मुस्लिम के साथ बिंद मतदाता समाजवादी पार्टी के समीकरण को मजबूत बना रहे हैं।

**बसपा ने ब्राह्मण पर लगाया है दांव :** बहुजन समाज पार्टी ने जातीय चक्रव्यूह को भेदने के लिए मनीष त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है। मनीष त्रिपाठी चुनावी मैदान में जोर आजमाइश कर रहे हैं। बसपा ने मनीष त्रिपाठी को प्रत्याशी इसलिए बनाया है, ताकि दलित के साथ ब्राह्मण वोटबैंक जुड़ सके। अगर बसपा का दांव सटीक रहा तो लड़ाई त्रिकोणीय हो सकती है। 2007 के समीकरण बसपा ने दोहराया है। बिल्ली के भाग्य से सिकहर टूटने की ख़्वाइस में बसपा के उम्मीदवार है।

**अनुप्रिया पटेल से लड़ेंगे सभी उम्मीदवार :** राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि मिर्जापुर लोकसभा सीट पर लड़ाई त्रिकोणीय है। हालांकि सभी उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल से ही लड़ रहे हैं। अनुप्रिया पटेल दो बार से सांसद है। इस बार जो भी उम्मीदवार लड़ेगा, जो सिर्फ अनुप्रिया पटेल से लड़ेगा। हालांकि इस बार अनुप्रिया पटेल की राहें आसान नहीं होने वाली है। क्योकि ब्राह्मण और बिंद वोटबैंक में सेंधमारी होगी। 2022 विधानसभा में यह वोटबैंक एनडीए के साथ था। इसलिए मिर्जापुर की लड़ाई बेहद दिलचस्प है और त्रिकोणीय लड़ाई है।

**जातीय समीकरण :** मिर्जापुर जिले में सबसे ज्यादा 2 लाख 50 हजार पटेल मतदाता है। दूसरे स्थान पर दलित है, जिनकी संख्या एक लाख 95 हजार है। एक लाख 60 हजार ब्राह्मण मतदाता और एक लाख 40 हजार बिंद वोटर है। वहीं, एक लाख 29 हजार मुस्लिम, एक लाख 30 हजार वैश्य मतदाता चुनावी रुख को तय करते है। एक लाख के करीब मौर्या, कुशवाहा और सैनी मतदाता है। इस बार इनकी भूमिका भी अहम है।

## ...सियासी करवट

### आरोपों का कोई स्थायी भाव नहीं

आरोपों का कोई स्थायी भाव नहीं होता। आरोप परिस्थितिजन्य होते हैं। सुविधा के संतुलन पर आधारित होते हैं। हम जिसे नहीं चाहते, उसकी राई यानी कि सरसों के बराबर दोष की भी आलोचना करते हैं और जिसे चाहते हैं, उसकी बिल्व से बड़ी बुराइयों को भी नजरंदाज कर देते हैं। चुनाव के दौर में वैसे भी आलोचना और प्रशंसा आम बात है। विपक्षी दलों को लगता है कि देश में कुछ भी ठीक नहीं हो रहा है। देश की आजादी, लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। वह इसलिए कि देश में भाजपा की सरकार है। कभी देश में इंदिरा गांधी की सरकार के खिलाफ कुछ इसी तरह का माहौल था। उन्हें तो विपक्ष के आरोपों से आजिज आकर देश में आपातकाल तक लगाना पड़ा था। आज वे सारे दल आजादी पर खतरा बता रहे हैं। इंदिरा गांधी के कार्यकाल में नेताओं और आमजन को बोलने की कितनी आजादी थी, यह किसी से छिपा नहीं है। मीसामें जेल जाने की वजह से लालू प्रसाद ने तो अपनी बेटी का नाम ही मीसा रख दिया था। यह अपने तरह का विरोध था। कल तो जो दल कांग्रेस की आलोचना कर रहे थे। चुनाव में अगर वे कांग्रेस के साथ हैं तो इसके अपने निहितार्थ हैं। राजनीति और युद्ध में शत्रु ता और दोस्ती का कोई स्थायी भावनहीं होता। यहां शत्रु का शत्रु मित्र होता है। वैसे भी एकाध दल ऐसे भी हैं जो मतदाताओं को गुलाब का फूल देकर वोट मांगने की गांधीगिरी कर रहे हैं। आजादी खतरे में हैं, यह आरोप सही हो सकता है लेकिन जो लोग इस तरह का आरोप लगा रहे हैं, वे आजादी का अर्थ जानते भी हैं या नहीं, विचार तो इस पर भी होना चाहिए। जो खुद जमानत पर हों, अगर वे भी अदालत और पुलिस की भूमिका पर अंगुली उठा रहे हैं तो यह सोच-विचार का विषय है। सरकार जनता के लिए होती है लेकिन अगर वह अराजक तरीके से काम करने लगे और तिस पर तुर्रा यह कि उस पर कोई रोक-टोक न लगाए, हस्तक्षेप न करे तो इससे किस तरह का लोकतंत्र विकसित होगा और जनता-जनार्दन के कितने काम का होगा। स्वतंत्रता और स्वच्छंदता का फर्क तो समझा ही जाना चाहिए। लोकतंत्र में आंदोलन होते रहना चाहिए लेकिन आंदोलन का कोई ठोस और माकूल आधार तो हो। आसमान गिर रहा है, यह सुनकर ही भागने लगना और आसमान की ओर देखना भी नहीं कितना न्याय संगत है? विडंबना दस बात की है कि आजकल विपक्षी दल सार्थक विरोध के बजाय विरोध के लिए विरोध कर रहे हैं। यह देश इसकी इजाजत हरगिज नहीं देता। चार जून को क्या होगा, यह मतगणना के बाद तय होगा लेकिन इसके लिए उतावलेपन में कुछ ऐसा न किया जाए कि भविष्य में जब एक दूसरे से नजर मिले तो शर्मिंदगी उठानी पड़े। देश सबका है। जनता संप्रभु हैं। वह किसे सिर आंखों पर बैठाएगी और किसे चित्त से गिराएगी, यह उसका विवेकाधिकार है, उसके विवेक पर अंगुली उठाना बिल्कुल भी उचित नहीं है। कौन किसकी गर्मी निकालेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं। सतही आरोप लगाना और जनता को गुमराह कर अपना उल्लू सीधा करना राजनीतिक दलों का शगल रहा है। आजादी के बाद से यह खेल चल रहा है। कुछ राजनीतिक दल खेला करने के दावे करते रहते हैं लेकिन इसके लिए जरूरी है कि वे जनता का खेल समझें।


सियाराम पांडेय 'शांत'

## नेताजी कहिन

### हर घर तक परिवार पर्ची पहुचायें कार्यकर्ता : धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने रविवार को गाजीपुर तथा मऊ में घोसी लोकसभा की संचालन समिति, लोकसभा के संयोजक व प्रभारी, विधानसभा संचालन समिति, विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ संवाद किया।



प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। आगामी दिनों में चुनाव की रणनीति को बूथ केंद्रित करते हुए हर घर तक परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा मोदी का पत्र पहुंचाने का काम करना है। कुशल बूथ प्रबंधन से बूथ स्तर पर विजय की रणनीति के तहत काम करते हुए अभियान चलाकर अवश्य मतदान और भाजपा के लिए मतदान का आग्रह प्रत्येक मतदाता से करना है। श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि कुशल बूथ प्रबंधन से ही बूथ विजय का लक्ष्य प्राप्त होता है और बूथ प्रबंधन का आधार बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख है। प्रदेश महामंत्री ( संगठन ) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर मजबूत व्यूह रचना तैयार करके हमें तय करना है कि अधिक से अधिक मतदाता मतदान केन्द्र तक पहुंचे। इसके साथ फर्जी मतदान रोकने के लिए भी सजग रहना है। चुनाव को.बडे.अन्तर से जीतने के लिए हमें मतदान पूर्ण होने तक परिश्रम के साथ कार्य करना है और मतदान सम्पन्न होने तक बूथ पर डटे रहना है। भाजपा अबकी बार 400 पार और उत्तर प्रदेश में 80 अबकी बार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता किसी भी लक्ष्य को अपने परिश्रम से प्राप्त करने में सक्षम है। वैभवशाली राष्ट्र निर्माण के संकल्प की सिद्धि के लिए भाजपा कार्यकर्ता अह्निश कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ रहे है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि देशवासियों की आर्थिक उन्नति तथा विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए भाजपा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए केन्द्र में भाजपा की सरकार आवश्यक है और सरकार बनाने के लिए प्रत्येक चुनाव जीतना आवश्यक है। चुनाव जीतने के लिए हमें प्रत्येक बूथ पर विजय प्राप्त करना है और हर बूथ पर पिछले चुनाव से 370 अधिक वोटों को भाजपा से जोड़ना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की योजनाओं व ऐतिहासिक निर्णयों तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की योजनाओं को प्रत्येक घर तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक व सामरिक रूप से मजबूत हुआ है।

# भाजपा का 400 पार यानी संविधान और आरक्षण पर वार : पवन खेड़ा

## वाराणसी में पत्रकारवार्ता में खेड़ा ने कहा कि हार की हताशा में मोदी पद की गरिमा और मर्यादा दोनों भूले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**वाराणसी/लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने वाराणसी में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अजय राय के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुझे काशी के कोतवाल और भगवान विश्वनाथ के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि मैं 19 राज्यों में चुनाव प्रचार करते हुए यहां आया हूं और समूचे देश में बदलाव की आंधी चल रही है और इंडिया गठबंधन को हर राज्य में जनता का बहुत बड़ा प्रतिसाध मिल रहा है। वाराणसी के लोगों से एक लाइन में कहना चाहता हूं कि तुम्ही ने दर्द दिया है, तुम्ही दवा देना, जिसको आपने दो बार जिताया है, अब आप उसको हराकर गुजरात भेज देना। मोदी ने काशीवासियों को झूठ बोलकर धोखा दिया है। काशी एक ऐसी नगरी है जहां कोई भी आकर भगवान शिव की शरण में अपने को समर्पित कर सभी दोष छोड़ देता है लेकिन मोदी ने काशी के लोगों से भी झूठ बोला। पवन खेड़ा ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री हार की हताशा में इतना ज्यादा अपने स्तर और गरिमा को घटा रहे है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। कांग्रेस का इतिहास वाराणसी में बड़ा स्वर्णिम रहा है, पंडित कमलापति त्रिपाठी के नाम और उनकी सिद्धांत की कहानियां सुनते-सुनते हम बड़े हुए लेकिन देश के किसी प्रधानमंत्री का स्तर इतना गिरते हुए नहीं सुना जिसमें विपक्ष के लिए मुजरा जैसे शब्द का इस्तेमाल हो। खेड़ा ने कहा की प्रधानमंत्री बीमार नहीं है तो क्या हैं? अगर बीमार हैं तो इलाज करायें और थक गये हैं तो आराम करें। गुजरात वापस जायें, भारत की राजनीति में कीचड़ क्यों फैला रहे हैं? अब कमल नहीं खिलने वाला, चाहें जितना कीचड़ फैलाओ। उन्होंने कहा कि जब 272 पर सरकार बन सकती है तो भाजपा को 400 की आवश्यकता क्यों है? उसका कारण साफ है संविधान बदलने की मंशा है और ये हम नही कह रहे ये भाजपा के लोग बोल रहे राजस्थान की उप मुख्यमंत्री, दीया कुमारी, ज्योति मिर्धा उत्तर प्रदेश से अरुण गोविल, अनंत हेगड़े बोल चुके हैं कि उन्हें 400 पार संविधान बदलने के लिए चाहिए तो संशय कहां रह जाता है? बात साफ है संविधान पर इनकी नीयत खराब है, ये संविधान बदलने के लिए आतुर हैं। इंडिया गठबंधन को 6 चरणों के चुनाव में 272 सीट पर विजय मिल चुकी हैं अब इसके ऊपर जितनी सीट मिले वह बोनस होगी। उन्होंने वाराणसी में आओ तो भारत की सभ्यता और संस्कृति के पूरे दर्शन हो जाते हैं और इस पावन भूमि के प्रतिनिधि के मुंह से ऐसे शब्द सुनकर आज देश और वाराणसी दोनों शर्मसार हो रहे हैं। कभी कहते हैं कांग्रेस के लोग मंगलसूत्र छीन लेंगे, भैंस छीन लेंगे, कभी हिन्दू मुसलमान पर उतर आते हैं कभी विपक्षी दलों से कहते हैं मुजरा कर लो, यह सब क्या है? वाराणसी के एक-एक वोटर का अपमान यहां का प्रतिनिधि कर रहा है। प्रेस वार्ता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, मीडिया विभाग चेयरमैन पवन खेड़ा के साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, मीडिया कोर्डिनेटर गरिमा दसौनी, मीडिया चेयरमैन डा सीपी राय, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रवक्ता संजीव सिंह, शुचि विश्वास, डा सतीश राय, प्रवक्ता शैलेंद्र और जिला प्रवक्ता नृपेंद्र नारायण सिंह मौजूद रहे।

# सातवें चरण में कई दिग्गजों की सीटों पर सबकी नजर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में आखिरी चरण का चुनाव दिग्गज नेताओं के रणनीतिक कौशल व लोकप्रियता के इम्तहान का सबब बन रहा है। इनमें कुछ तो चुनाव मैदान के बाहर से ही दांवपेंच चल कर अपनों को विजयी बनाने में जुटे हैं, तो वहीं मैदान के महारथी भी एड़ी चोटी जोर लगाए हैं। वाराणसी में भी इसी आखिरी चरण में मतदान होना है जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। यूपी का सातवां व आखिरी चरण का चुनाव अब तक के सबसे रोचक दौर से गुजरने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार वाराणसी चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री के मामले में वाराणसी से पहले यह गौरव लखनऊ व फूलपुर को मिला। प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू फूलपुर से लगातार तीन बार चुनाव लड़े और जीते। अटल बिहारी वाजपेयी लखनऊ से लगातार पांच बार चुनाव लड़कर जीते। भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की सूची में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम घोषित किया था। अब सारे देश की निगाहें इस संसदीय सीट पर लगी हैं। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल मिर्जापुर से तीसरी बार चुनाव लड़ रही हैं। अपना दल सोनेलाल की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को सहयोगी दल भाजपा से एक सीट राबर्टसगंज सीट भी मिली है। उन्हें खुद अपनी सीट तीसरी बार जीतने के लिए इम्तहान देना है तो दूसरी सीट भी जीताने की जिम्मेदारी भी है। उन्हें तमाम तरह की भीतरी व बाहरी चुनौतियों से भी जूझना पड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय भी अपनी जीत के सिलसिले को बनाए रखने की जद्दोजहद में लगे हैं। उन पर अपनी जीत की हैट्रिक बनाए रखने की चुनौती है। प्रियंका गांधी व ओम प्रकाश राजभर व रघुराज प्रताप सिंह समेत कई नेता चुनाव मैदान से बाहर हैं लेकिन अपनों को जिताने में उनके रणनीतिक कौशल का इम्तहान भी सातवें चरण में है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी इस बार पूर्वांचल की तमाम सीटों पर सघन प्रचार अभियान चला रही हैं। गठबंधन के साथी सपा के साथ उन्होंने वाराणसी में अपने प्रत्याशी अजय राय के समर्थन में रोड शो कर विपक्षी गठबंधन की मौजूदगी जताने की कोशिश की है। रायबरेली व अमेठी के अलावा वह यूपी के बाकी हिस्सो में भी रैलियां व रोड शो उन्होंने किए हैं। अब उनका पूरा फोकस आखिरी चरण की सीटों पर है। वहीं योगी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर के लिए घोसी सीट का चुनाव प्रतिष्ठा का सवाल बना है। अपने बेटे अरविंद राजभर को जिताने के लिए उन्होंने एड़ी चोटी जोर लगा रखा है। रघुराज प्रताप सिंह ने अपने इलाके से बाहर अब मिर्जापुर में भी अपनी सियासी धमक सुनाने की तैयारी की है। अनुप्रिया पटेल से सियासी विवाद के बीच उन्होंने मिजार्पुर में सपा कांग्रेस गठबंधन को समर्थन दे दिया है। मुख्तार अंसारी के निधन के बाद उससे उपजी सहानुभूति का लाभ घोसी, गाजीपुर व बलिया तक पड़ सकता है। इसी असर की उम्मीद में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उत्साहित हैं। गाजीपुर में मुख्तार के भाई अफजाल अंसारी खुद ही प्रत्याशी हैं तो राजीव राय घोसी में सपा से चुनाव लड़ रहे हैं। बलिया से सपा के सनातन पांडेय को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद है।

- **रोचक होगा अंतिम चरण का रण, महारथियों ने लगाया एड़ी-चोटी का जोर**



# अंतिम चरण में भाजपा पर 2014 का प्रदर्शन दोहराने का दबाव

## भाजपा का 2014 में 12 सीटों पर था कब्जा, एक सहयोगी दल ने की थी हासिल, इस बार चुनौती अधिक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी में छठे चरण के चुनाव का मतदान सम्पन्न हो चुका है। अब अंतिम सातवें चरण के चुनाव में भाजपा पर 2014 के उसके अपने प्रदर्शन को दोहराने का भारी दबाव है। अंतिम चरण में यूपी में कुल 13 लोकसभा सीटें हैं जहां पहली जून को चुनाव है। इन 13 सीटों में से 2014 के चुनाव में भाजपा ने 12 सीटें जीत ली थी जबकि शेष बची एक सीट पर भाजपा के ही सहयोगी अपना दल ने कब्जा किया था। इस प्रकार से 2014 में अंतिम चरण की 13 में से 13 सीटें भाजपा गठबंधन के पाले में गया था। हालांकि भाजपा अपना यह प्रदर्शन 2019 के चुनाव में दोहरा नहीं सकी और उसे कम सीटों से ही संतोष करना पड़ा। 2019 के चुनाव में इन 13 लोकसभा सीटों में से भाजपा गठबंधन को 11 सीटें ही हासिल हो सकी थी। इसमें नौ सीटें भाजपा को मिली थी जबकि दो सीट भाजपा की सहयोगी अपना दल ( एस ) के पाले में गया था। शेष बची दो सीट बसपा ने भाजपा से छीन ली थी। ये सीटें थीं घोसी और गाजीपुर। भाजपा के सामने इन दोनों सीटों को फिर से हासिल करने का बड़ा दबाव है। सातवें चरण के इन 13 सीटों के अन्तर्गत विधानसभा की कुल 65 सीटें आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में इन 65 सीटों में से भाजपा ने 43 सीटें जीत ली थी जो इन सीटों का 66.15 प्रतिशत है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में हुई 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिस प्रकार से भारी सफलता मिली उससे लबरेज पार्टी एक बार फिर से सभी 13 सीटें हासिल करने के लिए पूरी ताकत लगा दी है। आलम यह है कि 23 मई को छठे चरण का चुनाव प्रचार समाप्त होते ही भाजपा के सारे शीर्ष नेताओं का फोकस अंतिम चरण के इन्हीं सीटों पर केन्द्रित हो गई है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को घोसी में रैली कर चुके हैं और अगले तीन दिनों के भीतर उनकी मिर्जापुर, मऊ एवं देवरिया में बड़ी रैलियां प्रस्तावित है। इसी प्रकार से पार्टी के शीर्ष नेता मसलन अमित शाह, जेपी नड्डा तथा यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अनेक बड़े नेताओं की लगातार कई रैलियां व सभायें इन सीटों पर बारी-बारी से हो रही है।

**विधानसभा चुनाव परिणाम में प्रदेश में भाजपा की स्थिति**

**विधान सभा चुनाव 2022**

भाजपा को प्राप्त स्थान 255 प्राप्त मत प्रतिशत 44.15

**विधानसभा सभा चुनाव 2017**

भाजपा को प्राप्त स्थान 312 प्राप्त मत प्रतिशत 41.57

**उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 प्राप्त मत प्रतिशत**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 44.15 |
| बसपा | 12.88 |
| कांग्रेस | 2.36 |
| सपा | 37.25 |

**उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2017 में प्राप्त मत प्रतिशत**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 41.57 |
| बसपा | 22.23 |
| कांग्रेस | 22.09 |
| सपा | 28.32 |

### अंतिम चरण की कुल संसदीय सीट-13

**पिछले तीन चुनावों में यूपी में भाजपा को हासिल सीटों की स्थिति**

| चुनाव वर्ष | भाजपा को प्राप्त सीट | भाजपा को हासिल मत |
|---|---|---|
| 2019 | 62 | 49.98 |
| 2014 | 71 | 42.63 |
| 2009 | 10 | 17.5 |

**पिछले तीन लोकसभा चुनावों में अंतिम चरण की 13 सीटों की दलवार जीत की स्थिति**

| दल के नाम | 2019 | 2014 | 2009 |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 9 | 12 | 3 |
| बसपा | 2 | 00 | 3 |
| अदल | 2 | 1 | 00 |
| सपा | 00 | 00 | 05 |
| कांग्रेस | 00 | 00 | 02 |
| कुल | 13 | 13 | 13 |

# ...जब अटल बिहारी वाजपेयी की जमानत जब्त हो गई

## चुनावी किस्से

भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा की लोकसभा सीट का मिजाज भी उन्हीं की तरह चंचल रहा है। कभी यह धारा के साथ चली तो कभी धारा के विपरीत बही। बड़े नामों को संसद भेजा लेकिन कई बार ऐसे लोगों को निराश भी किया। मथुरा सीट दिलदार रही है। बाहरियों को भी मौका दिया अपना प्रतिनिधित्व करने का। चाहे वह मौजूदा सांसद हेमामालिनी हों या उनसे पहले जयंत चौधरी। मनीराम बागड़ी तो इतिहास में दर्ज हैं। आजाद भारत में जब पहली बार लोकसभा चुनाव हुए तो इस सीट ने धारा के विपरीत चलने का अपना परिचय दिया। देश में कांग्रेस ही कांग्रेस थी, लेकिन जब चुनाव हुए तो यहां से कांग्रेस नहीं बल्कि निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर राजा गिरराज शरण सिंह जीते। इसके अगले चुनाव में भी यही हुआ। उसका किस्सा तो और भी दिलचस्प है। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने यहां से पर्चा भरा था। जनसंघ के टिकट पर वह दावेदारी कर रहे थे। लोगों को उम्मीद थी कि कांग्रेस नहीं तो जनसंघ के लिए लोग अपना प्यार दिखाएंगे। लेकिन हुआ उल्टा। एक बार फिर सीट निर्दलीय उम्मीदवार राजा महेंद्र प्रताप के खाते में गई। अटल बिहारी वाजपेयी की जमानत जब्त हो गई। उन्हें कुल जमा दस प्रतिशत वोट मिले थे। मथुरा को शुरूआती दौर से ही जाट बहुल सीट माना जाता है। इसकी सच्चाई यूं भी समझी जा सकती है कि अबतक चुने गए 17 सांसदों में से 14 जाट समुदाय से आते हैं। हालांकि एक और सच्चाई यह भी है कि जाट बिरादरी का प्रतिनिधित्व करने वाली आरएलडी कभी इसे अपना किला नहीं बना सकी। यह बात और है कि यहां से 2009 में जयंत चौधरी सांसद चुने गए थे। हालांकि, तब आरएलडी भाजपा के साथ गठबंधन में थी और यह सीट उसी गठबंधन की वजह से आरएलडी के खाते में आई थी। इस सीट से चौधरी चरण सिंह की बेटी ज्ञानवती भी चुनाव लड़ चुकी हैं, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया था।

# इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की बेशकीमती जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण

विशेष संवाददाता (vol)

- 2007 में भी फर्जी एनओसी से पास कराया गया था नक्शा
- सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से संचालित हो रहा अस्पताल

**लखनऊ।** शहर में इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की अरबों की सम्पत्ति पर अवैध कब्जेदारों ने कब्जा जमा रखा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों व इंजीनियरों की मिलीभगत से सरकारी जमीनों पर कुंडली मारे बैठे हैं। प्राधिकरण ने इंडस्ट्रियल एरिया इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट जमीन पर फर्जी तरीक से नक्शा पास कर दिया। जांच में खुलासा होने पर नक्शा निरस्त किया गया। मगर जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई। कब्जेदारों को फायदा पहुंचाने की नियत से शमन मानचित्र के लिए आवेदन करा दिया गया। 16 साल पहले के इस मामले की जांच अलमारियों में बंद कर दी गई। अब ट्रस्ट की बेशकीमत जमीन पर फिर अवैध निर्माण कराया जा रहा है। सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से अस्पताल संचालित किया जा रहा है।

थाना बाजारखाला नंदाखेड़ा, तुलसीदास मार्ग ऐशबाग इंडस्ट्रियल एरिया में लखनऊ इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की बेशकीमतें जमीन हैं। एलडीए से मिली जानकारी के मुताबिक अरूणा यादव ने जिस भूखण्ड संख्या 350/110क को निजी सम्पत्ति बताकर 29 सितंबर 2007 को प्राधिकरण से नक्शा पास कराया था। उसके लिए ट्रस्ट की तरफ से फर्जी अनापत्ति जारी की गई थी। असल में प्राधिकरण के तत्कालीन अफसरों, इंजीनियरों व कर्मचारियों ने जिस भूखण्ड संख्या-5 पर एनओसी जारी की थी, वह इम्प्रवूमेंट ट्रस्ट की संपत्ति है। इस भूखण्ड संख्या के क्षेत्रफल 14 हजार वर्ग फुट के अंशभाग पर फर्जी तरीके से एनओसी दे दी गई। अरूणा यादव ने स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण भी कराया। नोटिस जारी होने पर शमन मानचित्र के लिए आवेदन कर दिया। जोन दो के तत्कालीन अधिशासी अभियंता ने शमन मानचित्र के आवेदन के निस्तारण के लिए पूर्व में जारी की गई अनापत्ति की जांच रिपोर्ट मांग ली। इस मामले में तत्कालीन नजूल अधिकारी नंद लाल सिंह की ओर से मूल पत्रावली की जांच के निर्देश दिए। इसके बाद तत्कालीन नायाब तहसीलदार शरद पाल की जांच में खुलासा हुआ कि अरूणा यादव को फर्जी तरीके से ट्रस्ट के भूखण्ड संख्या 5 पर अनापत्ति दे दी गई। इस पर तत्कालीन सचिव ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही अरूणा यादव के अवैध तरीके से पास कराए गए नक्शे को निरस्त कराने व कार्रवाई के निर्देश नजूल अधिकारी को दिए थे। मगर सम्बंधित के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। अलबत्ता यहां अवतार नाम से अस्पताल का निर्माण कर संचालन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अब अस्पताल संचालक की ओर से ट्रस्ट के भूखण्ड संख्या-5 के एक हिस्से पर फिर से अवैध निर्माण शुरू कर दिया गया है। इस मामले में जब एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल नंबर बंद आ रहा था।



**लीज खत्म होने के बाद भी काबिज हैं लोग :** ऐशबाग, राजेंद्र नगर, मवैया, निरालानगर और हजरतगंज समेत कई इलाकों में एलडीए की इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की अरबों की सम्पत्तियां हैं। एलडीए ने बरसों पहले ये सम्पत्तियां लीज पर दी थीं। इन पर काबिज ज्यादातर लोग लीज खत्म होने के बाद भी काबिज हैं। कई लोग इनका व्यावसायिक इस्तेमाल भी कर रहे हैं। इसी कारण प्रमुख सचिव आवास ने इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की सम्पत्तियों का ब्योरा मांगा है।

**मिलीभगत से काबिज हैं अवैध कब्जेदार :** एलडीए के कर्मचारियों के अनुसार इंजीनियरों और बाबुओं की मिलीभगत से ही लीज खत्म होने के बाद भी इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की सम्पत्तियों पर लोग काबिज हैं। कई ने फर्जी तरीके से नक्शा पास कर निर्माण करा लिया।

**यह है इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट :** आजादी से पहले जो जमीनें लीज पर दी गई थीं, वो इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के अंदर आती हैं। इन जमीनों का स्वामित्व अब एलडीए के पास है।

# बस जलने के मामले में फोरमैन निलंबित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गर्मी का पारा 43 डिग्री से भी ज्यादा दिन में हो रहा है जिससे बिजली से लेकर बसों मे भी आग लगने की संम्भावना बढ़ जा रही है। ऐसे में बीते दिनो सड़क पर एसी बस धू-धू कर जल गयी। जिसको परिवहन विभाग ने संज्ञान में लेते हुए फोरमैन को निलंबित कर दिया। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बस में लगातार आग लगने की घटना को मुख्यालय ने संज्ञान में लिया है। दरअसल, 26 मई रविवार की सुबह रोडवेज बस के जलने की सूचना कंट्रोल रूम को मिली। इस बीच बस खैर से आगे सोफा नहर के पास पहुंचते ही उसमें अचानक आग लग गई। यह बस बुद्ध विहार डिपो की बस संख्या यूपी 87 टी 1966 है, जोकि अलीगढ़ से बल्लभगढ़ की तरफ यात्री लेकर जा रही थी। इंजन से आग अभी भड़कती कि ड्राइवर ने बस रोककर सभी यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतार दिया। इस पूरे मामले को निगम मुख्यालय के अफसरों ने संज्ञान में लेकर बस में आग लगने के कारण की जांच अलीगढ़ के सेवा प्रबंधक को सौंपी गई है। जांच को 15 दिन में पूरा कर मुख्यालय को सौपना है।



# व्यापारियों की समस्याओं पर आवाज करें बुलंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ इकाई से जुड़े पदाधिकारियों ने शहीद एवं समर्पण दिवस के मौके पर व्यापारी आंदोलन में शहीद हुए व्यापारियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का आयोजन द ग्लोबल होटल निराला नगर में किया गया। इस अवसर पर प्रदेश युवा महामंत्री योगेंद्र सिंह ने कहा कि देश आजाद होने के बाद व्यापारियों को सम्मान नहीं मिला। बिक्रीकर सर्वे एवं तमाम काले कानून की आड़ में व्यापारियों का दोहन एवं उत्पीड़न होता था जिसके लिए व्यापार मंडल ने अनेक आंदोलन किए है। बिक्रीकर के जनरल सर्वे के विरोध में 26 मई 1979 को लखनऊ के अमीनाबाद में 25 वर्षीय व्यापारी स्व. हरिशचन्द्र अग्रवाल पुलिस की गोली लगने से शहीद हुए थे। ऐसे 14 शूरवीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर व्यापारी समाज को सम्मान दिलाया था। उन्होंने व्यापारियों का आह्वान करते हुए कहा कि व्हाट्सएप व स्टेटस से बाहर निकल कर एकजुट होकर व्यापारी समस्याओं की आवाज को बुलंद करें।

# शिकायतों की भरमार पर रोक लगायेगा एलडीए

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में मकान, दुकान, बिल्डिंग की शिकायतों के नाम पर परेशान करने का काम किया जा रहा है। इस तरह की शिकायतों से धन उगाही को लेकर भी अंदेशा जताया गया है। इसे तरह से समझा जा सकता है कि एक शिकायतकर्ता ने 600 लोगों की शिकायतें कर रखी हैं। इनकी तमाम शिकायतों पर कार्रवाई हुई है। एक अन्य शिकायतकर्ता ने 400 से ज्यादा शिकायतें की हैं। एलडीए में सबसे ज्यादा शिकायतें दर्ज हो रही हैं। 90 प्रतिशत शिकायतें वह व्यक्ति कर रहा है, जिसका सम्बंधित से कोई मतलब नहीं होता है। एलडीए ने ऐसे करीब 50 लोग चिन्हित किए हैं। इनकी हर वर्ष 200 से 600 शिकायतें दर्ज हुई हैं। एक शिकायतकर्ता ऐसा है, जिसने हर माह 40 से 60 शिकायतें आईजीआरएस पर दर्ज कराईं। नगर निगम में भी ऐसे लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। नगर निगम के जोन आठ के जोनल अधिकारी अजीत राय ने ने ऐसे कुछ लोगों की सूची नगर आयुक्त को भेजी है। यूपी रेरा की एनसीआर पीठ के समक्ष एक शिकायतकर्ता ने चार बार वही शिकायत की, जबकि शिकायत का निस्तारण हो चुका था। रेरा चेयरमैन ने इसे गंभीरता से लिया। एक बार में शिकायत का निस्तारण होने के बावजूद चार बार शिकायत दर्ज कराने को रेरा चेयरमैन संजय भूस रेड्डी ने न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग बताया। इसके लिए शिकायतकर्ता पर 5000 रुपये जुर्माना लगाया है।



# 108 व 102 एम्बुलेंस के पायलटों को किया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदेश भर में धूमधाम के साथ मनाया गया पायलट दिवस

**लखनऊ।** प्रदेश में 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से रविवार को पायलट दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। लखनऊ सहित विभिन्न जिलों में कार्यरत पायलट (एम्बुलेंस ड्राइवर) को उनके द्वारा किए जा रहे बेहतर कार्यों के लिए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से पायलट दिवस पर मंगेश कुमार (उन्नाव), विनोद कुमार सिंह (बाराबंकी), हरेन्द्र सिंह (कुशीनगर), ज्ञानेश्वर सिंह (बस्ती), प्रदीप यादव (बिजनौर), पप्पू कुमार (बागपत), कन्हई लाल (बरेली), शिव शंकर (आगरा), विवेक कुमार सिंह (रायबरेली), और उमाशंकर सिंह कुशवाहा (गाजीपुर) को उनके द्वारा दी जा रही उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से उन्हें सर्टिफिकेट और चेक प्रदान किए गए। संस्था के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने कहा कि 108 एवं 102 एम्बुलेंस में कार्यरत पायलट हर दिन अपने समर्पण और साहस से लोगों की जिंदगी बचाते हैं। चालक या पायलट ऐसे सदस्य होते हैं जो बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त लोगों को अस्पतालों तक अत्यंत शीघ्र ले जाते हैं। वह गोल्डन आवर में मरीजों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। वह स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रिम पंक्ति में काम करते हैं और आपदा एवं आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। बताया कि एम्बुलेंसों में तैनात पायलट के निःस्वार्थ सेवा भाव का ही परिणाम है कि अब तक उत्तर प्रदेश में 108 में तीन करोड़ से अधिक एवं 102 सेवा में आठ करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सेवाएं देते हुए उनकी जिंदगियां बचाई जा सकी हैं। रविवार को पायलट दिवस के अवसर पर जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, व अन्य अधिकारियों व ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के अधिकारियों की ओर से बेहतर कार्यों के लिए पायलट को सम्मानित किया गया।




# प्रेरणा दिवस पर सम्मानित किये गये 702 व्यापारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 26 मई 1979 को पुलिस की गोली से शहीद हुए व्यापारी हरिश्चंद्र अग्रवाल की 45 वीं पुण्यतिथि को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर सभी जिलों में प्रेरणादाई कार्य करने वाले 702 व्यापारियों को सम्मानित किया गया। लखनऊ में 30 व्यापारियों को विभिन्न बाजारों से सम्मानित किया गया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया कि राजधानी में अमीनाबाद घंटा घर पार्क में लगी हरिश्चंद्र अग्रवाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल, पूर्व महापौर लखनऊ संयुक्त भाटिया, मंगलमान अभियान के संयोजक डॉ. रामकुमार तिवारी, राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप अग्रवाल, लखनऊ महानगर के अध्यक्ष सुरेश छबलानी, प्रदेश संगठन मंत्री, जावेद बेग, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम रहे। संदीप बंसल ने कहा हरिश्चंद्र अग्रवाल की शहादत व्यापारी समाज को यह प्रेरणा देती है कि हमें सिर्फ अपने परिवार के लिए नहीं रहना है हमें समाज के लिए और देश के लिए समर्पित रहना है। हमारा उद्देश्य राष्ट्र सेवा हो और हमारा व्यापार राष्ट्र के प्रति समर्पित हो। हम जो भी कमाई हो, ईमानदारी से टैक्स देना है। यथासंभव जरूरतमंदों की मदद करें। उन्होंने ज्येष्ठ माह के लगने वाले भंडारों पर भी स्वच्छता से उसको आयोजित किए जाने पर जोर दिया। पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि वह एक व्यापारी परिवार से हैं और यह जानती है कि कैसे उनकी पत्नी ने उनके बच्चों का भरण पोषण किया होगा लेकिन उनकी शहादत ने पूरे व्यापारी समाज को एकजुटता प्रदान की और यही एक जुटता आज व्यापारी समाज की ताकत है।




# चार दिन गर्मी से राहत नहीं, फिर आंधी-पानी के आसार

विशेष संवाददाता (vol)

- झांसी में 48 डिग्री पारा, आज व कल के लिए रेड अलर्ट

**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश में लू, चढ़ते पारे और भीषण गर्मी ने बेहाल कर रखा है। रविवार को भी प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। 48 डिग्री तापमान के साथ झांसी प्रदेश का सबसे गरम स्थान रहा। इसके आलवा आगरा तथा मथुरा वृंदावन में दिन का तापमान क्रमशः 47-47, बागपत, गौतमबुद्धनगर, कानपुर और कन्नौज में 46-46, प्रयागराज व सुल्तानपुर में 44-44 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। लखनऊ में दोपहर में 44.9 डिग्री तक तापमान पहुंच गया था। अब तक सीजन में यह रिकॉर्ड है। प्रदेश में गर्मी में अब तक कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मौसम विभाग ने सोमवार की रात बेहद गरम होने की चेतावनी जारी की है। लखनऊ में रविवार को अधिकत तापमान 43.7 डिग्री व न्यूनतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।






आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार फिलहाल अगले दो दिनों तक प्रदेश में प्रचण्ड ग्रीष्म लहर का प्रकोप जारी रहेगा। उसके बाद हवा का रुख बदलेगा और पछुवा के बजाए पुरवाई बहेगी, तब दिन व रात के तापमान गिरेंगे और ठण्डी हवा चलेगी। मगर उमस भरी गर्मी को प्रकोप बना रहेगा। मौसम विभाग ने आगामी 27 व 28 मई को गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी यूपी में कुछ स्थानों पर प्रचण्ड ग्रीष्म लहर का प्रकोप रहेगा, लू से जनजीवन बेहाल रहेगा। पूर्वी उ.प्र. में एक या दो स्थानों पर लू चल सकती है। 29 मई के लिए आरेंज अलर्ट जारी हुआ है, जिसके अनुसार पश्चिमी यूपी में कुछ स्थानों पर प्रचण्ड ग्रीष्म लहर चल सकती है। पूर्वी यूपी में एक या दो स्थानों पर भी लू का प्रकोप रहेगा। 30 मई के लिए यलो अलर्ट के तहत पूरे प्रदेश में एक या दो स्थानों पर लू का प्रकोप रहने के आसार हैं। 31 मई और पहली जून को पूर्वी उ.प्र. में अलग-अलग स्थानों पर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की सम्भावना है। पूरे प्रदेश में तेज सतही हवा 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिन तक रात के पारे में कोई बदलाव के आसार नहीं है, जबकि दिन का पारा भी क्रमिक तौर पर बढ़ता रहेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक, फिलहाल लू और प्रचंड गर्मी के संकेत मिल रहे हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी लू की चेतावनी है। प्रदेश के कई इलाकों में उष्ण रात हो सकती है।

# समर कैम्प में संवर रही छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सीएमएस के गोल्फ सिटी कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे समर कैम्प में छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिल रहा है, जहां छात्र अपनी रूचि के अनुसार खेलकूद, गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, ताइक्वाण्डो, योगा, तैराकी, स्केटिंग, आर्ट एण्ड क्राफ्ट आदि विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा को निखारने व संवारने में संलग्न नजर आये।



समर कैम्प में छात्रों का उत्साह अपने चरम पर नजर आया और विभिन्न मनोरंजक शैक्षिक गतिविधियों के कारण सम्पूर्ण विद्यालय परिसर में उत्साह व उमंग की लहर प्रवाहित हो रही थी। बता दें कि गर्मी की छुट्टियों के सर्वश्रेष्ठ सदुपयोग एवं छात्रों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने के लिए स्कूल के सभी कैम्पसों में इन दिनों समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प का उद्देश्य छात्रों की फिजिकल फिटनेस को बनाये रखना एवं मजेदार तौर-तरीकों से उनकी क्षमताओं को बढ़ाना है।

# हरदोई और सीतापुर रोड की बसों का रूट बदलेगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कैसरबाग बस अडडे को जाम से मुक्त करने के लिए हरदोई रुट और सीतापुर रोड़ से आने वाली बसो का रुट बदल जायेगा। लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने सीतापुर, हरदोई एआरएम को दिशा निर्देश भेज दिए हैं, जिन्हें बस डिपो के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर ड्राइवर-कंडक्टर को रूट चार्ट सौपेंगे। जो रूट प्लान बनाया गया है उसमें बलरामपुर हास्पिटल, रेजीडेंसी मार्ग पर बसों से जाम काफी हद तक कम लगेगा। जिसमें सीतापुर से कैसरबाग बस अड्डे आने वाली बसें डालीगंज चौराहे से केके हास्पिटल, सिटी स्टेशन होते हुए आएंगी, डालीगंज चौराहे से शहीद स्मारक होते हुए स्वास्थ्य भवन के रास्ते कोई भी बसें कैसरबाग बस स्टेशन नहीं आएगी, कैसरबाग से सीतापुर जाते समय सभी बसें बलरामपुर चिकित्सालय, रेजीडेन्सी, शहीद स्मारक होकर जाएंगी, जबकी बलरामपुर और गोंडा की बसे पुराने रुट से चलेगी। पॉलीटेक्निक चौराहे के बजाय पुराने रूट कमता से शहीद पथ होकर विजयीपुर अंडरपास होते लोहिया अस्पताल, लोहिया पार्क, समतामूलक चौराहा, शनि मंदिर, पुराना हाईकोर्ट होते हुए कैसरबाग बस स्टेशन जाएंगी। ये बसें कैसरबाग से शनि मंदिर, लोहिया पार्क चौराहा, लोहिया अस्पताल होते विजयीपुर से सीधे मिनी स्टेडियम के सामने से होते अवध बस स्टेशन होकर आगे जाएंगी।




# आठ घण्टे बिजली कटौती, व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिन में गर्मी का पारा 44 डिग्री तक पहुंच जा रहा है। ऐसे में बुजुर्ग और बच्चे घर से बाहर नही निकल रहे है। लेकिन बिजली कटौती होने से मजबूरी में लोगों को घरो से बाहर निकलना पड़ रहा है। राजाजीपुरम के 11 और 12 में शनिवार रात 11:30 से बिजली गुल हुई और सुबह 5 बजे बिजली आयी। बिजली कटौती को लेकर राजाजीपुरम लखनऊ व्यापार मण्डल के उपध्यक्ष रिषभ गुप्ता सहित सैकड़ो कर्मचारियों ने पाल तिरहा बिजली घर पर प्रदर्शन किया। प्रर्दशन के दौरान कोई भी अधिकारी मौके पर नही पहुंचा।

चेयरमैन का साफ आदेश है कि बिजली कटौती या शटडाऊन नही होना चाहिए फिर भी बिजली कटौती जारी है फाल्ट होने पर घण्टो बिजली सप्लाई चालू नही हो पा रही है। राजाजीपुरम के सेक्टर सी में बिजली कटौती होने से बुजुर्ग परेशान हो गये जिससे सैकड़ो की संख्या में लोग बिजली घर पर प्रदर्शन करने लगे जिससे आनन-फानन में केबिल दूसरे जगह से जोड़कर सप्लाई चालू कराया गया। वहीं तालकटोरा बिजली घर से सप्लाई जाने वाली बजारखाला में सुबह 10 बजे से प्रति घण्टे 5 से 10 मिनट की बिजली कटौती होती रही। बताया जा रहा है कि गर्मी के वजह से एबीसी केबिल का तार फाल्ट हो जा रहा था। कैंट बिजली घर के पिपरा घाट में सुबह 5:30 से 6:40 तक बिजली कटौती रही। आलमबाग के बरहा रेलवे कालोनी में आन्नद नगर के पास 100 केवीए के ट्रांसफार्मर का बोल्ट गर्म होने से बिजली गल हो गयी। बिजली गुल होने शिकायत करने पर बोल्ट को ठीक किया गया। आलमबाग के साकेतपुरी में 630 का ट्रांसफार्मर में एक फेस नही आने पर 200 घरो की बिजली गुल हो गयी। बिजली जाने पर लोग गर्मी में बेहाल हो गये दर्जनों की संख्या में लोग ट्रांसफार्मर को जल्द बदलवाने के लिए मौके पर पहुंच गये। ऐसे में अवर अभियंता ने खराब ट्रांसफार्मर को बदल कर दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया। अम्बेडर पावर हाऊस के बिजनौर रोड़ पर प्रतिदिन की तरह अवकाश के दिन भी बिजली कटौती जारी रही। मनीष गेट के सामने शांम 7:30 से बिजली कटौती रही 1912 के कट्रौल नम्बर पर फोन गया तो बिजली सप्लाई चालू कराई गयी। राजाजीपुरम मे व्यापारियों ने रिषभ गुप्ता, आदि गुप्ता, अमान गाजी, अभय पाण्डेय हिमांशु पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।



**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# पुलिस मुठभेड़ में व्यापारी को लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** इंटौजा में गल्ला व्यापारी को लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस और लुटेरों के बीच हुयी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर मे गोली लगी है।

गौरतलब है कि 22 मई की दोपहर करीब 12:15 बजे नाकाबपोश बदमाशों ने इंटौजा के उसरना गांव निवासी गल्ला व्यापारी मो. आरिफ की दुकान में घुसकर उस पर तंमचे से गोली चला दी थी। गनीमत थी कि निशान मिस हो गया और गोली दीवार में धंस गई थी। जिसके बाद लुटेरे फिर से तमंचे में दूसरी कारतूस लोड करने लगे तब गल्ला व्यापारी बदमाशों को धक्का देते दुकान से बाहर भाग निकला था। इसके बाद लुटेरे दुकान में रखी नगदी लूटकर वहां से भाग निकले थे। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी (एडीसीपी) जितेंद्र दुबे ने बताया कि वारदात के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में लगातार छानबीन कर रही थी। इसी कड़ी में शनिवार रात पुलिस को बदमाशों के बारे में सटीक सूचना मिली। सूचना के आधार पुलिस इंटौजा क्षेत्र में बैरिकेडिंग लगा वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार लुटेरे वहां पहुंचे। बदमाश पुलिस को देखकर वहां से भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने अदीब के पैर पर गोली मारी।

रेहान गाजी ने आत्मसमर्पण कर दिया। गोली लगने से अतीब घायल हो गया। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी ने बताया कि बदमाशों की तलाश में क्राइम ब्रांच, सर्विलांस और स्थानीय थाने से कुल 4 टीमें बनाई गई थी। बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आए बाराबंकी जनपद के कुर्सी थाना अंतर्गत अनवारी गांव निवासी अदीब पर कुल 09 अपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2023 में बाराबंकी की कुर्सी पुलिस ने उस पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। जबकि साथी रेहान गाजी के खिलाफ इंटौजा, गुड़म्बा और जानकीपुरम थाने में 04 अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

**चार शातिर लुटेरे धरे गये:** कृष्णा नगर पुलिस ने क्राइम टीम की मदद से चार शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लूटा गया सामान बरामद किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि पकड़े गए लुटरों की पहचान कमलेश तिवारी निवासी दौलतगंज ब्राह्मणी टोला, सलमान अली निवासी दौलतगंज काशी बिहार खन्ती समेत नदीम निवासी हकीम बशीर की गली पाटानाला थाना चौक व अनुज रस्तोगी राजाबाजार निकट पोस्ट आफिस थाना चौक के रूप में हुयी। पूछताछ के दौरान लुटरों ने थाना भोला खेडा में बीते एक सप्ताह पहले 18 मई की शाम पता पूछने के बहाने महिला से चेन लूट की घटना को अंजाम दिया था। इसके पूर्व भी अप्रैल माह में कृष्णा नगर के आशुतोष नगर में बाजार जा रही महिला से चेन लूट की घटना को अंजाम दिया था।पुलिस के अनुसार गिरफ्त में आये बदमाश पेशेवर अपराधी है। जिनके खिलाफ विभिन्न थानों पर कई मुकदमे दर्ज है।

**अवैध रूप से असलहों की तस्करी करने वाला गिरफ्तार:** एसटीएफ ने अवैध रूप से अवैध असलहों की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सदस्य चिनहट स्थित स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया। नीतेश भारती पुत्र भगवान निवासी चन्दावर, थाना मनियर, जनपद बलिया।

पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि अपराधियों की तलाश में जुटी पुलिस को सूचना मिली कि जनपद बलिया का रहने वाला असलहा तस्कर नीतेश भारती बिहार व मध्यप्रदेश राज्य से अवैध असलहा लेकर किसी को बेचने आया है। जो चिनहट थाना क्षेत्र के मल्हौर क्षेत्र में यू एमईटी यूनिवर्सिटी के पास मौजूद है। जिस पर टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त से पूछताछ में बताया कि उसका एक गिरोह है, जो अवैध असलहो की तस्करी करता है। यह मध्य प्रदेश एवं बिहार राज्य से 10 से 12 हजार में अवैध पिस्टल खरीदता है, जिसे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 25 से 30 हजार रुपए में बेचता है। जिससे काफी मुनाफा होता है। पूर्व में भी अवैध शस्त्र तस्करी के आरोप में जनपद बाराबंकी से जेल जा चुका है।

## पेपर आउट कराने वाले दो इनामी अपराधी पकड़े गये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** एसटीएफ ने पुलिस आरक्षी परीक्षा में सेंध लगाकर पेपर आउट कराने वाले गिरोह के दो ईनामी सदस्य को हाथरस से गिरफ्तार कर लिया।

अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में धांधली करने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि गिरोह के दो सदस्य विनोद कुमार शर्मा निवासी ग्राम लौहसरा, थाना लोधा जनपद अलीगढ़ व कुशल पाल उर्फ राजा निवासी ग्राम कस्बा डन्डू थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर रोडवेज वर्कशॉप आगरा रोड, थाना कोतवाली जनपद हाथरस में खड़े है। जिस पर टीम को गठित कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन पर 25-25हजार रुपये का ईनाम घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त विनोद कुमार ने बताया कि उसने एलएलबी किया हुआ है तथा वर्तमान में संविदा पर एम्स ऋषिकेष में विद्युत ऑपरेटर के पद पर नौकरी कर रहा है। उसने पुलिस आरक्षी भर्ती में करीब 100 अभ्यार्थियों से सम्पर्क करके अभ्यार्थियों को पेपर पढ़ाने के लिए तैयार कर लिया था। वहीं कुशल पाल ने बताया कि वह बुकिंग मे टैक्सी चलाने का काम करता है और बुकिंग के दौरान ही वह चार वर्ष पूर्व सुभाश उर्फ सुरेन्द्र गुरूजी के सम्पर्क में आया था।

## ज्वेलर्स की दुकान से चोरों ने उड़ाया माल

लखनऊ। बीबीडी स्थित हासेमऊ में घर के बाहरी हिस्से में बनी ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाकर चोरों ने जेवरात समेत नगदी को चोरी कर लिया। बीबीडी के हासेमऊ निवासी कल्याण सिंह यादव के मकान में दो दुकानें बनी हैं। जिसमें संजीव सराफ की एक दुकान है। वहीं दूसरी दुकान में कल्याण सिंह खुद कपड़े की दुकान चलाते हैं। गुरुवार रात चोरों ने संजीव की दुकान को निशाना बनाकर आर्टिफिशियल ज्वेलरी, चांदी के सिक्के और 24 हजार रुपये पार कर दिए। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## चोर ने जेवरात व नगदी उड़ाई

मोहनलालगंज। बेलहिया खेड़ा गांव में सुरेंद्र कुमार पत्नी कोमल और दो बेटों रत्नेश व नितिन के साथ रहते हैं। वह किसानी और राजगीर मिस्त्री है। मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। बीते शनिवार की रात को सभी सदस्य खाना खाकर सो गए। रविवार सुबह सोकर उठने पर पत्नी ने देखा कि कमरे का ताला टूटा और सारा सामान बिखरा पड़ा था। देर रात बेखौफ चोर घर के अंदर घुस आए और कमरों का ताला तोड़कर अलमारी में रखे आठ हजार रुपए की नकदी, एक जोड़ी पायजेब, एक जोड़ी झुमकी उठा ले गए है।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1222596683 मूल प्रमाणपत्र व सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **संजय कुमार पुत्र श्यामवचन ग्राम बरहज माफी पोस्ट चिलवां गोरखपुर।**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2932143 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2227111737 मूल प्रमाणपत्र व सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **निशा पुत्री सुग्रीव ग्राम सहदोदाड़ पोस्ट दुबौली गोरखपुर**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2008 अनुक्रमांक 1978064 एवं इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0976758 मूल प्रमाणपत्र वास्तव में में खो गया है। **हेमन्त चौरसिया पुत्र जयराम चौरसिया पकड़ी पोस्ट खिरकिटा दूबे गोरखपुर**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2983820 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 217374200 मूल प्रमाणपत्र व सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **अमन कुमार पुत्र प्रमोद कुमार ग्राम- परसिया रावत पोस्ट देईडीहा गोरखपुर**

# सीसीटीवी फुटेज में दिखीं स्कूटी से भाग रहे बदमाशों की तस्वीरें

**● गाजीपुर में मिली मृत मिली मोहिनी दुबे की हत्या का मामला**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** गाजीपुर थाना अंतर्गत इंदिरानगर सेक्टर-20 में सेवानिवृत्त आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या को लेकर पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। इस दौरान पुलिस ने दर्जन भर से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को महिला के करीबियों को घटना से जोड़कर देख रही है। घटनाक्रम भी उसी और इशारा कर रहे है। महिला की हत्या के पीछे लूट नहीं बल्कि निजी खुन्नस है। उधर वारदात को अन्जाम देकर फरार हत्यारोपियों की तलाश में पुलिस ने घटनास्थल से 10 किलोमीटर की दूरी तक 300 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इस दौरान चौराहे पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में स्कूटी सवार दो संदिग्ध युवकों की फुटेज सामने आई है। पुलिस का मानना है कि फुटेज में कैद संदिग्धों ने ही मोहिनी हत्याकांड का अन्जाम दिया है। फुटेज के आधार पर पुलिस हत्यारोपियों की पहचान करने और उनके दबोचने का भरसक प्रयास कर रही है।

गौरतलब है कि 25 मई की सुबह इंदिरानगर सेक्टर-20 निवासी सेवानिवृत्त आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे की दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। उनका शव घर के किचन के बगल बने एक स्टोर रुम के पास पड़ा मिला था। हत्यारोपियों ने जिस वक्त वारदात को अन्जाम दिया था उस वक्त देवेंद्र नाथ घर पर मौजूद नहीं थे। प्रथम दृष्टया में यह बात सामने आई कि रूपयों के लेन-देन व संपत्ति को लेकर वारदात को अन्जाम दिया गया है। सूत्रों की मानें तो, देवेंद्र नाथ पांच कालीदास स्थित एक क्लब में गोल्फ खेलने जाते थे, लेकिन शनिवार सुबह वह गोल्फ क्लब नहीं गए थे। घर लौटने पर दरवाजा खुला था। कमरे की फर्श पर अलमारी में रखा सारा सामान अस्त व्यस्त हालत में पड़ा था। पत्नी मोहिनी को आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो, वह किचन के समीप बने स्टोर रुम में पहुंचे तब मोहिनी का शव वहां पड़ा मिला। जिसके बाद देवेंद्र नाथ दुबे ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जेसीपी, क्राइम (संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध) आकाश कुलहरी ने बताया कि फरार हत्यारोपियों की तलाश में सर्विलांस, क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस की पांच टीमें गठित की है। संयुक्त टीमों ने घटनास्थल से लेकर पॉलिटेक्निक, विकासनगर, निशातगंज, गोमतीनगर, हजरतगंज, नाका और कैंट थानाक्षेत्र पर चौराहों पर लगे 300 से भी ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है। एक फुटेज में दो स्कूटी सवार हत्यारोपी दिखाई पड़े हैं। इस फुटेज में दोनों संदिग्ध एक स्कूटी से जाते हुए दिख रहे हैं। इनमें से एक ने हेलमेट लगा रखा है तो दूसरे ने नहीं। वारदात को अंजाम देने के बाद यह कैंट की तरफ भाग गए थे। पीछे बैठे शख्स ने पीठ पर एक बैग टांग रखा है। संभावना है कि इस बैग में घर से लूटी गई नगदी और ज्वैलरी है। जेसीपी ने बताया कि अभी तक यह कयास लगाए जा रहे है कि हत्यारोपी सेवानिवृत्त आईएएस देंवेंद्र नाथ दुबे के करीबी है। प्रथम दृष्टया में वारदात को अंजाम देने से पूर्व हत्यारोपियों ने रेकी की थी। देवेंद्र नाथ के घर से निकलते ही हत्यारोपी स्कूटी से आए। डोरबेल बजाने के बाद दरवाजा खुलते ही हत्यारोपियों ने करीब सवा घंटे में मोहिनी दुबे हत्याकांड को अन्जाम देकर अलमारी में रखी ज्वैलरी और 90 लाख की नगदी लेकर फरार हो गए।

**दूसरी शादी को लेकर उलझी पुलिस:** पूर्व आईएएस अधिकारी देवेंद्र नाथ दुबे की दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस घरेलू नाते-रिश्ते में उलझ गई है। तफ्तीश के दौरान यह बात सामने आई कि पूर्व आईएएस की पहली पत्नी की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। रिटायर्डमेंट से पूर्व वर्ष 2007 में पूर्व आईएएस ने मोहिनी दुबे से दूसरी शादी की थी। वर्ष 2009 में वह प्रयागराज जनपद के मंडलायुक्त पद से कार्यमुक्त हो गए थे। पहली पत्नी से उनके दो बेटे हैं। प्रंजाल महानगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत किसी कॉलोनी में रहते हैं। जबकि प्रतीक दिल्ली एनसीआर में नौकरी करते हैं। उनके दोनों ही बेटे परिवार से अलग रहते हैं। सूत्रों की मानें तो पूर्व आईएएस ने करीब 15 से 20 दिन पूर्व गोमतीनगर में अपने फ्लैट को 90 लाख रुपये में बेचा था। सारा पैसा मोहिनी ने अपने पास रख लिया था। पैसों के बंटवारे को लेकर दंपति के बीच अक्सर झगड़ा होता था। किसी को भी मोहिनी रुपये और पहली पत्नी की ज्वैलरी देना नहीं चाहती थी। कयास लगाए जा रहे है कि रुपयों के बंटवारे को लेकर किसी अपने ने ही मोहिनी की हत्या कर दी। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से महिला की मौत की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही सिर पर किसी वजनदार हथियार से वार किए जाने का भी निशान मिला है। पुलिस का मनाना है कि हत्यारोपियों ने दुपट्टे से गला कसने के बाद मोहिनी से सिर पर पीछे से वारकर उनकी हत्या कर दी।एसीपी गाजीपुर विकास जयसवाल के मुताबिक, घटनास्थल का मुआयना करने पहुंची पुलिस को बाथरूम में एक पानी से भरा टब मिला। टब में पासपोर्ट के अलावा सरकारी दस्तावेज, एक पर्स समेत दो बैग पड़े मिले थे। हालांकि, फॉरेसिंक टीम ने फिंगर प्रिंट के साक्ष्यों को लैब में भेज रखा है। इन सभी सैंपल के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। एसीपी का कहना है कि पूर्व आईएएस ने किसी करीबी पर हत्या की आशंका जताते हुए गाजीपुर थाने में लूट और हत्या की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**45 मिनट में वारदात को दिया अंजाम:** सेवानिवृत्त आईएएस देवेंद्र दुबे की पत्नी मोहिनी की हत्या करने वाले बदमाश सोसाइटी के बाहर घात लगाए बैठे रहे। जैसे ही देवेंद्र कार से ड्राइवर के साथ वहां से निकले वैसे ही बदमाश सोसाइटी में दाखिल हो गए। सीधे उनके घर गए और घटना को अंजाम दिया। सुबह करीब 7 बजे देवेंद्र घर से निकले थे। उनके निकलने के करीब दस मिनट बाद 7:10 बजे दूधिया इमरान देवेंद्र के घर दूध लेने आया था। दूधिये के मुताबिक मोहिनी ने उससे दूध लिया और घर के भीतर चली गईं। मतलब तब तक सबकुछ ठीक था। दूधिये के जाते ही तुरंत तकरीबन 7:15 बजे बदमाश उनके घर पर पहुंच गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सुबह करीब 8 बजे बदमाश घर से बाहर निकले। साफ है कि तकरीबन 45 मिनट तक बदमाश भीतर रहे। इसी दौरान उन्होंने मोहिनी की हत्या की और जेवरात आदि लूटे।

## नदी में डूब कर महिला की मौत

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र में बीमार बच्चे का इलाज कराने आयी महिला की गोमती नदी में डूबने से मौत हो गयी। बाराबंकी जनपद के देवा थाना क्षेत्र के बबूरीखेड़ा गांव निवासी गणेश के अनुसार उसकी बेटी राधा (23) का विवाह सिंहपुर थाना महिगवां के संतोष कश्यप से हुई थी जिसका सात माह का बेटा कार्तिक बीमार था। वह जिसका उपचार कराने कठवारा लेकर आया था। संतोष अपने ननिहाल कोलवा पंचायत के तेहतना गांव में ठहरा था। रविवार सुबह आठ बजे राधा महिलाओं के साथ गोमती नदी तेहतना घाट पर नहाने गयी थी। अचानक राधा का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गयी। जिसके शव को गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला गया।

**व्यापारी ने दुकान पर किया कब्जा:** अमीनाबाद स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर व्यापारी ने कब्जा कर लिया। यदुनाथ सान्याल रोड निवासी मंजू महेश्वरी की एक दुकान पुराना गौतमबुद्ध मार्ग पर है। जिसे कई साल पूर्व करनी होम एपलाइंस के संचालक जितेंद्र महेश्वरी ने किराए पर लिया। समय पर आरोपी ने किराया नहीं दिया। दबाव डालने पर मुकदमा दर्ज किया था। अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी किराया अधिकरण से मंजू ने जनवरी 2024 में मुकदमा जीत लिया। आदेश आने के बाद अमीनाबाद पुलिस ने मंजू को भौतिक कब्जा 13 जनवरी को दिलाया। मंजू के मुताबिक उन्होंने दुकान में ताले लगाए थे। जिन्हें जितेंद्र महेश्वरी ने शोभित, जितेंद्र और उमा महेश्वरी के साथ मिल कर तोड़ते हुए दुकान पर कब्जा कर लिया।

## तीन मंजिला बंद मकान में लगी आग, सामान जलकर खाक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाजारखाला के नौबस्ता में रविवार भोर में तीन मंजिला बंद मकान में आग लग गई। जिससे हड़कंप मच गया। एक घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। आग की चपेट में आकर बेड और अन्य घरेलू सामान जलकर बर्बाद हो गया। घर तंग गली में होने से दमकल सौ मीटर पहले ही रुक गई। दमकलकर्मियों ने सड़क पर पाइप बिछाकर राहत कार्य चलाया। आसपास के घरों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन लोग दहशत में थे। नौबस्ता के आदर्श श्रीवास्तव आलमबाग स्थित ब्रेड फैक्टरी में काम करते हैं। आदर्श के मुताबिक पत्नी मायके गई थी। शनिवार रात वह नाइट ड्यूटी पर थे। घर पर ताला लगा था। भोर में भूतल पर स्थित कमरे में आग लग गई। धुआं और आग की लपट निकलती देखकर आसपास हड़कंप मच गया। पड़ोसियों ने उन्हें और अग्निशमन विभाग को हादसे की सूचना दी। कुछ देर में एफएसओ चौक पुष्पेन्द्र यादव तीन दमकल के साथ घटना स्थल रवाना हुए। एफएसओ के मुताबिक घर तंग गली में होने से दमकल घर से सौ मीटर पहले रुक गई। सड़क पर पाइप बिछाकर राहत कार्य शुरू किया गया। दमकल कर्मी पहुंचे तो भूतल पर आग लगी थी। पूरे घर में धुआं फैला था। एक घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। शुरूआती जांच में शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है।

**ट्रांजिस्ट हॉस्टल में लगी आग:** ट्रांजिस्ट हॉस्टल हाईकोर्ट गेस्टहाउस कैसरबाग के रूम नंबर 209 में आग लग गयी। जिस पर एफएसओ रामकुमार रावत ने स्टाफ के सहित घटनास्थल पर पहुंचकर गेस्ट हाउस के प्रथम तल पर रूम नंबर 209 के डाइनिंग हॉल में लगी आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया।

**बुलेट में लगी आग:** अलीगंज स्थित राम-राम बैंक चौराहे के पास बुलेट मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गयी। जिसे प्रभारी अग्निशमन अधिकारी बख्शी तालाब ने तत्काल गाड़ी में रखे फायर एक्सटिंग्विशर की सहायता से आग को बुझा लिया।

**मनोरंजन स्थलों का किया गया निरीक्षण:** आग लगने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुये अग्निशमन अधिकारियों ने लूलू माल स्थित बच्चों के मनोरंजन और खेलने के स्थानों जैसे फंचूरया, फंचूरा बोलिंग एरिया तथा हेमलेस का सुरक्षा की दृष्टिकोण से भली भांति निरीक्षण किया। लूलू माल के प्रबन्धकगण व अग्नि सुरक्षा सिक्योरिटी टीम को विद्युत वायर की प्रॉपर चैकिंग, रखरखाव, अग्निसुरक्षा उपकरण व निकास मार्ग अवरोधरहित रखने, आवागमन मार्ग, ग्लोसाइन पट्टिका द्वारा प्रदर्शित करने तत्काल निर्देश दिया और अग्नि सुरक्षा उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

## डॉक्टर पर देह व्यापार का आरोप लगाने पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कृष्णा नगर पुलिस ने डाक्टर पर देह व्यापार का आरोप लगा ब्लैकमेल करने वाले गिरोह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बाराबिरवा बरिगंवा में रहने वाले पेशे से डाक्टर डॉ ब्रजेश सचान अपनी क्लिनिक चलाते है। उसी बिल्डिंग के बेसमेंट में गेस्ट हॉउस बना रक्खा है। डॉक्टर का आरोप था कि बीते 21 मई की शाम उनकी गैरमौजूदगी में एक महिला और एक व्यक्ति चारपहिया वाहन से उनके गेस्ट हॉउस के कमरों में घुस गए और वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इस दौरान कर्मचारियों को भी अर्दब में लिया गया। जब तक वह अपने क्लिनिक पहुंचते। तब तक दोनों लोग जा चुके थे। आरोप है कि इस घटना के पश्चात उनके पास विभिन्न नम्बरो से फोन आने लगा और पैसे की मांग की जाने लगी। जिस पर आरोपित महिला ज्योति श्रीवास्तव एवं महाराजजी के खिलाफ लिखित शिकायत की थी।

# तेज रफ्तार ट्रक ने साले को रौंदा, मौत, जीजा घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**काकोरी।** पारा स्थित मोहान रोड पर रविवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार अनुकल्प प्रजापति (12) को रौंद दिया। मौके पर उसकी मौत हो गई। स्कूटी चला रहे जीजा जगन्नाथ गंभीर घायल हो गए। सआदतगंज लकड़मंडी निवासी राजगीर आशू प्रजापति के मुताबिक उनका बेटा अनुकल्प प्रजापति (12) कक्षा तीन का छात्र था। अनुकल्प जीजा जगन्नाथ के साथ स्कूटी से काकोरी गया था। रविवार सुबह दोनों लोग स्कूटी से घर लौट रहे थे। स्कूटी जगन्नाथ चला रहे थे। काकोरी मोड़ के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे। भागने के चक्कर में चालक ने ट्रक की रफ्तार बढ़ा कर अनुकल्प को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर उसकी मौत हो गई। घायल जगन्नाथ को ट्रामा सेंटर भेजवाया गया है। परिवार में मां संगीता, भाई आदित्य और अमन हैं।

**अधेड़ का शव मिलने से मचा हडकंप:** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में संचालित लोकबंधु अस्पताल के गेट के निकट शनिवार देर शाम एक अधेड़ का शव पडा मिलने से हडकंप मच गया। फिनिक्स चौकी पर तैनात हिमांशु त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार देर शाम एक 45 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव लोकबंधु अस्पताल गेट के निकट पडा मिला था। मृतक ने नीली हाफ टी शर्ट व काली जीन्स की पैन्ट पहन रक्खा था। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक मजदूर जैसा लग रहा था।

## रेलवे ओवर ब्रिज से गिरकर युवक की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारा के मर्दन खेड़ा निवासी राजेश यादव (38) की ससुराल सरोजनीनगर के अनौरा गांव में है। राजेश दोपहर करीब तीन बजे ससुराल से कच्चे आम लेकर स्कूटी से मित्र बिजनौर के सरैया चंद्रावल निवासी सुनील यादव (38) के साथ लौट रहे थे। अमौसी रेलवे स्टेशन स्थित ओवर ब्रिज पर चढ़े और रेलवे लाइन पार करने के बाद मोड़ पर तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर सीमेंटेड रेलिंग से टकरा गई। टक्कर लगते ही स्कूटी सवार राजेश और सुनील 30 फीट ऊंचे पुल से नीचे जा गिरे। नीचे जानवरों को चारा खाने के लिए बनी सीमेंटेड नांद पर गिरने से राजेश की मौत हो गई, जबकि गोबर के ढेर पर गिरने से सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। सुनील का सीएचसी में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर राजेश के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक, स्कूटी सवार दोनों युवक अत्यधिक शराब के नशे में थे। थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरि का कहना है कि राजेश के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। परिवार में पत्नी गोल्डी, एक बेटी तृषा (7) और बेटा रवि (5) है।

## बंधक प्रॉपर्टी डीलर को पुलिस ने छुड़ाया

लखनऊ। गोमतीनगर कोतवाली क्षेत्र में हवाला कारोबार से जुड़े मामले में जमकर हुई मारपीट के बाद अपहरण किया गया। हालांकि पहले पुलिस ने इससे इनकार किया फिर अपहृत पति की रिपोर्ट पत्नी के लिखाने से पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी। देररात तक पुलिस घटना को छुपाती रही। पुलिस की माने तो61 लाख रुपये के लेनदेन के विवाद में बुलाने पर कुशीनगर गए गोमतीनगर निवासी प्रॉपर्टी डीलर को परिचितों ने बंधक बना लिया। फोन पर पत्नी से खुद के अगवा होने की बात बताते हुए प्रॉपर्टी डीलर ने पुलिस से शिकायत न करने की मिन्नत की। आरोप है कि अपहृत से जमकर मारपीट की गई। उधर पीड़ित पत्नी की माने तो 10-,दिनों बाद भी पति के न लौटने पर परेशान होकर पत्नी ने बीतें दिन को गोमतीनगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवा दी। 24 घंटे के भीतर पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर को बरामद करने के साथ ही बंधक बनाने वाले एक ब्लॉक प्रमुख के पति व देवर समेत तीन को हिरासत में ले लिया है। फजीहत होने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार करने की बात कही है। लेकिन शनिवार रात तक व्यस्तता होने के कारण पूरी घटना की डिटेल नहीं दे सकी। कहा की गिरफ्तारी हुई है। पूछताछ की जा रही हैं। एडीसीपी ईस्ट ने बताया विराज खंड तीन निवासी विनय सिंह प्रॉपर्टी डीलर हैं। विनय की पत्नी बिंदु 25 अप्रैल से कोलकाता में थीं। 15 मई को वापस लौटीं। उनका 61 लाख रुपये का था लेनदेन, बुलाने पर खुद गया था परिचितों से मिलने। तो घर में विनय नहीं थे। सुबह 8 बजे फोन किया तो नॉट रीचेबल था। 9 बजे मिलाया तो विनय ने फोन उठा लिया। तहरीर में अपहृत की पीड़ित पत्नी बिंदु ने बताया कि फोन उठाते हुए विनय ने कहा कि 61 लाख रुपये के लेनदेन में कुछ लोगों ने उन्हें बंधक बनाकर रखा है। पुलिस से शिकायत न करने की मिन्नत करते हुए विनय ने फोन काट दिया। दहशत में आई बिंदु ने पति की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस से शिकायत नहीं की, लेकिन बीते दिन तक जब विनय का कुछ पता नहीं चला तो परेशान होकर वह कोतवाली पहुंचीं। आनन-फानन में गोमती नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

# ब्लॉक के कारण कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा सीवान-पचरुखी स्टेशनों के मध्य इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लाक लिये जाने के परिप्रेक्ष्य में गाड़ियों का रि-शिड्यूलिंग, नियंत्रण एवं शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया जा रहा है।

जिन ट्रेनों को रि-शिड्यूलिंग किया गया है उनमें गोरखपुर से 27 मई को चलने वाली 15048 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस गोरखपुर से 120 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। वहीं जिन ट्रेनों को नियंत्रण किया गया है उनमें अमृतसर से 26 मई को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस लखनऊ मंडल में 60 मिनट नियंत्रित की गयीहै। तो काठगोदाम से 26 मई को चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जा रही है। नई दिल्ली से 26 मई को चलने वाली 04074 नई दिल्ली-सहरसा विशेष गाड़ी मार्ग में 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जा रही है। जिन ट्रेनो का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन किया गया है उनमें गोरखपुर से 27 मई को चलने वाली 05156 गोरखपुर-छपरा अनारक्षित विशेष गाड़ी छपरा के स्थान पर भटनी स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। छपरा से 27 मई, को चलने वाली 05155 छपरा-गोरखपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी छपरा के स्थान पर भटनी स्टेशन से चलाई जायेगी।

## वंदे भारत का एसी फेल, यात्रियों को बहाना पड़ा पसीना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** एक्सप्रेस या मेल ट्रेनों में एसी की कूलिंग ठन होने की शिकायत रेलवे के पास तो आती ही रहती है और यात्रह बेहाल यात्राा करने में मजबूर होते हैं, लेकिन अगर सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत के एसी यात्रियों को दगा दे रहे हैं तो समझा उजा सकता है कि रेलवे यात्रियों से सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत के नाम प7र अधिक किराया वसूल कर भी बेहतर सेवा देने मे नाकात हो रहा है।

शनिवार को वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत की एसी कूलिंग ठप होने से पैसेंजरों को पसीना बहाते हुए सफर करने को मजबूर होना पड़ा है। वहीं एसी कूलिंग ठप होने व गर्मी के कारण पैसेंजरों को दिये जाने वाला खाना भी खराब हो गया है। शनिवार को वाराणसी दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के कई पैसेंजरों ने रेलवे में शिकायत दर्ज कराई कि चेयरकार कोच सी-11 का एसी खराब होने और रेलवे को इसकी सूचना देने के बाद भी एसी की कूलिंग ठीक नहीं कराई गई।

उन्होंने कहाकि वंदे भारत एक्सप्रेस देश की पहले सेमी हाई स्पीड ट्रेन है। किराया महंगा होने के बावजूद यात्री सुविधाओं पर जोर नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहाकि पीएमओ के संसदीय क्षेत्र से चलने वाली वंदे भारत का यह हाल है। एसी खराब होने की शिकायत पर रेलवे ने यात्रियों की मदद तक नहीं की।सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत के एसी को दगा दे रहे हैं। भीषण गर्मी में एसी कूलिंग ठप होने से यात्री ज्यादा कीमत चुकाने के बाद भी पसीना बहाते हुए सफर करने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटेंडेंट से शिकायत की गई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ और ट्रेन का एसी खराब होने की शिकायत के बाद भी रेलवे ने कोई मदद नहीं की।

**फतेहपुर से बाराबंकी को जाने वाला मुख्य सड़क आज बंद रहेगी:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल प्रशासन द्वारा आम जनमानस को सूचित किया जाता है कि सुंधियामऊ-तहसील फतेहपुर रेलखंड के मध्य तहसील फतेहपुर स्थित समपार संख्या - 17 स्पेशल पर रेलवे ट्रैक की ओवरहॉलिंग एवम पैकिंग का कार्य किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप तहसील फतेहपुर से बाराबंकी को जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग दिनांक 27 मई रात्रि 20:00 बजे तक बाधित रहेगा। अन्य मार्ग उपलब्ध रहेंगे। उक्त कार्य रेलपथ की संरक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित है।

## बच्चों व युवाओं को सिखायी अभिषेक और पूजन की विधि

लखनऊ। चौक स्थित श्री 1008 नेमिनाथ भगवान दिगम्बर जैन मंदिर में शिक्षण संस्कार शिविर के दौरान रविवार को आठ वर्ष से ऊपर के बच्चों और युवाओं को अभिषेक क्रियाओं की शिक्षा दी गई। उन्हीं के द्वारा शांतिधारा भी मंत्रोच्चारण के साथ कराई गयी। पंडित अमन शास्त्री व आदर्श शास्त्री द्वारा अभिषेक के बाद भगवान के पूजन की विधि के लिए संस्कार शाला में अष्टद्रव्य से पूजन करने की विधियां सिखाई गयीं। जिसमें पुरुष वर्ग, महिलाओं, युवाओं, बच्चों ने काफी संख्या में हिस्सा लिया। संस्कार शाला में अमन जी शास्त्री द्वारा शाकाहार के बारे में बताया गया। केवल शाकाहारी भोजनालयों में ही भोजन ग्रहण करने की बात कही गयी। शिविर में अभिनंदन जैन, अमित जैन, अशोक, अतिशय, सचिन, सोनल, राजीव, अजय, नीतीश, स्वाती, निरंजन, सीमा, ऋतु आदि मौजूद रहे।

## मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम रंगभारती सम्मान 30 को

**लखनऊ।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के मौके पर 30 मई गुरुवार को वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम निशातगंज में पेपरमिल कालोनी स्थित कैफी आजमी अकादमी के प्रेक्षागार में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय हिन्दी पत्रकार संघ रंगभारती के अध्यक्ष श्याम कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पंडित युगल किशोर शुक्ल ने 30 मई 1826 को बंगाल में प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदंत मार्तण्ड का प्रकाशन किया था। उसी की स्मृति में हर वर्ष हिन्दी पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया जाता है।

## नृत्य व गायन के प्रतिभागी पुरस्कृत

**लखनऊ।** आरडीएसओ स्टाफ बेनेफिट फंड समिति की ओर से रविवार को कर्मचारियों व उनके परिजनों के लिए गायन व नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। अच्छा प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य हुनर को सामने लाना रहा। आरडीएसओ परिसर में स्थित प्रेक्षागार में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में नृत्य के विभागाध्यक्ष ज्ञानेंद्र वाजपेयी व संगीत शिक्षक डॉ. रंजना द्विवेदी प्रतियोगिताओं की निणायक रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर महानिदेशक आरडीएसओ शरद कुमार जैन उपस्थित रहे।

# रालोद महिलाएं शहरी क्षेत्रों में भी पसार रहीं पांव

- रालोद महिला शाखा महिला ने की महिला सशक्तीकरण वर्तमान राजनीति में उनकी भूमिका पर हुई राजनैतिक चर्चा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल की महिला शाखा - नारी शक्ति संगठन की प्रदेश महासचिव शालिनी सिंह तथा उनकी सहयोगी व युवा नेत्री रूचि शर्मा ने काकोरी क्षेत्र में एक नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया। इसमें महिला सशक्तीकरण-वर्तमान राजनीति में उनकी भूमिका विषय पर राजनैतिक चर्चा की गई साथ ही महिलाओं को किस प्रकार रालोद से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाए इस विषय पर एक गहन विमर्श का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र तथा नारी शक्ति संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्षा मनीषा अहलावत ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। अनुपम मिश्रा ने आधी आबादी को पार्टी से और अधिक संख्या में किस प्रकार जोड़ा जाए, इस विषय पर प्रकाश डालते हुए कई सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि एक लंबे समय से नारी विमर्श सुनते चले आ रहे हैं पर महिलाओं की सामाजिक, राजनैतिक तथा आर्थिक स्थिति जस की तस बनी हुई है इसलिए आज आवश्यकता है कि हम गांव किसान के साथ शहरी लोगों को खासतौर पर महिलाओं को पार्टी से जोड़े व उनकी सक्रिय भागीदारी को समाज के हर क्षेत्र में बढ़ावा दें और उनके विचारों को सुनने समझने के बाद क्रियान्वयन करें। मनीषा अहलावत ने भी महिलाओं की राजनैतिक भागीदारी पर बल दिया तथा महिलाओं के हितों-अधिकारों के लिए सतत संघर्ष करते रहने की बात कही। शालिनी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा महिलाओं व पार्टी के हित संबंधी समस्त आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करेंगी। प्रदेश महासचिव अंबुज पटेल ने सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई देते हुए मिलकर साथ काम करने का वचन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही रूचि शर्मा ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा जैसे लोगों की आज के राजनैतिक परिदृश्य में बहुत आवश्यकता है जो सिर्फ राजनैतिक भाषण नहीं करते बल्कि सही मायनों में उनकी राजनैतिक सहभागिता कैसे सुनिश्चित हो इसका भी प्रयास करते हैं। इस अवसर पर विकास सिंह, सुशील शर्मा, मनीष, गिरिजा शंकर तिवारी, रमा देवी, सरोज कुमारी, नीलम यादव, प्रभा पटेल, तनवीर, शबनम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



लखनऊ । मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ मंडल पूर्वोत्तर रेलवे आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता ई एन एच एम लखनऊ राहुल पांडे के नेतृत्व में गोंडा जंक्शन स्टेशन पर मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण हेतु लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।जिसमें आज क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश कुमार सिंह द्वारा रेल यात्रियों ,रेलवे स्टाफ व कंट्रक्चुअल स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के उद्देश्य से वृक्षारोपण हेतु पौधे प्रदान किए गए । इसके पूर्व गोंडा स्टेशन पर आज प्रातः प्रभात फेरी भी निकाली गई ,जिसमे पेड़ लगाए जीवन बचाएं के नारों की उद्घोषणा की गई' मिशन लाइफ का यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ 05 जून को पर्यावरण दिवस मनाए जाने से 30 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय रेलवे द्वारा सभी स्टेशनों पर मनाया जायेगा ।

## पारस रत्न से सम्मानित हुए डॉ. आलोक यादव

लखनऊ। डॉ आलोक कुमार यादव को पारस एजुकेशनल सोसायटी, बरेली,




उत्तर प्रदेश की ओर से उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ यादव को यह पुरस्कार उनके द्वारा शिक्षा एवं साहित्य में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए किया गया। वर्तमान में डॉ यादव लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। इसके पहले भी इन्हें साहित्य के क्षेत्र में कई पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इनके इस उपलब्धि पर विधि संकाय के डीन प्रो बंशीधर सिंह तथा अन्य शिक्षकों ने बधाई दी।

## नैक में बेहतर ग्रेडिंग लिए नैक संकल्प कार्यशाला आज

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में सोमवार को नैक एक्रीडिटेशन के मार्गदर्शन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। कुलपति प्रो. जेपी पांडे के निर्देशन में नैक के विशेषज्ञ सातों क्राइटेरिया के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे ताकि विश्वविद्यालय सहित संबद्ध संस्थान नैक में बेहतर ग्रेडिंग पा सकें। कार्यक्रम में लखनऊ, बांदा, झांसी, प्रतिहार, कानपुर नगर, उन्नाव, कन्नौज, मैनपुरी, बाराबंकी, बरेली, रायबरेली, सीतापुर और शाहजहांपुर के करीब 193 संवत संस्थाओं के निर्देशकों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9:00 बजे से विश्वविद्यालय के चतुर्थ तल पर स्थित सभागार में होगा।

## लविवि के 43 छात्रों का प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 43 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट एक सीमेंट कम्पनी में हुआ। चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने आशीर्वाद दिया और कहा कि चयनित छात्रों ने जिस समर्पण और मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। छात्रों ने यह साबित किया है कि यदि आप कड़ी मेहनत करते हैं और लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहते हैं, तो सफलता अवश्य मिलेगी।

अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने चयनित छात्रों को शुभकामनायें दी और कहा कि यह नियुक्ति संकाय के अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि संकाय में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अंबुजा सीमेंट कंपनी में बीटेक सिविल इंजीनियरिंग के 43 छात्रों आदर्श शुक्ला, एलेक्स इटवाल, अमन वर्मा, अंशुल राजपूत, आशीष कुमार सिंह, अतुल यादव, अविनाश कुमार सिंह, फलक जहेरा, गौरव यादव, हर्षित भारती, हर्षित खरे, हिमाली पाठक, हुस्न बानो, जाह्नवी गुप्ता, कुमारी डॉली सिंह, मोहित प्रकाश, मृतुंजय पांडे, निष्कर्ष पांडे, पीयूष कुमार, प्रतिमा, प्रिया करवरिया, रचना तिवारी, ऋचा, रितिक जायसवाल, सचिन सिंह, सचिन यादव, शालिनी यादव, शम्भवी मौर्या, शिवम सिंह, शोभित प्रताप सिंह, श्रेयस शर्मा, सृष्टि यादव, शुभम कुमार यादव, सुजीत कुमार भारती, तिकेश गुप्ता, उमैद इकबाल, उमर इस्लाम, उत्कर्ष राय, विकास वर्मा, विकास कुमार सिंह, विशाल श्रीवास्तव, विवेक यादव, और योगेश सिंह का चयन 3.12 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।

## रईसी ने अपनी सेवाओं से दिलों पर राज किया

- छोटा इमामबाड़ा में ईरानी शहीदों के लिए यादे सफीराने इंकलाब का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कुछ दिनों पहले एक हवाई दुर्घटना में ईरान के राष्ट्रपति सहित कई लोग शहीद हो गए। इस घटना के बाद पूरी दुनिया शोक में डूब गई। भारत सरकार ने भी एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की और ईरान के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री को विशेष श्रद्धांजलि देने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल ईरान भेजा, जिसमें भारत के उपराष्ट्रपति भी शामिल थे। रविवार को छोटा इमामबाड़ा शहीदों की याद में डूब गया, जहां ऐनुल हयात ट्रस्ट, इदारा इल्म व दानिश और हैदरी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के अलावा दर्जनों धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने याद-ए-सफीरान-ए-इंकलाब कार्यक्रम का आयोजन किया।

मौलाना सैयद जाबिर जौरासी ने भारत और ईरान की संस्कृतियों में समानता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासतें, धार्मिक विश्वास और परंपराएं कई मायनों में एक-दूसरे से मिलती-जुलती हैं, जो दोनों देशों के बीच के रिश्तों को और भी मजबूत बनाती हैं। ईरान के शहीद राष्ट्रपति आयतुल्लाह सैय्यद इब्राहीम रईसी, ईरान के विदेश मंत्री शहीद हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन, तबरेज के इमाम जुमा शहीद आयतुल्लाह सैयद आले -हाशिम के सिलसिले में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ कारी बदर-उल-दुजा ने सूरह बकरा की उन आयतों की तिलावत से किया जिनमें सब्र और शहादत का उल्लेख है। इस मौके पर मौलाना सैयद मोहम्मद हसनैन बाकरी, मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिजवी, मौलाना सैयद मुशाहिद आलम रिजवी ने विचार रखे।

# कॉर्निवाल में बीट द हीट रिट्रीट ने दिलों में बनायी जगह

- सर्वश्रेष्ठ पोस्ट/टिप्पणी पुरस्कार रूपम और महीने के सबसे सहायक सदस्य जसविंदर सिंह सेठी पुरस्कृत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ कनेक्शन-वर्ल्डवाइड (एलसीडब्ल्यूडब्ल्यू) का ग्रीष्मकालीन कार्निवाल 2024 गोमतीनगर स्थित सवॉय रेस्टोरेंट एंड बैंकेट्स में रविवार को आयोजित किया गया। ग्रुप के संस्थापक सुनील मिश्रा और वरिष्ठ एडमिन शोएब कुरैशी की ओर से संकल्पित, वरिष्ठ एडमिन अनिल शुक्ला की परिकल्पित व डॉ. शोभा बाजपेई की तरफ से मार्गदर्शित इस कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिष्ठित सदस्य इस उत्सव में शामिल हुए।

रश्मि मिश्रा के संयोजन व निर्देशन में कार्निवाल में गायन, नृत्य, एकल अभिनय और इंटरएक्टिव खेलों का सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया। मुख्य कलाकारों में मिथिलेश लखनवी, राहुल पांडे, सुमोना एस पांडे, रश्मि त्रिपाठी, मधु श्रीवास्तव, अलका अजय श्रीवास्तव, शिवांश चंद्रा, विपिन बाजपेई, राजीव कुमार सक्सेना, श्रावणी सक्सेना, डॉ. रवि सिंह, निर्मला शर्मा आदि शामिल थे। संयोजकों में संजय पांडे, सुमोना एस. पांडे, प्रदीप शर्मा, अर्चना शुक्ला, विनोद श्रीवास्तव व शशि किरण खरे आदि शामिल थे। कार्निवाल में आये अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ सदस्य डॉ. शोभा बाजपेई, मधु श्रीवास्तव, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, अविनाश अरोड़ा, अरविंद मिश्रा, सविता चौधरी, रवि प्रकाश सिंह, प्रदीप शर्मा, ध्रुव खरे और शमा सिद्दीकी आदि ने किया। रंगारंग कार्यक्रम का सीधा प्रसारण फेसबुक पर किया गया जिसे लगभग 100 देशों में देखा गया। मुख्य आकर्षण में लकी ड्रॉ और ऑनलाइन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए सबसे सक्रिय सदस्य अविनाश अरोड़ा, सर्वश्रेष्ठ पोस्ट व टिप्पणी पुरस्कार रूपम श्रीवास्तव व महीने के सबसे सहायक सदस्य जसविंदर सिंह सेठी को पुरस्कृत किया गया। प्रोग्राम का सबसे महत्वपूर्ण क्षण था मई मास में पड़ रहे सदस्यों के जन्मदिन के क कटिंग सेरेमनी के साथ मनाया जाना। इनमें मणि टंडन, डॉ. प्रदीप के श्रीवास्तव, अपर्णा सिंह, संजय पांडे, शमा सिद्दीकी, प्रदीप शर्मा, नीरजा शुक्ला, नम्रता मिश्रा, सरोज बिलोनीया व एकता गुप्ता शामिल थे। इस आयोजन में युवाओं, बच्चों और नवागंतुकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# प्रश्नोत्तरी से छात्रों को परीक्षा पैटर्न से कराया परिचित

- लविवि के मनोविज्ञान विभाग के यूजीसी-नेट अभ्यर्थियों के लिए कार्यशाला सम्पन्न




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला के पर्यवेक्षण में हो रही यूजीसी-नेट अभ्यर्थियों के लिए कार्यशाला के चौथे दिन रविवार को पहला सत्र अधिगम और प्रत्यक्षीकरण विषय पर था। पहले सत्र की वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. हंसिका सिंघल थी।

उन्होंने क्लासिकल और ऑपरेंट कंडीशनिंग जैसे प्रमुख सिद्धांतों और शोधों का परिचय देकर अपना व्याख्यान शुरू किया। उन्होंने अभ्यस्तता, कंडीशनिंग के दौरान मस्तिष्क में बदलाव, प्रबलन अनुसूची, लर्न्ड हेल्पलेस्नेस, और स्वाद-विरुद्धता जैसी अवधारणाओं को भी शामिल किया। फिर वह अपने सत्र के दूसरे भाग की ओर बढ़ी । उन्होंने संवेदना के बुनियादी सिद्धांतों से शुरूआत की वहां से, उन्होंने अवधारणात्मक स्थिरता, भ्रम और गहराई की धारणा जैसी अवधारणाओं पर गहराई से स्पष्ट किया। उन्होंने पिछले वर्षों के नेट प्रश्नों पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी के साथ सत्र का समापन किया, जिससे छात्रों को परीक्षा पैटर्न से परिचित होने में मदद मिली।

दूसरे सत्र की वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय की मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मानिनी श्रीवास्तव थीं। उन्होंने प्रायोगिक डिजाइन पर व्याख्यान दिया। उन्होंने वैध अनुसंधान परिणामों को प्राप्त करने में एक अच्छी तरह से संरचित प्रयोगात्मक डिजाइन के महत्व पर जोर देकर शुरूआत की।

व्याख्यान में यादृच्छिकीकरण, प्रतिकृति और अवरोधन सहित विभिन्न प्रमुख विषयों को शामिल किया गया, जो पूर्वाग्रह को कम करने और प्रयोगात्मक परिणामों की सटीकता को अधिकतम करने के लिए मौलिक हैं। प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के प्रायोगिक डिजाइनों से परिचित कराया गया। डॉ. मानिनी ने प्रत्येक अवधारणा को वास्तविक दुनिया के उदाहरणों के साथ चित्रित किया, जिसमें निष्कर्षों की वैधता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। सत्र इंटरैक्टिव था, जिसमें प्रतिभागी चर्चा में शामिल हुए और प्रश्न पूछे, जिन्हें उन्होंने विस्तृत स्पष्टीकरण के साथ संबोधित किया। दोनों सत्रों के अंत में वक्ताओं को प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया और लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मेघा सिंह द्वारा उन्हें धन्यवाद दिया गया।

## प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स में पीएचडी पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी

- पुनर्वास विवि में प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स विभाग आगामी योजनायों को लेकर प्रस्तुतीकरण संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह की अध्यक्षता और कुलसचिव रोहित सिंह एवं संकायाध्यक्ष प्रो. वीके सिंह की उपस्थिति में प्रोस्थेटिक्स एवं ओथोर्टीक्स विभाग आगामी योजनायों को लेकर प्रस्तुतीकरण संपन्न हुआ।

विभाग की ओर से प्रस्तुतीकरण विभाग के समन्वयक डॉ. रणजीत कुमार ने प्रस्तुत किया। प्रस्तुतीकरण के मुख्य निम्न बिन्दु पर फोकस किया। विभाग का मुख्य उद्देश्य प्रोस्थेटिक्स एवं ओथोर्टीक्स शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सेंटर फॉर एक्सीलेंस के रूप में स्थापित करना है। इस क्षेत्र में विभाग विगत वर्षों से प्रयासरत है। इसी क्रम में विभाग ने बैचलर इन प्रोस्थेटिक्स एवं ओथोर्टीक्स (स्नातक) पाठ्यक्रम की साथ-साथ वर्ष 2022 में मास्टर इन प्रोस्थेटिक्स एवं ओथोर्टीक्स (परास्नातक) पाठ्यक्रम भी शुरू किया गया है, जोकि पूरे प्रदश में एकमात्र विश्वविद्यालय में यह पाठ्यक्रम संचालित है। विभाग ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रम में तीन नये कौशल विकास विषयों को जोड़ा गया है, जिसमे कैड-कैम, कॉस्मेटिक रेस्टोरेशन तथा एंट्रेप्रेनौर्शिप एवं स्टार्ट-अप है। कैड-कैम को विश्वविद्यालय के यांत्रिकी विभाग, कॉस्मेटिक रेस्टोरेशन को कला विभाग एवं एंट्रेप्रेनौर्शिप एवं स्टार्ट-अप को वाणिज्य विभाग के सहयोग से संचालित किया जायेगा। इन विषयों को जोड़ने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगता पुनर्वसन के क्षेत्र में नए रोजगार को बढ़ावा देना है।

विभाग द्वारा विजन एवं मिशन पर चर्चा करते हुए निम्नानुसार लघु, मध्यम तथा दीर्घकालिक योजनाओं को विस्तार से प्रस्तुत किया। इसमें लघु योजना के तहत कोर्स फोल्डर तैयार करना, छात्रों के असाइनमेंट को ऑनलाइन जमा करने हेतु ऑनलाइन प्रोफोर्मा डेवेलप करना, परीक्षा पद्धति में बदलाव करते हुए विभाग द्वारा संचालित पारंपरिक परीक्षा पद्धति (प्रायोगिक एवं क्लिनिकल) को नवीन परीक्षा पद्धति (ऑब्जेक्टिव स्ट्रक्र्ड प्रायोगिक एवं क्लिनिकल परीक्षा) को लागू करने की योजना, आधुनिक प्रयोगशालाओं को स्थापित कर बेहतर पुनर्वसन सुविधा तथा बेहतर शिक्षा देना, समाज के सभी वर्गों खासकर बच्चों तथा बुजुर्गों को बेहतर पुनर्वसन सुविधा देने के लिए अर्ली इंटरवेंशन केंद्र तथा वयोश्री पुनर्वसन क्लिनिक प्रारंभ करना है। साथ ही सेरिब्रल पाल्सी जैसे विकारों के लिए विशिष्ट पुनर्वसन क्लिनिक की सुविधा शुरू करना है। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, कानपुर जोकि एशिया में सहायक उपकरण के निर्माण के क्षेत्र में भारत सरकार का एकमात्र उपक्रम है, से एमओयू संपन्न कराना विभाग का लघुकालिक लक्ष्य है। विभाग द्वारा टेली-पुनर्वसन की सुविधा शुरू करने की योजना भी शामिल है ताकि सुदूर क्षेत्र के दिव्यांग को पुनर्वसन सुविधा दी जा सके। मध्यकालिक योजनाओं में मुख्य रूप से विभाग की ओर से कई कोर्स शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें पीएचडी पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है, यह देश का एकमात्र विश्वविद्यालय होगा जोकि प्रोस्थेटिक्स एवं ओथोर्टीक्स में पीएचडी पाठ्यक्रम प्रारंभ करेगा।

हैण्ड स्प्लिन्टिंग में छः माह की फेलोशिप की योजना के तहत तकनीक हाथ में उत्पन्न हुए अस्थि विकारों को ठीक करने तथा पुनर्वासित करने में मदद करता है। इस क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए छः माह का फेलोशिप शुरू करना विभाग द्वारा प्रस्तावित है। पीजी डिप्लोमा इन कॉस्मेटिक रेस्टोरेशनः कई दिव्यांग जो अपना अंग जैसे कि उंगली, कान, नाक आदि खो चुके हैं, वे न केवल शारीरिक हानि से पीड़ित हैं, बल्कि मनोवैज्ञानिक हानि से भी पीड़ित हैं। कॉस्मेटिक रेस्टोरेशन कृत्रिम अंग के प्राकृतिक रूप जैसे उंगली, कान, नाक आदि देकर मनोवैज्ञानिक नुकसान से उबरने में मदद करती है। इस क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए एक वर्ष का पीजी डिप्लोमा शुरू करना प्रस्तावित है। पीजी डिप्लोमा इन पेडोर्थिक्सः इस एक वर्ष पाठ्यक्रम में मूलतः डायबिटीज, स्पोर्ट्स एवं अन्य कारणों से उत्पन्न अस्थि विकारों की रोकथाम तथा ओर्थोटिक उपचार पर केंद्रित होगा। कंप्यूटराइज्ड मोशन एनालिसिस प्रयोगशाला को स्थापित करने की योजना है।

संक्षेप

## सांसद एवं विधायक ने सौभाग्यवती गंगवार को दी श्रद्धांजलि

बरेली। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद संतोष गंगवार की पत्नी सौभाग्यवती गंगवार का शुक्रवार निधन हो गया था। इस समाचार को सुनकर प्रदेश भर के नेता श्रद्धा सुमन अर्पित करने भारत सेवा ट्रस्ट पहुंच रहे हैं।

रविवार को सीतापुर के सांसद राजेश वर्मा बदायूं जिले के बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने अपने समर्थकों के साथ भारत सेवा ट्रस्ट पहुंचकर स्वर्गीय सौभाग्यवती गंगवार को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। ज्ञात रहे की सांसद संतोष गंगवार अपने परिजन और मित्रों के साथ अस्थि विसर्जन करने धर्म नगरी हरिद्वार आज सवेरे रवाना हो गए। इस बीच कई लोगों ने आकर श्रीमती सौभाग्यवती गंगवार को श्रद्धांजलि दी कांग्रेस नेता मोहम्मद जकी नवाब मुजाहिदए भोजीपुरा विधायक शाहजिल इस्लाम ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# विजय के लिए भाजपा ने झोंकी ताकत, आज आयेंगे अमित शाह

जिला संवाददाता(vol)



कुशीनगर। लोकसभा चुनाव का अंतिम किला फतह करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जनसभा और जन सम्पर्क के जरिए भाजपा मतदाताओं पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही है इसी क्रम में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को जिले में आएंगे। वह उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पडरौना के खेल मैदान में भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के हवाले से जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार 27 मई को करीब दस बजे हेलीकॉप्टर द्वारा पडरौना आएंगे और उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय खेल मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के हवाले से जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि जनसभा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जनसभा ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री का कार्यक्रम मिलने के बाद जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय , सदर विधायक मनीष जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल सहित अन्य पदाधिकारीयों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। भाजपा ने चुनावी जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। कार्यक्रम की तैयारी के लिए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय की अध्यक्षता में शनिवार देर रात होटल शिवराम पैलेस में बैठक हुई जिसमें कार्यक्रम प्रभारी और संतकबीरनगर के जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम जनसभा को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए आवश्यक प्रत्येक विन्दु पर चर्चा किया। कहा कि यह जनसभा ऐतिहासिक हो इसके लिए युद्धस्तर पर लगकर अपनी अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा। उसके बाद जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय , सांसद विजय कुमार दूबे,सदर विधायक मनीष जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल अन्य पदाधिकारियों के साथ शनिवार को देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर जमे रहे है और तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक अवधेश प्रताप सिंह,खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय, हाटा विधायक मोहन वर्मा, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड, पूर्व जिलाध्यक्ष जगदम्बा सिंह, अखिलेश मिश्र, पडरौना विधानसभा प्रभारी डॉ निलेश मिश्र, पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल, सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप, विधानसभा संयोजक मार्कण्डेय शाही, जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, विशुनपुरा ब्लाक प्रमुख विन्ध्यवासिनी श्रीवास्तव, मोतीचक ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संदीप सिंह, नौरंगिया ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव, खड्डा नगर पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश्वर वर्मा सहित सभी मण्डल अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बचने का हर हथकंडा अपना रहे भ्रष्टाचारी

जिला संवाददाता(vol)



आंवला. बरेली। तहसील क्षेत्र के एक गांव में विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगाकर ग्रामीण ने कमिश्नर से शिकायत की थी। जिसमें कुछ दिन पूर्व टीएसी टीम ने गांव पहुंचकर आरोपों की बिंदु पर जांच की।

**शिकायत पर कमिश्नर ने कराई थी विकास कार्यों की जांच**

शिकायतकर्ता ने थाने के एक पुलिसकर्मी पर जबरन कागज पर हस्ताक्षर कराने का आरोप लगाया जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है शिकायतकर्ता ने आरोपियों से सांठगांठ कर फर्जी तरीके से समझौता कराने का आरोप लगाकर अधिकारियों को शिकायत दी है। ब्लॉक रामनगर के गांव मनोना निवासी पंकज सिंह ने बताया कि उसने 27 जून 2023 को गांव में आवासए सीसी रोडए मनरेगा के कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर मंडलायुक्त को शिकायती पत्र देकर टीएसी टीम से जांच कराने की मांग की थी। कुछ दिन पूर्व टीम ने गांव में पहुंचकर स्थलीय जांच की थी। उसने आरोप लगाया कि आंवला थाने के पुलिसकर्मी ने उसको खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बनाकर बलपूर्वक एक कागज पर हस्ताक्षर करा लिए जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग उसके पास है। उसने बताया कि आरोपियों ने सांठगांठ कर फर्जी समझौतानामा भेज दिया। ग्रामीण ने डीएमए कमिश्नर समेत उच्च अधिकारियों को शिकायत देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने किया जनसंपर्क

जिला संवाददाता(vol)



देवरिया ।इंडिया महागठबंधन से लोकसभा देवरिया से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष /पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के हरिहरपुर,अहिरौली मिश्र, भटवलिया,रामपुर पट्टी,रामपुर बरहन, अमवा खास, बासगांव,गढ़हिया,गोपालपुर, जवही नरेन्द्र सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण,जनसंपर्क एवं जनसंवाद किया।

गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि देवरिया के सांसद सदन में पहुंचने के बाद तमकुहीराज को भूल जाते हैं जिसके कारण यह क्षेत्र विकास से कोसों दूर है इस क्षेत्र में ना कोई उद्योग धंधा है ना कृषि के संसाधन जिस कारण युवा,किसान सहित आमजन हताश और परेशान है इस क्षेत्र के बांधो की हालत जर्जर है जिस कारण क्षेत्र के लोग हर साल भयंकर बाढ़ की विभीषिका झेलते है और जनप्रतिनिधि हर बार झूठ पर झूठ बोल कर वोट लेकर चले जाते है ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष/पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू ने कहा की यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है यह देश की एकता, अखंडता, और संविधान बचाने का चुनाव है भाजपा की सरकार और इनके नेता झूठ की पराकाष्ठा पार कर दिए है और झूठे विकास की बात कर अपनी पीठ थपथपाते है अब इनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है आने वाला समय इण्डिया गठबंधन का है।

इस दौरान मुकेश चौहान पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखनऊ पूर्वी अमरनाथ अग्रवाल प्रवक्ता प्रदेश कांग्रेस ,द्विजेंद्र त्रिपाठी, अमरनाथ अग्रवाल, ओंकारनाथ सिंह, वेदप्रकाश त्रिपाठी जिलाध्यक्ष ,विरेंद्रप्रताप नारायण पाण्डेय,लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मधुश्याम राय,पूर्व ब्लाक प्रमुख उदयनारायण गुप्ता ,संजय गुप्ता, धुआं सिंह, शांतनु जायसवाल, राजन यादव, बी एन सिंह कुशवाहा, अरविन्द यादव,लालमन यादव,मान सिंह चौहान आदिलोग उपस्थित रहे।

# फंदे से लटकता मिला युवक का शव

रूदौली-अयोध्या। थाना मवई क्षेत्र अंतर्गत जैसुखपुर गांव शनिवार रात्रि को एक युवक का शव घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार की रात्रि 12 बजे जयसुखपुर गांव में 35 वर्षीय वाहिद खान पुत्र सफीक खान ने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर संदेह होने पर घर वाले के साथ एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी मवई ले आये। जिसको डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी आशा शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# धर्म मनुष्य को दृष्टि देता है: आचार्य ब्रजेश

जिला संवाददाता(vol)



पडरौना, कुशीनगर। नगर सीमा से सटे सिधुआ स्थान मन्दिर परिसर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक आचार्य ब्रजेश जी महाराज ने अश्वत्थामा द्वारा द्रौपदी के पांच पुत्रो की हत्या किये जाने तथा द्रौपदी द्वारा अश्वत्थामा को माफ करने तथा भगवान कृष्ण द्वारा उत्तरा के गर्भ में पल रहे शिशु की रक्षा किये जाने की कथा सुनाई कथा वाचक ने कहा कि द्रौपदी ने जब अश्वत्थामा को माफ किया तो पाण्डू पुत्रो द्वारा अश्वत्थामा का सीखा का छेदन व मणि को निकाल लिया गया।

उत्तरा के गर्भ मे पल रहे शिशु की अश्वत्थामा ने हत्या किया था तो बच्चे की रक्षा हेतु कृष्ण की शरण में गयी। कथा वाचक ने कहा कि धर्म जीव को दृष्टि देता हैं अधर्म जीव को अंधा बना देता है। निर्बल के बल परमात्मा है। जीव की सबसे बड़ी विपत्ति प्रभु को भूल जाना है।

प्रभु का स्मरण ही जीव की सबसे बड़ी सम्पति है। कुन्ती ने भगवान कृष्ण से विपत्ति मांगा था भगवान ने पूछा कि लोग समृद्धि मांगते हैं आप विपत्ति क्यो मांग रही है इस पर कुन्ति ने कहा कि विपत्ति मे ही ईश्वर के दर्शन होते हैं जब ईश्वर का दर्शन हो जाय तो मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है।

कथा वाचक ने कहा कि जीवन को सुन्दर व निर्मल बनाओ जैसे अन्य खाओगे वैसा ही मन रहेगा। कथा प्रारम्भ से पूर्व आयोजक मन्दिर के महंथ योगेश्वरनाथ, पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय, दीपनारायण अग्रवाल, पप्पू पाण्डेय, ध्रुव जायसवाल, सुरेन्द्र कुमार सिंह, सुशील जायसवाल आदि ने व्यास गद्दी का पूजन किया। इस दौरान तमाम श्रोता उपस्थित रहे।

# आकर्षण के केंद्र में रहा बजरंगबली के रूप में बना युवक



रुद्रपुर देवरिया। प्रधानमंत्री मोदी के जनसभा स्थल पर बिहार से चलकर आया एक युवक बजरंगबली की मुद्रा में आकर्षण का केंद्र रहा। वह जहां से भी गुजरा लोगों ने उसके साथ सेल्फी ली। मंच का संचालन कर रही राज्यसभा सांसद संगीता यादव ने भी बजरंगबली के भेष में बने युवक की तारीफ की। जिस पर भीड़ ने तालियां बजाया। बजरंगबली के भेष में सजे युवक ने गदा ले रखी थी जिस पर जय श्री राम लिखा हुआ था और सर पर कमल की टोपी पहनी हुई थी जिस पर अबकी बार 400 बार और जय भाजपा तय भाजपा लिखा हुआ था।

# अखिलेश इंडिया गठबंधन के पक्ष में कल पडरौना में सभा को संबोधित करेंगे

कुशीनगर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नेता विरोधी दल अखिलेश यादव लोकसभा क्षेत्र कुशीनगर से सपा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय कुमार सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार के पक्ष में पडरौना स्थित नवीन सब्जी मंडी के ग्राउंड में 28 मई 2024 को चुनावी सभा को संबोधित करेंगे ।सपा द्वारा जारी सूचना के मुताबिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री यादव 12 बजे अपरान्ह अमौसी एयरपोर्ट से निजी वायुयान से प्रस्थान करेंगे और 12:45 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। जहाँ से निजी हेलीकॉप्टर से 1:20 बजे पडरौना हेलीपैड/सब्जी का मैदान, न्यू पुलिस लाइन रोड पहुंचेगे। जहां सभा को संबोधित करने के बाद 2:30 बजे सब्जी मंडी पर बने हेलीपैड से बांस गांव लोकसभा क्षेत्र में प्रचार के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# जनता की सेवा की है और करता रहूंगा यही मेरी प्राथमिकता : रवि किशन



गोरखपुर। गोरखपुर सदर सांसद व भाजपा प्रत्याशी रवि किशन शुक्ला ने रविवार को कई जगहों पर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कमल के फूल पर मतदान की लोगों से अपील की।

सांसद रविकिशन ने दीनदयाल नगर के दिलेजकपुर , आर्य नगर के सरस्वती विद्या मंदिर, तिवारीपुर पुलिस चौकी चौराहा, धर्मशाला सिंधी चौराहा सहित कई जगहों पर जनसंपर्क किया। इस दौरान सांसद ने फिर से मोदी सरकार बनाने और अधिक से अधिक मतदान की अपील की है।

सांसद रवि किशन ने कहा कि आज देश विश्व कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का तीव्र गति से विकास हुआ है। आज सभी योजनाओं का लाभ आमजनता को मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश आज उत्तर प्रदेश बना है। सीएम योगी के नेतृत्व में आज यहां कानून का राज है। आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। बेटियां सुरक्षित हैं।

# ढाढ़ा चीनी मिल के गेट क्षेत्र में 30 प्रतिशत गन्ना क्षेत्रफल बढ़ा: अधिशाषी अध्यक्ष

जिला संवाददाता(vol)

कसया, कुशीनगर। गन्ना पेराई सत्र 2023- 24 में न्यू इण्डिया सुगर मिल ढाढ़ा हाटा ने जनपद में सर्वाधिक 102.95 लाख कुन्तल गन्ना पेराई कर 11.29 लाख कुन्तल चीनी का उत्पादन की। चीनी मिल के गेट क्षेत्र 30 किमी. परिक्षेत्र के अंतर्गत 30 प्रतिशत गन्ना क्षेत्रफल बढ़ा है ।यह जानकारी चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराईच - गोरखपुर के सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता के साथ चीनी मिल परिक्षेत्र में चलाये जा रहे विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमो की जानकारी लेते हुए दी। उन्होंने बताया कि समस्त गन्ना मुल्य भुगतान कर दिया गया है अधिशाषी अध्यक्ष ने सहायक निदेशक को बताया कि गन्ना पेराई सत्र 2023-24 में गेट क्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल 31600 एकड़ था जो बढ़कर वर्ष 2024-25 में 39500 एकड़ हो गया है। मेरा मूल उद्देश्य है। गन्ने का औसत उपज 200 कुन्तल प्रति एकड़ से बढ़ाकर 400 कुन्तल प्रति एकड़ करना, दुसरा किसान के गन्ना उत्पादन लागत 25 से 30 प्रतिशत कम करना, तीसरा किसान के सामने गन्ने की खेती में सबसे बड़ी समस्या मजदूरो - श्रमिको का है। इसको दूर करने के लिए आगामी दो वर्षो में सभी किसानो को कृषि यंत्रो से जोड़ कर, गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाना, लागत को कम करना तथा कृषको की आय बढ़ाना है। सहायक निदेशक श्री गुप्ता ने पूछा गन्ना किसानो को गन्ने की खेती करने के लिए कौन - कौन गन्ना कृषि यंत्र किसानो को उपलब्ध करा रहे है। इस सवाल के जवाब मे करन सिंह ने कृषि यंत्रो को दिखाते हुए बताया कि गन्ना बुवाई के लिए आटोमेटिक शुगर केन प्लान्टर 41 मंगायें है जो किसानों को अनुदान पर दिया जा रहा है। यह यंत्र एक साथ गन्ना बुवाई के लिए नाली बनाता है, बीज गन्ने का दुकड़ा काटता है, उर्वरक प्रयोग करता है तथा टुकड़ो को नाली में मिट्टी से ढकता है। पेड़ी गन्ना प्रबंध ( आरएमडी ), गन्ना गुड़ाई के लिए पावर टीलर गहरी जुताई का यंत्र, गन्ना फसल सुरक्षा के लिए पावर स्प्रेयर, इन सभी यंत्रो का प्रदर्शन कराकर कृषको को दिखाया जा रहा है। मिलक्षेत्र में 90 खेतो में गन्ना गेहूँ बोया था, 15 कुन्तल एकड़ से अधिक गेहूँ का उपज मिला है। आटो मेटिक शुगर केन प्लान्टर से बोया गया गन्ना , कई खेतो पर सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने कृषको के साथ देखा है। बहुत अच्छा जमाव हुआ। मिल परिक्षेत्र में सहायक निदेशक द्वारा विशेष प्रशिक्षण चलाया जा रहा। पद्म श्री डा. बक्शी राम पूर्व निदेशक गन्ना प्रजनन संस्थान कोयम्बटूर , द्वारा समय - समय पर क्षेत्र का भ्रमण कर मार्ग निर्देशन दिया जा रहा है।

# मृगांक मणि ने बोरिंग दुर्घटना में कालकवलित हुए मृतकों के परिजनों से मिलकर बंधाया ढाढ़स

कसया, कुशीनगर। शनिवार को दोपहर में फाजिलनगर के लक्ष्मीपुर महंथ में बोरिंग करते समय काल के गाल में समाए रहसु जनुबीपट्टी के पुरैना हरिजन बस्ती के स्व. बुधन प्रसाद तथा मुसहर बस्ती के स्व. छोटेलाल प्रसाद के परिजनों से मिलकर भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि के छोटे भाई मृगांक मणि ने अपने सहयोगियों के साथ पहुंचकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया और यह आश्वस्त किया कि वह पूरी तरह से दुख के इस घड़ी में उनके साथ है । उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित जो भी सहयोग है वह निश्चित अवधि में दिलाई जाएगी। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष चिरंजी सिंह, उपाध्यक्ष महेश गिरी, पूर्व प्रधान मनीष तिवारी, धनहां के प्रधान बबलू राय, डा.राम इकबाल कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, राजन श्रीवास्तव महेंद्र कुशवाहा, संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी का लगाया आरोप

कसया, कुशीनगर। नगर में संचालित जमींन खरीद बेंच करने वाली एक कम्पनी पर एक महिला ने थाने में तहरीर देकर जमींन के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपये लेने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है ।देवरिया जनपद के गौरी बाजार थानाक्षेत्र के ग्राम हरीराम पुर निवासिनी विजवंता देवी के थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि निजी संस्था के मालिक द्वारा उसे गोरखपुर के मानीराम में प्लाट दिखाकर सुबिधाओं का लालच दिया और प्रार्थिनी से 7 लाख 57 हजार 225 रुपये का 60 प्रतिशत रकम खाता में भेजा गया। कम्पनी मालिक के लड़के के द्वारा प्रार्थिनी के नाम पर उक्त प्लाट बैनामा कर दिया गया। बाद में पता चला कि उक्त जमींन गलत तरीके से नाम कराकर बेंच रहे हैं। जिलाधिकारी गोरखपुर ने उक्त प्लाट में गेट व निर्माण गिरवा दिया। प्रार्थिनी उनके पास जमींन देने या रुपये के लिए दौड़ती रही। बताया कि नेशनल हाईवे स्थित कार्यालय अपने पैसे के लिये जाने पर प्रार्थिनी को घेर लिए और घुड़की धमकी दी और पैसे देने से इंकार कर दिया। जबकि प्रार्थिनी ने प्लाट की सभी किश्त जमा कर दी है। पीड़िता ने कार्रवाई की मांग करते हुए पैसा वापस दिलाने की मांग की।

# लकी शाह ने जान पर खेलकर बचाई 12 की जान



जिला संवाददाता(vol)

बरेली। समाजसेवी जुनैद उर्फ लक्की शाह अपने परिवार के साथ नैनीताल से लौट रहे थे। सीताराम फैजाबाद की रहने वाला जायसवाल परिवार भी उनकी गाड़ी से आगे के चल रही थी अचानक रास्ते में देखा कि कार खाई में गिर गई है। उन्होंने जैसे तैसे घायलों को बाहर निकाला।

अयोध्या के रहने वाले विशाल जायसवाल परिवार के अन्य सदस्यों के साथ नैनीताल घूमने गए थे। ज्योलीकोट के पास उनकी कार गहरी खाई में गिर गई। वहां से दूसरी गाड़ी से गुजर रहे बरेली के समाजसेवी जुनैद उर्फ लकी शाह ने बड़ी मुश्किल से घायलों को बाहर निकाला। कई बार उनके सामने खाई में गिरने का भी खतरा थाए पुलिस को इत्तिला दीए लेकिन पुलिस के पहुंचने के पहले ही घायलों को बाहर निकाला गया। किसी तरह बड़ी मुश्किल से उन सभी को हल्द्वानी में अस्पताल तक पहुंचाया गया।

लकी शाह ने बताया कि हादसे में विशाल जायसवाल की मृत्यु हो गई लेकिन बाकी लोगों को बचा लिया गया। समाज के विभिन्न लोगों ने उनकी प्रशंसा की है।

# सांसद रवि किशन ने बाइक रैली निकाल लोगों से मतदान के लिए की अपील



गोरखपुर। गोरखपुर सदर सांसद व भाजपा प्रत्याशी रवि किशन शुक्ला ने शहर में बाइक रैली निकाल लोगों को मतदान के लिए अपील की। इसके साथ ही कई जगहों पर जनसंपर्क किया। सांसद रवि किशन ने गीतानगर मंडल के हांसूपुर, बसंतपुर में जनसंपर्क किया। इसके बाद सांसद रवि किशन के नेतृत्व में मालवीय नगर मंडल के सिविल लाइन्स स्थित गोरखपुर क्लब से बाइक रैली निकाली गयी। इस बाइक रैली में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। यह रैली गोरखपुर क्लब से इंदिरा बाल बिहार, यूनिवर्सिटी चौक, गणेश चौक, कचहरी चौक, शास्त्री चौक होते हुए गोरखपुर क्लब पर समाप्त हुआ। सांसद रवि किशन ने कहा कि बाइक रैली का मकसद लोगों को मतदान के लिए जागरुक करना था। इसके साथ ही एक जून को कमल के फूल का बटन दबाकर मोदी सरकार को फिर से लाने की अपील भी की। सांसद ने कहा समाज के हर वर्ग के लोगों का साथ मुझे मिल रहा है। लोग विकास कार्यों को महत्व दे रहे है।

सांसद रवि किशन ने कहा कि आज देश विश्व कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का तीव्र गति से विकास हुआ है। आज सभी योजनाओं का लाभ आमजनता को मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश आज उत्तर प्रदेश बना है। सीएम योगी के नेतृत्व में आज यहां कानून का राज है। आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। बेटियां सुरक्षित हैं।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, भाजपा नेता राहुल राणा सिंह अजय श्रीवास्तव सहित सेंकड़ों की संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को किया जायेगा सम्मानित

कुशीनगर। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद कुशीनगर में दिनांक 01 जून, 2024 दिन शनिवार को मतदेय स्थलों पर मतदान सम्पन्न कराया जाना है।

मतदाता सहभागिता बढ़ाकर आकांक्षी मतदान प्रतिशत प्राप्त किये जाने के उद्देश्य से दिनांक 27, 28, 29, मई 2024 को लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु नामित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर में भ्रमणशील रहेंगे और सत्यापन करेंगे कि जनपद के समस्त बी०एल०ओ० द्वारा मतदान पर्ची का वितरण किया गया है अथवा नही, उक्त कार्य में जिस बी०एल०ओ० का कार्य संतोषजनक नही पाया जाएगा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिन बीएलओ द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया जायेगा उनको जिलाधिकारी कुशीनगर के साथ चाय पर आमंत्रित किया जाएगा तथा प्रशस्ति-पत्र भी दिया जाएगा।

# बैंक खाते से निकाले 20 हजार

ललितपुर। मूल रूप से महाराष्ट्र के जिला बीड़ अंतर्गत थाना आष्टी के ग्राम पारगांव ( जो. ) निवासी भोराड़े अरूण ज्ञानदेव पुत्र ज्ञानदेव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह वर्तमान में मिलेट्री कैम्प तालबेहट में तैनात हैं। बताया कि बीती 16 मई को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके बैंक एकाउण्ट से 20 हजार रुपये जो कि छुटमलपूर सहारनपुर उ.प्र. से निकाले हैं।

बताया कि एक हजार रुपये किसी के खाते में स्थानान्तरित किये हैं। भोराड़े अरूण ज्ञानदेव की तहरीर पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 406 व आई.टी.एक्ट की धारा 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

संक्षेप

## भीषण गर्मी ने हर किसी को किया परेशान

सीतापुर। रविवार को सूर्योदय होते ही गर्म मौसम ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। सूर्योदय होने के साथ तापमान भी बढ़ता चला गया। सूर्य के तेवर तल्ख होते चले गए। दोपहर होते-होते आसमान से आग सी बरसने का एहसास होने लगा। लोगों ने घरों से बाहर निकलने से परहेज किया। इस दौरान भीषण बिजली कटौती ने लोगों को और परेशान करके रख दिया। लोग इस भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए पेड़ों की छांव तलाशते नजर आए। कूलर और पंखे भी जवाब दे गए। शहर से लेकर गांवों तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। ऐसा लग रहा था कि मानों आसमान से आग बरस रही हो। इस बीच चली हवाएं भी बेहद गर्म रहीं। गर्म लू हर किसी के बदन को झुलसा रही थी। ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को भी लोग नहरों, नदी व तालाबों में नहाते व उछलकूद मचाते नजर आए। इस भीषण गर्मी की वजह से काफी संख्या में लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस उछलकर 41 डिग्री सेल्सियस से 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

## नदी किनारे लावारिश युवक का मिला शव

तंबौर/सीतापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम लखनीपुर के पास बह रही शारदा नदी के किनारे एक लावारिश युवक का शव बरामद हुआ है जो कई दिन पुराना मालूम पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजयेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जिन्होंने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया और शव के पहचान करवाने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक का शव तीन चार दिन पुराना मालूम पड़ता है जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। जो काला शर्ट काली बनियान व सफेद पैंट पहने हुए है। मृतक की पैंट की जेब से थोड़ी भाँग निकली है जिससे वह नशे का आदी मालूम पड़ता है। पंचनामा भरवाकर शव को सील कर पीएम के लिये भेजा जा रहा है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

रेउसा/सीतापुर। कोतवाली महमूदाबाद नई बस्ती निवासी विकास पुत्र रामू उम्र 20वर्ष शनिवार को अपनी रिश्तेदारी में तंबौर जा रहा था। थाना रेउसा क्षेत्र के तम्बौर मार्ग पर बंभनावा गांव के निकट देर रात किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घटनास्थल पर गंभीर रूप से चोटिल होकर गिर गया, राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस उसे इलाज हेतु सीएचसी रेउसा लेकर आई जहां चिकित्सक ने विकास को मृत घोषित कर दिया। कई घंटो के बाद मृतक युवक की पहचान हो सकी। इस बाबत उपनिरीक्षक झारिया सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हुई है, जिसकी पहचान हो गई है। शव का पंचायत नामा भरकर पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

## बकरी चराने गयी बालिका से दुष्कर्म

सीतापुर। सिधौली कोतवाली इलाके के एक गांव की बालिका उम्र 11 वर्ष बकरी चराने रामपुर कलां थाना क्षेत्र के ग्राम नयागांव के निकट गई थी। बतातें हैं कि इसी दौरान बालिका के गांव के ही तीन नाबालिग लड़के वहां पहुंचे। जिन्होंने बालिका के साथ जबरन दुष्कर्म किया। गैगरेप की वजह से बालिका की हालत बिगड़ गई। खबर फैलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और बालिका को अस्पताल पहुंचाया। वहीं परिजनों ने इस संबंध में गांव के तीन बालकों के खिलाफ रामपुर कलां थाने में तहरीर दी है। घटना के संबंध में सीओ आलोक प्रसाद ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। इस में तीन आरोपी है। तीनों आरोपी बालिका के गांव के ही निवासी हैं। तीनों आरोपी नाबालिग बताए जा रहे हैं। बालिका को ईलाज व डॉक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है।

# तेज रफ्तार बस पलटने से 25 यात्री घायल



जिला संवाददाता(vol)

बिछिया, उन्नाव। दही मोहनलालगंज मार्ग पर दही थाना क्षेत्र के अंतर्गत अनियंत्रित स्लीपर बस पलटने से लगभग एक दर्जन यात्री हुए घायल जिन्हे उपचार के लिए बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

जानकारी के अनुसार दही मोहनलालगंज पुरवा मार्ग पर ओरहर गांव मोड़ के निकट तेज रफ्तार स्लीपर अनियंत्रित बस पलटने से बस में बैठी 25 सवारी घायल हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने जिनमें से 8 सवारी अधिक घायल होने पर बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिया भेज दिया। बुलंदशहर जनपद के सवारा निवासी बस चालक सकील 45 क्लीनर शारूख 30 पुत्र मकसूर अली स्लीपर बस में सवारी लेकर दिल्ली से रायबरेली जनपद के बछरावा जा रहा था। रविवार सुबह पांच बजे पुरवा की तरफ से आ रहे कंटेनर से आमने सामने की टक्कर को बचाने के कारण दही थाना क्षेत्र के ओरहर मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। बस चालक के अनुसार 25 सवारी थी जबकि कुछ सवारी कानपुर और उन्नाव उतर गई थी। बस पलटने के बाद उसमे मौजूद सवारी सदमे में आ गई बस में फसी सवारियों को बस के शीशे तोड़कर बाहर निकाला गया घटना स्थल पर पहुंची दही पुलिस ने एंबुलेस की सहायता से घायलों को बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया घायल यात्रियों को मामूली चोट आई थी जिससे सभी बस यात्री प्राथमिक उपचार के बाद अपने गंतव्य को चले गए। जबकि अन्य सवारियो को पुलिस ने अन्य साधन से भेजा उनके स्थान भिजवाया। दही थाना अध्यक्ष अनुराग सिंह ने बताया की बस पलट गई थी। चालक क्लीनर सहित कुल आठ लोग घायल है। जिनको इलाज के लिए बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है कोई भी यात्री गंभीर घायल नही है।

घायलों राकेश पुत्र दुखी मौर्या 38 महराज गंज बछरावां, अशोक कुमार 25 पुत्र जगराम अमेठी, नन्द कुमार 32 पुत्र रामबहादुर सरेहटा अमेठी, सियावती 28 पत्नी सुखदेव बछरावां, आशुतोष 22 पुत्र बेचालाल बछरावां, प्रेमा 48 पत्नी झुर्री अजीत पुर महराज गंज, कमलेशा 40 पत्नी पुत्ती लाल, सकील 45 पुत्र साहिल बुलंदशहर सरावा आदि लोग थे।

## सीतापुर के कई गांव में मातम तीन दिन के लिए बुक थी बस

सीतापुर। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान पढ़ाए जाने वाले यातायात नियमों के पाठ और सरकारी जागरूकता अभियानों की जमीनी हकीकत से शाहजहांपुर के खुटार गोला मार्ग में शनिवार की रात हुए हादसे ने रूबरू करा दिया। हर चौराहे पर दो पहिया-चार पहिया वाहनों पर कार्रवाई की झड़ी लगाने वाली ट्रैफिक पुलिस की इस ओवरलोड वाल्वो बस पर नहीं पड़ी। 52 सीटों वाली बस में 70 सवारियां बैठाई गई थीं। इसे बस संचालक का रसूख ही कहा जाएगा कि सीतापुर के सिधौली कस्बे से शहजहापुर के खुटार मार्ग के करीब एक 120 किलोमीटर के सफर के दौरान कहीं रोकटोक नहीं हुई। सीतापुर बिसवां कस्बे के राजा भान सिंह की वोल्वा बस 32 हजार रुपए किराये पर तीन दिनों के लिये बुक थी। इस बस में कुल मिलाकर 52 लोगों के बैठने की क्षमता थी। लेकिन, इसमें करीब 70 यात्री ले जाए जा रहे थे। यदि सीट के मुताबिक ही यात्री होते तो शायद इतनी बड़ी संख्या में लोगों की जान न जाती एनएचएआइ की पेट्रोलिंग टीम की लापरवाही भी सामने आई है। वहीं 12 लोगों की मौत हो गई।

## ग्राम समाज की भूमि पर अवैध तरीके से हो रहे निर्माण पर जतायी आपत्ति

पाटन, उन्नाव। थाना बिहार के भगवंतनगर चैकी क्षेत्र के अन्तर्गत हरिहरपुर मजरे विजईखेड़ा निवासिनी विजयलक्ष्मी पत्नी जगदीश प्रसाद ने उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया उसके घर के सामने नाली व ग्राम समाज की जमीन पड़ी है जिस पर गाँव के ही दबंग रंजीत कुमार पुत्र बाबूलाल मेरी घर से निकली नाली तोड ग्राम समाज की भूमि में पक्की दीवाल बनाकर अवैध निर्माण कर रहे है। मेरे मना करने पर उक्त लोग मारपीट व गाली-गलौच करने पर आमादा हो जाते है। मेरे पति शहर में रोजी रोजगार के लिए बाहर है। अगर इस मामले में उचित कार्यवाही नही की गई तब नाली बंद हो जाने से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाएगा। उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है थाना बिहार प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

## राया पुलिस और स्वाट टीम ने पकड़ा 25 हजार का इनामी



मथुरा। राया पुलिस और स्वाट टीम ने रुजगैला रोड हनुमान मंदिर के पास से 25 हजार के इनामी बदमाश को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से चोरी की मोटर साईकिल एक अदद तमंचा 12 बोर मय एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। थाना राया प्रभारी अशोक कुमार और स्वाट टीम प्रभारी अभय कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि काफी समय से वांछित चल रहा है 25 हजार का ईनामी किसी घटना को अंजाम देने आ रहा है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम के साथ रुजगैला रोड हनुमान मंदिर के पास से राकेश उर्फ रौकी उर्फ राकी पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम नगला अनी थाना मुरसान हाथरस को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। यह लगभग से अधिक मामलों में विभिन्न थानों से वांछित चल रहा था।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



सीतापुर। मानपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। पुलिस ने मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भगौतीपुर निवासी विजय पुत्र रामखेलावन को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि विजय नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी है। वारदात के बाद से वह फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

# महानिदेशक स्कूल शिक्षा से मिला जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष अपूर्व दीक्षित के नेतृत्व में महानिदेशक स्कूल शिक्षा, शिक्षा निदेशक (बेसिक), सचिव बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, सहायक शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल से मुलाकात की। इसमें प्रमुख रूप से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के साथ विद्यालयों में 6 वर्ष के बच्चों के नामांकन के संदर्भ में निर्गत आदेश के संबंध में विस्तृत वार्ता की गई जिस पर संघ को यह अवगत कराया गया कि देश के लगभग 6 राज्यों को छोड़कर लगभग सभी राज्यों में इसी प्रकार की व्यवस्थाएं वर्तमान सत्र से लागू की गई है जिसमें आगे आने वाले समय में यदि नामांकन में समस्या आती है तो उसका निस्तारण किया जाएगा साथ ही शिक्षक प्रशिक्षण से संबंधित धनराशि डीवीटी के माध्यम से शिक्षकों के खातो में न पहुंचने के संदर्भ में अवगत कराया गया।

इस पर संबंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा ग्रान्ट की मांग करने पर संबंधित शिक्षक प्रशिक्षण का पैसा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया साथ ही संघ ने यह अनुरोध भी किया कि आने वाले समय में कंपोजिट ग्रांट का पैसा वित्तीय वर्ष के अंत में न भेजा जाए तथा उसे सही समय पर भेजा जाए जिस पर सकारात्मक उत्तर प्राप्त हुआ मानव संपदा पोर्टल पर हाफ डे लीव व्यवस्था के होने के संबंध में महानिदेशक को अवगत कराया गया तथा उनसे शिक्षकों को अपरिहार्य स्थिति में इसकी व्यवस्था लागू करने की मांग की गई इसके संबंध में भविष्य में इस प्रक्रिया को लागू करने के संबंध में आश्वासन प्राप्त हुआ स्थानांतरण तथा पदोन्नति के विषय संघ ने अपनी बात रखी तथा यह अवगत कराया की 2011 से यह प्रक्रियाएं नहीं हो पाई है जिसके संबंध में इस सत्र में पदोन्नति करने एवं स्थानांतरण करने के विषय में सकारात्मक उत्तर प्राप्त हुए पीएम श्री विद्यालयों में शीघ्र ही शिक्षक छात्र अनुपात के अनुसार शिक्षकों को भेजने के संबंध में भी संघ द्वारा मांग रखी गई इसके संबंध में महानिदेशक ने आने वाले सत्र में इसकी व्यवस्था करने के लिए आश्वासन दिया इसके साथ शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में वार्ता की गई इस प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से प्रदेश प्रवक्ता मनीष पांडे प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया जिलाध्यक्ष उन्नाव कृष्ण शंकर मिश्र, उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी विनीत बाजपेई, लेखाकार चंद्र प्रकाश दीक्षित आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बाइकों की टक्कर में दो घायल

जिला संवाददाता(vol)

कौड़ीराम, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के कौड़ीराम गोला मार्ग पर देवकली गांव के सामने रविवार की शाम करीब सात बजे दो बाईकों की टक्कर में दो लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

गगहा क्षेत्र के देवकली निवासी राधे (26) पुत्र मंगरु और उसका भाई अनुज अपनी बाइक से तीयर चौराहे से दवा लेकर घर आ रहे थे। एक दूसरी बाइक पर गगहा क्षेत्र के हरिखोरा निवासी निगम(22), प्रदुम्न(28) और सोहित (24) जानीपुर से तीयर की और जा रहे थे। बाइक निगम चला रहा था। देवकली गांव के सामने दोनों बाईकों में टक्कर हो गई। घटना में राधे और सोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि प्रदुम्न, निगम और अनुज को मामूली चोटें आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हरिखोरा के तीनों युवक नशे में धुत थे। टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को सरकारी एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीराम भेजा। जहा प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनो बाइक पर सवार कोई भी युवक हेलमेट नहीं पहना था।

## मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार



सीतापुर। मछरेहटा थाना पुलिस टीम व स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर मिश्रित रोड स्थित पुलिया के निकट छापेमारी की। पुलिस ने वहां पर मछरेहटा थाना क्षेत्र के तकिया बाजार निवासी रोहित पुत्र राजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि रोहित कस्बे की दुकान से मोबाइल फोन चोरी करने का आरोपी है। जांच के दौरान उसका नाम प्रकाश में आया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी किये गये कुल 5 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि रोहित शातिर अपराधी है। उसके द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर उसके जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

## गोरखनाथ विश्वविद्यालय में 2709 प्रवेशार्थियों ने दी परीक्षा

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में रविवार को बीबीए ऑनर्स लॉजिस्टिक्स, एएनएम, डिप्लोमा लैब टेक्नीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, डायलीसिस टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन के लिए प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। प्रवेश परीक्षा में कुल 2079 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

प्रवेश परीक्षा गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग और गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में हुई। कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने परीक्षा केंद्रों समेत सभी जरूरी स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो. सुनील कुमार



सिंह ने बताया कि रविवार को 2709 प्रवेश परीक्षार्थियों ने बीबीए ऑनर्स लॉजिस्टिक्स, एएनएम, डिप्लोमा लैब टेक्नीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, सहित 7 अन्य विषयों की परीक्षा भव्य स्तर पर हुआ। तीन दिनों तक चले प्रवेश परीक्षा पूर्ण अनुशासन, शांति व्यवस्था के साथ सकुशल संपन्न हुई है। विश्वविद्यालय में 'चलो वोट करें' सेल्फी पॉइंट पर अभ्यर्थियों और अभिभावकों ने सेल्फी लेकर मतदान का संकल्प लिया।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




इटावा। वरिष्ठ समाजसेवी रामशरण गुप्ता के द्वारा लोटस टीएमटी मेडिकल बस कैंप कचोरा रोड साई मन्दिर पर लगाकर रोगियों का कुशल चिकित्सकों द्वारा निशुल्क इलाज किया गया। निशुल्क कैंप रामशरण गुप्ता के प्रयास से लगाया जा रहा है उन्होंने बताया दी जल्द ही अन्य रोगों के लिए उचित संसाधनों के साथ निशुल्क कैंप लगाया जायगा, रविवार को कचैरा रोड साई मन्दिर पर बड़ी संख्या में रोगियों की जांच के साथ दवा दी गई, चिकित्सा टीम में डॉ शफीकुल इस्लाम नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. शाहवनराय डेंटिस, डॉ. हरदीक गिलानी फिजिशियन ने मरीजों का परीक्षण किया और परामर्श दिया। इस अवसर पर वैश्य एकता परिषद के जिलाध्यक्ष हरिओम गुप्ता, श्रीनिवास वर्मा, श्याम, पुष्कर वर्मा, अमरीश, प्रेमकुमार उपस्थित रहे।

## परशुराम समिति की बैठक 2 को

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति की बैठक 2 जून दिन रविवार को सुबह 10 बजे से गुरुकुल एकेडमी बृहमनगर में होगी। समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट व प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने बताया कि बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जायेगी। उन्होंने समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# पालिका की कार्यशैली से कर्मचारी नाराज

जिला संवाददाता (vol)

जसवंतनगर, इटावा। नगर पालिका परिषद में जहां अपने कर्मचारियों को नियमित रूप से वेतन देने के लिए फंड की कमी हो, बरसों पूर्व रिटायर हो चुके पालिका कर्मियों का फंड अब तक उन्हें न देकर टहलाया जा रहा हो वही अपने सभासदों के नामपट उनके घरों पर लगाने के लिए 10 लाख रुपए की बड़ी रकम खर्च किए जाने की खबर से नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

चर्चाओं के अनुसार नगर में सभासदों के घरों के समीप नगर पालिका परिषद द्वारा उनके नामपट लगाए जा रहे हैं जिनमें से प्रत्येक की कीमत 40000 बताई जा रही है इस तरह से नगर पालिका के 25 सभासदों तथा नगर पालिका अध्यक्ष के घरों पर नामपट लगाने से 10 लाख रुपए का खर्चा आएगा। ऐसी नगर पालिका जिसके पास विकास कार्यों के नाम पर धन न होने, कर्मचारीयों का वेतन नियमित रूप से दे पाने के लिए धन न होने, रिटायर्ड कर्मचारी को देने के लिए उनका जमां फंड न होने का रोना रोया जाता हो, नामपटों पर खर्च किए जा रहे लगभग 10 लाख रुपए, जनता की गाढ़ी कमाई से गुलछर्रे उड़ाने वाली कहावत को चरितार्थ किया जाता प्रतीत हो रहा है।

यह नामपट टिन की चादर पर भी लगाये जा सकते हैं जिनकी कीमत बमुश्किल 200 से 300 में बनाया जा सकते हैं। क्या जरूरी है यह नाम पट स्टेनलेस स्टील के ही बनबाकर लगवाए जाएं वह भी मात्र 5 साल के लिए जबकि 1 वर्ष का कार्यकाल लगभग खत्म हो चुका है 4 वर्ष बाद यह 10 लाख रुपए जो खर्च किए जा रहे हैं वह शून्य हो जाएंगे। जनता को उसका क्या लाभ मिलेगा ! नगर पालिका के जनप्रतिनिधि जो नागरिकों के वोट से चुनकर जन सेवा के लिए पालिका में पहुंचे हैं, क्या नागरिकों के इन सवालों का जवाब देंगे! नगर पालिका में क्षेत्र में भारी जन समस्याएं हैं जिसमें सबसे बड़ी समस्या नगर में पेयजल सुलभ कराने की है इस मामले में अब तक नगर पालिका परिषद बुरी तरह फेल रही है नगर के हैंड पंप पानी नहीं दे रहे हैं उन्हें ठीक करने के लिए फंड का रोना, सड़क बुरी तरह से छतिग्रस्त हो चुकी हैं उन पर चलने में भी दिक्कत आ रही है लेकिन इसके लिए भी फंड का रोना, नगर में अनेक स्थानों पर रात्रि के समय अंधेरा रहता है वहां स्ट्रीट लाइटों का प्रबंध किए जाने के लिए फंड का रोना रोया जा रहा है, पेयजल आपूर्ति में गंदे पानी की आपूर्ति का मामला भी ठीक नहीं कराया जा रहा है और लोग गंदा पानी पीने को मजबूर है। विभिन्न समाचार पत्रों में निकाले गए टेंडर का लाखों रुपए का भुगतान नगर पालिका परिषद पर वर्षों से बकाया है इसके लिए भी फंड का रोना रोया जा रहा है। इस तरह के अनावश्यक खर्च को लेकर कई सभासद नाराज भी बताए जा रहे है। चर्चा है कि यह प्रस्ताव बोर्ड बैठक में नहीं आया साथ ही टेंडर कब किस समाचार पत्र मैं निकला यह भी यहां लोगों को नहीं मालूम है। सवाल यह है कि जनता और जनहित की उपेक्षा कर आखिर कब तक लिफाफा कल्चर के सहारे नगर पालिका अपने तरह की नई नादिरशाही व्यवस्था का राग अलापती रहेगी।

# जमीन विवाद में वृद्धा को उतारा मौत के घाट

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। थाना क्षेत्र रामपुकला के अन्तर्गत ग्राम कैथा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिसमें जमीन की खातिर पड़ोसियों ने मिलकर 85 साल की बुजुर्ग महिला को मौत के घाट उतार दिया।

दरअसल मृत वृद्धा मैना देवी की गांव में लगभग 22 बीघा खेती योग्य जमीन है। उनका इकलौता 45 वर्षीय बेटा विनोद मिश्रा मानसिक रूप से विछिप्त है और एक पैर से विकलांग भी है। जिसके कारण वृद्धा ने गांव के खेतों को बटाई पे दे रखा था। और वह स्थाई रूप से महमूदाबाद नगर के पैतेपुर रोड स्थित शाहजानी आंशिक मोहल्ले में 20 साल से रह रही थी। बीच बीच में खेती किसानी के कामों के लिए वह गांव में बने माकन में महीनों भी रुका करती थीं। आपको बता दें कि मृतक की बेटी किरन देवी के अनुसार उसकी मां के घर के आस पास रहने वाले विकास, पूना, शैलेंद्र ने जमीनी लालच के चलते वृद्धा को मौत के घाट उतार दिया। दरअसल मृतक की पोती मुस्कान का दावा है कि तीनों आरोपी कई सालों से जमीनी लालच के चलते विवाद खड़ा कर चुके हैं। साथ ही पोती बताती है कि उसकी दादी ने कई बार थाने में झगड़ों से संबंधित शिकायती पत्र भी दिए थे। ग्रामीण बताते हैं कि घटना वाली रात से पहले भी मृतिका द्वारा जमीनी विवाद के कब्जे को लेकर थाने में तहरीर दी गई थी। मौके पर पुलिस भी पहुंची थी मगर विवाद को ठंडे में बस्ते में डाल जुबानी सुलह समझौते की बात करके गांव से रवाना हो गई थी। पूर्व में कानूनी कार्यवाही के लिए वृद्धा को थाने से वापस लाने वाले व पुलिस के सामने वृद्धा का पक्ष रखने वाले गांव के ही मुकुंदी लगभग 45 वर्षीय को आरोपी पुलिस के गांव से जाते ही लाठी डंडा लेकर मारने के लिए खोजने लगे। किसी तरीके से मुकंदी अपनी जान बचाते हुए खेत में छिप गया। बात यहां तक नहीं रुकी और सुबह करीब 5 बजे मृत वृद्धा घर से लगभग 150 मीटर दूर खेत के किनारे झाड़ियों में लहू लुहान अवस्था में दिखी। लोगों का कहना है कि वृद्ध महिला को मारकर वहां डाल दिया गया है। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बेटी, पोती और ग्रामीणों ने बताया कि मृतिका के शरीर में कई जगह गंभीर चोटों ने निशान पाए गए हैं।

- बीते एक साल से वृद्धा के परिजन थाने में इसी झगड़े को लेकर कर रहे थे शिकायत
- घटना के एक रात पहले यदि पुलिस ने लिया होता एक्शन तो जिंदा होती महिला

### क्या बोली पुलिस

थाना रामपुर कला के प्रभारी नवनीत मिश्रा ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा का शव मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

# आरक्षण में हेराफेरी

आरक्षण की राजनीति अब इस कदर हावी हो गयी है कि इससे फायदे की बजाय देश को बहुत नुकसान हो रहा है। मंडल की आड़ में ऐसी-ऐसी पार्टियां सामने आयीं जिन्होंने सामाजिक न्याय का चोला ओढ़कर राज्य के संसाधनों को अपने परिवार की बपौती मानकर दुरुपयोग किया। आरक्षण की राजनीति वैसे हमेशा उफान पर रहती है और अगर बात चुनाव की हो, तो फिर इसका रंगा और चोखा हो जाता है। फिलहाल कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को लेकर सियासी घमासान जारी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में, 2010 के बाद, सभी ओबीसी प्रमाणपत्रों को निरस्त कर दिया है। इस संबंध में सभी सूचियों को भी अवैध और अमान्य करार दिया गया है। दरअसल 5 मार्च, 2010 से 11 मई, 2012 तक जिन 42 वर्गों को ओबीसी प्रमाणपत्र दिये गये, उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के उन आदेशों को भी रद्द कर दिया है। ममता बनर्जी मई, 2011 में सत्ता में आई थीं, लिहाजा उनके कार्यकाल में भी दिए गए ओबीसी प्रमाणपत्र 'असंवैधानिक' करार दे दिए गए हैं। यकीनन यह ममता सरकार के लिए गंभीर धक्का है। अदालत के फैसले से करीब 5 लाख ओबीसी प्रमाणपत्र निरस्त हुए हैं। हालांकि जो पहले ही ऐसे आरक्षण का लाभ ले चुके हैं अथवा नौकरियों, सेवाओं में कार्यरत हैं या भर्तियों में चयन हो चुका है, वे अदालत के फैसले से अप्रभावी रहेंगे। मार्च, 2010 से पहले भी ओबीसी के 66 वर्गों में जो वर्गीकृत किए जा चुके हैं, उनसे जुड़े सरकार के कार्यकारी आदेश में भी अदालत ने हस्तक्षेप नहीं किया है, क्योंकि जनहित याचिकाओं में उनकी पहचान और वर्गीकरण को चुनौती नहीं दी गई है। उच्च अदालत का जो फैसला सार्वजनिक हुआ है, उसमें मुसलमानों के ओबीसी दर्जे और आरक्षण का कोई उल्लेख नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी चुनाव-प्रचार में यह मुद्दा गंभीरता से उठाते रहे हैं कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के घटक दल वोट बैंक और मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते आए हैं। अदालत का यह फैसला उनके गाल पर करारा तमाचा है। गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने वोट बैंक के लिए पिछड़े वर्गों के आरक्षण को लूटना चाहती हैं और उसे मुस्लिम समुदाय को देना चाहती हैं। ममता बनर्जी सरकार ने बिना कोई उचित सर्वे किए 118 मुस्लिम वर्गों को ओबीसी बनाया और फिर आरक्षण भी दिया। उसके लिए राष्ट्रीय पिछड़ा जाति आयोग के अधिनियम, 1993 के तहत पिछड़ा वर्ग आयोग की कोई सलाह भी नहीं ली, जबकि राज्य सरकार के लिए ऐसा करना सांविधानिक बाध्यता है। बहरहाल यह अपनी-अपनी राजनीति है। अदालती फैसले में कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि बंगाल में मुसलमानों या घुसपैठियों को ओबीसी का दर्जा दिया गया और फिर आरक्षण सुनिश्चित कर 'वोट बैंक' तैयार कर लिया गया। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की खंडपीठ के सामने यह मामला आया था, जिसमें ओबीसी के 77 समूहों की पहचान और वर्गीकरण को चुनौती दी गई थी। खंडपीठ ने कहा कि उन समुदायों का डाटा नहीं दिया गया, जिनके आधार पर बंगाल सरकार मानती है कि राज्य सरकार की सेवाओं में उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। एक समुदाय को सिर्फ पिछड़ेपन के आधार पर ही ओबीसी घोषित नहीं किया जा सकता। खंडपीठ का यह भी मानना था कि ओबीसी के ऐसे प्रमाणपत्र पिछड़ा वर्ग आयोग की कोई भी सलाह लिए बिना ही जारी किए गए। तृणमूल कांग्रेस के अभी तक के कार्यकाल में जितने भी ओबीसी प्रमाण पत्र दिए गए हैं, खंडपीठ ने सभी को अमान्य घोषित कर दिया है। अदालत के फैसले से स्पष्ट है कि टीएमसी ने सामाजिक न्याय के उद्देश्य से दिये गये आरक्षण को सियासी हथियार की तरह इस्तेमाल किया है और कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले से ममता बनर्जी की सरकार बेनकाब हो गयी है।




**सामाजिक न्याय के लिए दिया गया आरक्षण अब राजनीतिक दलों के लिए सत्ता हथियाने का सशक्त हथियार बन गया है।**

# पर्दे के पीछे छिड़ी है वर्चस्व की जंग



लोकमित्र गौतम



यह पांच साल पहले फरवरी 2019 की बात है। मुंबई के पड़ोस में स्थित पालघर जिले में 'आगरी समुदाय मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट' के विरोध में आंदोलन कर रहा था। चूंकि उन दिनों मैं नई दिल्ली स्थित एक वेबसाइट के लिए लाइव रिपोर्टिंग भी किया करता था, इसलिए मैं यहां आंदोलन को कवर करने पहुंचा था। आंदोलन में मच्छी मारने वाले आगरी समुदाय के अलावा कई दूसरे आदिवासी समुदायों की भी बहुत बेचैन भागीदारी थी। आंदोलन की तीव्रता और ग्रैविटी को देखकर मेरे मन में यह सवाल उभरा कि आखिर यह समुदाय बुलेट ट्रेन का इस कदर विरोध क्यों कर रहा है? मैंने एक सामान्य आंदोलनकारी से पूछा भाई आप लोग बुलेट ट्रेन का इतना तीखा विरोध क्यों कर रहे हैं? इस पर उसने जो एक दो कारण बताये कि वे तो थोड़े बहुत समझ में आये क्योंकि सामान्य कारण थे, लेकिन फिर उसने एक ऐसा कारण बताया जो बिलकुल मेरे सर के ऊपर से होकर गुजर गया। उसने कहा आपको मालूम नहीं है, एक बार बुलेट ट्रेन चालू हो जायेगी तो मुंबई में जो बड़ी बड़ी कंपनियों के दफ्तर हैं, वे सब अहमदाबाद चले जायेंगे। जवाब सुनकर एकबारगी तो मेरी कुछ समझ में ही नहीं आया कि आखिर जो एक सामान्य ग्रामीण कह रहा है उसका मतलब क्या है?
क्योंकि मुझे लग ही नहीं रहा था कि वह सामान्य सा ग्रामीण व्यक्ति कारपोरेट हेड आफिसेज की मुंबई से अहमदाबाद शिफ्टिंग की बात कर रहा है। जाहिर है यह उसकी खुद से सोची गयी चिंता भी नहीं थी, लेकिन आन्दोलन में कुछ लोग तो ऐसे थे ही जिन्हें यह आशंका थी कि बुलेट ट्रेन के सामान्य हो जाने के बाद कहीं वाकई मुंबई स्थित अनेक बड़े बड़े कारपोरेट हेड ऑफिस कहीं अहमदाबाद ही न पहुंच जाएं, जैसे पिछले साल आईसीसी वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला जो आराम से वानखेड़े में हो सकता था, और यहां की पिच में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा भी रहता, लेकिन अहमदाबाद चला गया। इसलिए पिछले साल श्वेतपत्र लाने के बाद भी अगर इस समय महाराष्ट्र में सरकार और विपक्ष के बीच महाराष्ट्र से विभिन्न उद्योग प्रोजेक्टों के बाहर जाने को लेकर राजनीतिक हंगामा जारी है तो यह बिलकुल बेमतलब नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि महाराष्ट्र आज भी तमिलनाडु के बाद देश का दूसरे नंबर का सबसे बड़ा औद्योगीकृत राज्य है। लेकिन यह भी सही है कि पिछले दस सालों में महाराष्ट्र पहले से दूसरे नंबर पर आया है। पिछले साल तकनीकी रूप से भले शिंदे सरकार ने साबित कर दिया हो कि चार मेगा परियोजनाएं- वेदांता-फॉक्सकॉन, टाटा एयरबस, सैफरन प्रोजेक्ट और बल्क ड्रग पार्क महाराष्ट्र से बाहर न गयी हों बल्कि यहां आयी ही नहीं थी, लेकिन चिंता तो इस बात की होनी चाहिए थी कि देश के सबसे अच्छे इन्फ्रास्ट्रक्चर के बाद भी आखिर ये परियोजनाएं यहां क्यों नहीं आयीं? लेकिन हैरानी यह है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और भाजपा सरकार इन परियोजनाओं के प्रदेश में न आने से चिंतित नहीं है बल्कि उन्हें संतोष है कि इन्होंने महाराष्ट्र में आने का एमओयू ही नहीं साइन किया था। ऐसे तकनीकी राहत के बीच भला प्रदेश सरकार इस बात पर कैसे चिंता जताती की 50,000 करोड़ का गेल इंडिया का प्रोजेक्ट महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश चला गया?
दरअसल भले यह अस्पष्ट फुसफुसाहटों के बीच ही सुना जा रहा हो कि मुंबई और अहमदाबाद के बीच एक अदृश्य होड़ शुरू हो गयी है, लेकिन अगर यह आम लोगों की जुबान तक पहुंची है तो सिर्फ कोई कहानी नहीं है। इसका अपना कोई आधार तो है ही। महाराष्ट्र द्वारा लुभाए जा रहे बड़े औद्योगिक प्रोजेक्टों के अंततः गुजरात जैसे पड़ोसी राज्यों में स्थानांतरित होने के बारे में मौजूदा सरकार को चिंता तो करनी ही होगी। बड़े-बड़े प्रोजेक्टों के दूसरे राज्यों में जाने के लिए पूर्ववर्ती एमवीए शासन को परोक्ष रूप से दोषी ठहराने से जिम्मेदारी तो खत्म नहीं हो जाती। वेदांता-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर प्लांट (1.54 लाख करोड़ रुपये) का था, बल्क ड्रग पार्क (5,000 करोड़ रुपये), सैफ्रान रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल हब (1,234 करोड़ रुपये) और एयरबस-टाटा विमान विनिर्माण संयंत्र (22,000 करोड़ रुपये) ये सब प्रोजेक्ट महाराष्ट्र में होते तो निश्चित रूप से 2 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता।

## महाराष्ट्र बनाम गुजरात

हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि मैग्नेटिक महाराष्ट्र निवेश शिखर सम्मेलन का पहला संस्करण फरवरी 2018 में मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में आयोजित किया गया था। 'मैग्नेटिक महाराष्ट्रः कन्वर्जेंस 2018' में 12.1 लाख करोड़ रुपये के 4,106 निवेश प्रतिबद्धताओं पर हस्ताक्षर किए गये थे। दो साल बाद, एमवीए सरकार ने शिखर सम्मेलन का दूसरा संस्करण आयोजित किया, और दावा किया गया कि 1.29 लाख करोड़ रुपये के 56 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। 'महाराष्ट्र के आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23' के अनुसार, नवंबर 2022 तक गुजरात ने 98,159 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 168 औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दी थी और कर्नाटक ने 68,931 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 97 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। इसके विपरीत, महाराष्ट्र में 211 परियोजनाओं से 35,870 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इन आंकड़ों में 100 प्रतिशत निर्यातोन्मुखी इकाइयां, औद्योगिक उद्यमियों के ज्ञापन और आशय पत्र के माध्यम से निवेश जैसे निवेश शामिल हैं। संयोग से, औद्योगिक परियोजनाओं को आकर्षित करने के मामले में महाराष्ट्र ने 2021 में गुजरात और कर्नाटक दोनों को पीछे छोड़ दिया था। तब, इसमें 2.77 लाख करोड़ रुपये के 273 निवेश हुए थे, जबकि गुजरात और कर्नाटक के आंकड़े बहुत कम थे - क्रमशः 214 परियोजनाएं और 92,566 करोड़ रुपये और 114 परियोजनाएं 61,726 करोड़ रुपये की थीं। 2020 में, कर्नाटक ने महाराष्ट्र और गुजरात को पीछे छोड़ दिया था। इसमें 1.62 लाख करोड़ रुपये की 120 औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी मिली, उसके बाद गुजरात (46,141 करोड़ रुपये, 220 परियोजनाएं) और महाराष्ट्र (44,188 करोड़ रुपये, 296 परियोजनाएं) का स्थान रहा।
महाराष्ट्र के लिए कुछ राहत की बात यह है कि यह ऐतिहासिक रूप से एफडीआई प्रवाह को आकर्षित करने में सबसे आगे है। महाराष्ट्र में अप्रैल 2000 से सितंबर 2022 तक 10.8 लाख करोड़ रुपये का संचयी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह देखा गया, जो भारत में सभी विदेशी निवेश प्रवाह (लगभग 38.2 लाख करोड़ रुपये) का 28.5 प्रतिशत था। इसके विपरीत, कर्नाटक और गुजरात क्रमशः 5.5 लाख करोड़ रुपये (14.4 प्रतिशत) और 3.6 लाख करोड़ रुपये (9.7 प्रतिशत) पर थे। अगस्त 1991 में उदारीकरण नीति को अपनाने के बाद से, महाराष्ट्र में नवंबर 2022 तक 17.4 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ कुल 21,442 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। फिर ऐसा क्या हुआ कि 2023-24 में महाराष्ट्र फिसड्डी साबित हो रहा है और शिंदे सरकार इसी बात पर खुश है कि ये प्रोजेक्ट तो यहां आये ही नहीं थे? कालीन के नीचे कचरा छिपाने के सच्चाई नहीं छिपेगी।

> 1991 में उदारीकरण नीति को अपनाने के बाद से, महाराष्ट्र में नवंबर 2022 तक 17.4 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ कुल 21,442 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। फिर ऐसा क्या हुआ कि 2023-24 में महाराष्ट्र फिसड्डी साबित हो रहा है और शिंदे सरकार इसी बात पर खुश है कि ये प्रोजेक्ट तो यहां आये ही नहीं थे?

## सोशल मीडिया



मोदी सरकार ने पंजाब का 9000 करोड़ रोका हुआ है, इस पैसे से गांव गांव में सड़कें, मोहल्ला क्लीनिक बनने थे, मोदी सरकार पंजाब के लोगों से इतनी नफरत क्यों करती है? ए.केजरीवाल.



छठे चरण में भी इंडिया गठबंधन के समर्थन में बंपर वोटिंग ने साबित कर दिया है कि जनता बड़ा बदलाव करने जा रही है, उत्साही मतदाता व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद। अखिलेश यादव



बिहार हमारे सभ्यता व संस्कृति के अभ्युदय की भूमि है, लालू यादव व राजद के गुंडों ने प्रदेश को जंगल राज के ऐसे युग में धकेल दिया है कि जिसके दर्द से आज भी कराह रहा है। जेपी नड्डा.

# रामचरितमानस यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' बनी




साहित्य/संस्कृति

दुनिया में हिंदी के सर्वाधिक आदर पाने वाले महाकाव्य रामचरितमानस की शान में एक और सितारा जुड़ गया है। यूनेस्को की एशिया-प्रशांत क्षेत्र की विश्व समिति ने अपनी दसवीं बैठक के दौरान रामचरितमानस को पंचतंत्र और सहृदय लोक-लोकन जैसी तीन साहित्यिक रचनाओं को यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया पैसफिक रीजनल रजिस्टर' में शामिल किया है। निश्चित रूप से ऐसा होना भारत के साहित्य और कला-संस्कृति को वैश्विक मान मिलना है, इससे भारतीय संस्कृति का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है। क्योंकि राम चरित मानस सहित इन तीन साहित्यिक /धार्मिक ग्रंथों को विश्व की धरोहर के रूप में स्वीकार किया गया है। हालांकि दुनिया में बहुत कम ऐसी किताबें होती हैं, जिन्हें जब कोई सम्मान मिलता है, तो वह किताब सम्मानित होने की बजाय उससे वह सम्मान सम्मानित होता है। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा 16वीं सदी में अवधी भाषा में लिखा गया रामचरितमानस एक ऐसा ही महाकाव्य है, जिसको सम्मानित करके खुद सम्मान भी सम्मानित होते हैं। तुलसीदास ने यूं तो दो दर्जन से ज्यादा रचनाएं की हैं, लेकिन उन्होंने संसार को जो रामचरितमानस जैसा ग्रंथ दिया है, उसका कोई मुकाबला नहीं। यह महाकाव्य भले एक कथा कहता हो, लेकिन यह किसी एक दौर की एक कथा कहने वाला ग्रंथ नहीं है। यह दुनिया में हमेशा से मौजूद रहीं और हमेशा ही मौजूद रहने वालीं इंसानी सृजन की अनगिनत कथाओं का वह संगम है, जो एक सदी नहीं बल्कि सदियों-सदियों में कभी एक बार ही रचा जाता है। रामचरितमानस सिर्फ कविता नहींहै, न सिर्फ भक्ति का एकत्रित स्वरूप है। यह राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और समन्वय वाली रचनात्मकता का मानक है।

रामचरितमानस में भगवान राम के दोनो की स्वरूप मौजूद हैं, एक उनका पालक रूप और दूसरा संहारक रूप। यह ग्रंथ भक्ति और करुणा से भरा हुआ है, जिसमें मानवीय संबंध एक गरिमा पाते हैं। भारतीय जनमानस में यह किस कदर अंदर तक अपनी मूल्यपरक पैठ रखता है, इसका अंदाजा इसी बात से रखा जा सकता है कि ये ग्रंथ मुगल सम्राट अकबर के दौर में हिंदुओं के बीच जितना लोकप्रिय था, अंग्रेजों के जमाने में भी वैसा ही रहा और अंग्रेजों के जाने के बाद इन 75 सालों में भी इस ग्रंथ की महत्ता में जरा भी कमी नहीं आयी। भले कुछ लोग अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते बीच-बीच में इस महान ग्रंथ पर सवाल खड़े करते रहे हों। भले इसे गैर बराबरी और सामंतवाद का पोषक बताते रहे हों, लेकिन इतिहास में जीवंत तथ्य मौजूद हैं कि रामचरितमानस से ज्यादा समानता और समरसता की वकालत करने वाला कोई दूसरा धार्मिक या साहित्यिक ग्रन्थ नहीं है। यह इस ग्रंथ की अपनी चुबंकीय महत्ता ही है कि बिना किसी राजाश्रय के, बिना किसी संरक्षण के आज भी रामचरितमानस भारत में हर साल सबसे ज्यादा बिकने वाली किताब है। हाल के कुछ सालों में तो यह एक साल के भीतर 1 करोड़ प्रतियों से भी ज्यादा बिकी है। आखिर इसकी इतनी लोकप्रियता क्यों है? नहीं, धार्मिकता कोई कारण नहीं। अगर धार्मिकता की वजह से यह इतनी ज्यादा बिकती होती तो कम से कम चार दर्जन धर्म ग्रंथ हैं, जो रामचरितमानस से कहीं ज्यादा धार्मिक कर्मकांड का हिस्सा होते हैं। सच्चाई तो यह है कि रामचरितमानस को धर्मभीरू लोगों से कहीं ज्यादा पढ़ते और मानते ऐसे लोग हैं, जो धर्म से उदासीन भी हो सकते हैं। दरअसल रामचरितमानस के कण-कण में, इसके अक्षर-अक्षर में जो भारतीयता घुली मिली है, उसी के कारण इसे लोग इतना ज्यादा प्यार और सम्मान करते हैं। एक जमाने में तो रामचरितमानस उत्तर भारत में एक ऐसे ग्रंथ के रूप में विख्यात था, जिससे लोग अपने जटिल से जटिल जीवन की एक एक घड़ी को मौजूद पाते थे। लोग अपनी सारी सामाजिक, धार्मिक समस्याओं का समाधान इस ग्रंथ में देखते हैं। साहित्य के किसी भी रसिक के लिए इस ग्रंथ में दीवाना बना लेने वाला जीवन साहित्य है। यह अकारण नहीं है कि लोग अपनी रोजमर्रा की जीवन की किसी भी स्थिति को जांचने परखने या उससे उबरने के लिए राम चरित मानस की किसी न किसी चौपाई से बंधे हुए है। रामचरितमानस एक ऐसा ग्रंथ है जिसने आध्यात्मिक, धार्मिक और सांसारिकता को एक साथ एक ही चीज बना दिया है। यही वजह है कि हमारे सभी सवालों का जवाब इस महान ग्रंथ में मौजूद है। चाहे सवाल हमारी सामाजिकता से जुड़ा हुआ हो, हमारी रोजमर्रा की जीवन की व्यवहारिकता से जुड़ा हुआ हो या किसी भी मॉडर्न से मॉडर्न समस्या से जुड़ा हुआ हो। ऐसे सभी सवालों का समाधान इसमें मौजूद है। **वीना.**

## विचार

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।
-शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
-एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।
-गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।
- हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।
-स्वामी विवेकानन्द.

# अपने गुणों को पहचानें

अंतर्दृष्टि

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

# सत्ता में आने दो...

व्यंग्यलोक

सभी राजनीतिक दलों को इस समय एक ही चिन्ता सता रही है कि उन्हें सत्ता में आने दो। बिना सत्ता में आये वे कुछ नहीं कर सकते हैं। सत्ता ही समाधान की ऐसी सीढ़ी है जिसके द्वारा जन कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होता है। वे अपने इर्द-गिर्द खड़ी भीड़ को हटाते हुए यही तो कह रहे हैं कि सामने से हट जाओ और उन्हें सत्ता में आने दो। वे सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। सत्ता उनका ईमान और धर्म है। सत्ता उनके जीवन का आदर्श और अंतिम लक्ष्य है। वे सत्ता में आने वाले तमाम रोड़ों-अड़चनों को राजी-बेराजी, साम, दाम, दण्ड और भेद की नीति से हटाने को पूर्णतया तत्पर हैं। सत्ता जीवन का सत्य और चरम है। तभी तो वे कुछ कर पायेंगे। मसलन परिवारजनों को नौकरी, ठेका, परमिट, लाइसेंस देना है तो अपनी सात पीढ़ियों के लिए माकूल प्रबन्ध भी करके जाना है ताकि उन्हें भीख का कटोरा हाथ में न लेना पड़े। सत्ता में शरीर फूल कर कुप्पा हो जाता है। गोल-मटोल चेहरे पर छोटी-छोटी दो आँखें गिद्द दृष्टि से भी ज्यादा तेज और चालाक हो जाती हैं। सत्ता से मोतियाबिन्द नहीं होता। तमाम रोग बिना सत्ता के होते हैं, इसलिए वे सत्ता को चाहते हैं। इसके लिए वे बार-बार अन्तरात्मा की आवाज पर दल बरलते हैं। सिद्धान्तों को धूल चटाते हैं और खुद थूक कर चाटते हैं। उन्हें सत्ता का इतना जबरदस्त फोबिया है कि वे हार जाने पर भी राजनीति नहीं छोड़ते। यही क्यों बात-बात में राजनीति करना उनकी आदत है। झूठ, आश्वासन और झाँसों के सहारे वे अपने को यहाँ तक ले आये हैं। सत्ता की ही देन है कि उनके पास भौतिक सुख सुविधाओं को अथाह भंडार है। कई फैक्ट्रियाँ, कई होटलें, बड़े-बड़े शहरों में विशाल कोठियाँ और फार्म हाउस। उनके बच्चे महँगे स्कूलों में पढ़ते हैं, कारों में घूमते हैं तथा विदेशों में सैर सपाटे को जाते हैं। वे खुद भी हवाई जहाजों में घूमते हैं तथा सर्वोच्च शिखर पर बने रहे कर देश को धोखेबाजी का अपना ताण्डव दिखाते हैं। उनका पूरा जीवन पाखण्ड और छलावे से भरा है। यह सब चलता रहे, इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो। उनका कहना है कि वे वर्षों तक विपक्ष में बैठ कर गाल बजाते रहे और दाँत पीसते रहे, इसलिए भी अब उन्हें सत्ता में आने दो संघ में वे क्यों नहीं आये, उन्होंने अपने दल में अब बेधड़क निर्भीकता से सबको घुसा लिया है। चाहे वे उनकी विचारधारा के हैं या नहीं। उनका विचार सिर्फ इतना-सा है कि सत्ता उनसे कहीं दूर नहीं चली जाये। इसलिए वे बेमेल गठबंधन और समझौतों पर समझौता मात्र सत्ता के लिए किये चले जा रहे हैं। इसलिए भी उन्हें सत्ता में आने दो।



पूरन सरमा

## आपकी बात

### प्रधानमंत्री की गारंटी

चुनाव के दौरान सभी दल अपने-अपने तरीके से मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। पिछले महीने कांग्रेस ने अपना मैनीफेस्टो 'न्याय पत्र' नाम से जारी किया जिसमें युवाओं, श्रमिकों, महिलाओं, के लिए आनेक वायदे किये गये हैं। चूंकि आम चुनाव का मौसम है, लिहाजा प्रधानमंत्री मोदी देश को जो गारंटी दे रहे हैं, वह यह है कि उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। प्रधानमंत्री देश को आश्वस्त कर रहे हैं कि 2047 में 'विकसित भारत' का संकल्प पूरा करने को वह 24 घंटे, सातों दिन काम में जुटे रहते हैं। फिलहाल भारत अमरीका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अमरीका की अर्थव्यवस्था 25 ट्रिलियन डॉलर से अधिक और चीन का अर्थतंत्र 19 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा है। भारत की जीडीपी 3.8 ट्रिलियन डॉलर के करीब है, जबकि जापान और जर्मनी की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। भारतीय जीडीपी की आर्थिक विकास दर जिस गति से आगे बढ़ रही है, उसके मद्देनजर 2028 तक वह जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ कर तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन जायेगा। भारत यूपीए सरकार के दौरान विश्व की 10वीं अर्थव्यवस्था था। वहां से छलांग लगाकर वह 5वीं आर्थिक महाशक्ति बना है। चुनावी राजनीति से इतरी देखें तो यह एक महान उपलब्धि है। भारत के नागरिकों और उद्योगों ने ही यह खूबसूरत, गौरवपूर्ण स्थान हासिल किया है। 2014-15 में हमारी औसत विकास दर 5.9 फीसदी रही थी, जबकि 2023-24 के दौरान यह 6.8 फीसदी से अधिक है। यह परिस्थितिजन्य भी होता है कि विकास दर कम-ज्यादा होती रहती है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के दौरान हमारी आर्थिक विकास दर डूब कर नकारात्मक हो गई थी। भारत उन परिस्थितियों से भी बाहर निकल कर 5वीं महाशक्ति पर अडिग रहा है। यदि जापान और जर्मनी की विकास दरें मौजूदा स्तर के करीब ही रहीं, तो भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान जल्दी भी हासिल कर सकता है, लेकिन अर्थव्यवस्था के विस्तार की तरह यह मुद्दा भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि भारत का औसत जीवन-स्तर कैसा है?

**विनय कुमार सिंह, लखनऊ.**

### महिलाओं के विरुद्ध अपराध

देश में महिलाओं की सुरक्षा दिनोंदिन एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। यह देश के लिए बड़े चिंता और शर्म की बात है। कड़े कानून के बावजूद अपराध कम नहीं हो रहे हैं। हाल के वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक के बाद एक कानून पास किये गये हैं ताकि घर से लेकर कार्य स्थलों तक महिलाओं की सुरक्षा को और पुख्ता बनाया जा सके। लेकिन देखने में आ रहा है कि दिनोंदिन महिलाओं के खिलाफ अपराध न सिर्फ बढ़ रहे हैं बल्कि अपराध क्रूर से क्रूरतम एवं नृशंस होते जा रहे हैं। दुराचार, हत्या, दहेज हत्या से लेकर घरेलू हिंसा और कार्य स्थलों तक पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। ऐसे में महिलाओं की सुरक्षा के लिए न सिर्फ कानून का स्पष्ट और कठोर होना जरूरी है बल्कि सुरक्षा लायक माहौल बनाने के लिए भी रचनात्मक प्रयास करने की जरूरत है। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न तो बहुत आम बात हो चुका है। हालांकि विशाखा गाइड लाइन से लेकर तमाम कानून बने हैं जिसमें महिलाओं को प्रसूति लाभ आदि भी शामिल है लेकिन यह सब केवल सरकारी जगहों पर या कुछ बड़े कारपोरेट नौकरियों में ही मिलता है। अधिकतर में सरकारी कानूनों का कोई पालन नहीं होता है। प्रसूति अवकाश की बात तो दूर सामान्य अवकाश भी ठीक से नहीं मिलता है। बेरोजगारी इतनी अधिक है कि लोगों की नौकरी करना मजबूरी होती है और इसी मजबूरी का फायदा उठाकर नियोक्ता महिलाओं को उनके वाजिब अधिकार नहीं देते हैं। दहेज हत्या और घरेलू हिंसा भी बड़ी समस्या है।

**प्रदीप श्रीवास्तव, बाराबंकी.**

संक्षेप

## संगीत मय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**लालगंज, रायबरेली।** आधुनिक रेल कोच कारखाने के आवासीय परिसर स्थित टाइप 4 कॉलोनी में अविनाश कुमार सिंह और डॉक्टर भूमिका के द्वारा धार्मिक विधि विधान से सुंदर कांड मानस पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा संगीत मय सुंदरकांड मानस पाठ का बहुत ही सुंदर ढंग से बखान किया गया। भगवान श्री राम के दूत बजरंगबली के लंका पहुंचने और मां सीता से मिल कर धीरज बंधाने सहित लंका जलाने की गाथा को लोगों ने बड़े ही भावपूर्ण ढंग से सुना।सुंदरकांड मानस पाठ के आयोजन के कार्यक्रम में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने जहां मानस पाठ का श्रवण पान किया वहीं प्रसाद भी ग्रहण किया। आयोजक अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि रामचरितमानस की महिमा अपार है उसमें भी सुंदरकांड मानस पाठ का अपना एक अलग धार्मिक महत्व है। प्रतिदिन सुंदरकांड का पाठ करने से मनुष्य का जहां दुख दरिद्र दूर होता है। वहीं असीम पुण्य लाभ भी प्राप्त होता है। इस मौके पर रेल कोच के अधिकारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## दूल्हन जेवरात-नकदी लेकर हुई चंपत

**मथुरा।** शादी के तीन दिन बाद दुल्हन घर जेवरात व पैसे लेकर फरार हो गई। पति व ससुराल पक्ष के लोगों ने दुल्हन की काफी तलाश की और मायके उत्तराखंड भी पहुंचे, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।दुल्हन ने उत्तराखंड में पति के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है।उत्तराखंड के रुद्रपुर जिले से लड़की पक्ष के लोग लड़की को लेकर राया आए थे।राया क्षेत्र के एक गांव के लड़के के साथ धूमधाम से शादी की रस्में अदा की थी।शादी के तीन दिन बाद ही दुल्हन जेवरात व नकदी लेकर रात में ही अचानक गायब हो गई।ससुराल पक्ष के लोग घर में दुल्हन न देख हलचल मची और पुलिस को सूचना दी।दुल्हन की तलाश मायके रुद्रपुर तक की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।दुल्हन ने पति के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए उत्तराखंड में मुकदमा दर्ज कराया है।

## पति ने की पत्नी की गला रेतकर हत्या

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।जिले के थाना बलदेव क्षेत्र में पति ने रविवार पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पति ने पत्नी का कत्ल क्यों किया इसकी जानकारी अभी नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस सूत्र एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की बात कह रहे है।घटना के पीछे भी ग्रह क्लेश बताई जाती है। महावन सीओ भूषण वर्मा ने बताया की नगला बुर्ज निवासी सत्यभान के मकान में किराए पर रहने वाले टैक्सी चालक गौरव चैधरी ने अपनी पत्नी पूजा का गला रेतकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है। मकान मालिक की सूचना पर थाना बलदेव पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मकान मालिक ने बताया कि गौरव मूलरूप से अलीगढ़ के थाना गौड़ा के रफायतपुर का रहने वाला है।वो पिछले आठ महीने से पत्नी के साथ यहां किराये पर रह रहा है। उसने ये कदम क्यों उठाया इस बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है।

# कार को टक्कर मारने के बाद घर में जा घुसा डंपर, 5 घायल

### हादसे के बाद लगभग दो घंटे से अधिक समय तक लगा रहा जाम



**बछरावा, रायबरेली।** बछरावां कस्बे में लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेलवे स्टेशन के सामने शनिवार की रात लगभग 11 बजे के आसपास लखनऊ की ओर से आ रहा तेज रफ्तार डंपर जो की फतेहपुर जा रहा था। डंपर अपने आगे चल रही स्कार्पियो व कार को टक्कर मारने के बाद राजमार्ग पर किनारे स्थित रजनी मिश्रा के मकान में जा घुसा, वही इस भीषण सड़क हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए व इसके साथ ही साथ मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस भीषण सड़क हादसे में कार सवार सिमर पुत्री दुर्गेश नंदन उम्र 19 वर्ष निवासी पटेल नगर थाना बछरावां, समर पुत्र दुर्गेश नंदन उम्र 18 वर्ष निवासी पटेल नगर थाना बछरावां, राहगीर अनुभव पुत्र शिव सहाय उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी थुलेंडी जोकि बनारस जाने के लिए स्टेशन की तरफ जा रहा था, वही डंपर चालक राम यादव पिता राम सजीवन उम्र 19 वर्ष निवासी सरसोर स्टेशन जनपद कानपुर व क्लीनर बबलू पुत्र महेश उम्र 21 वर्ष निवासी सरवर स्टेशन जनपद कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने डंपर ड्राइवर राम यादव व क्लीनर बबलू को कड़ी मशक्कत के बाद डंपर से बाहर निकाला, तत्पश्चात एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात डॉक्टरों ने क्लीनर बबलू की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है। इस भीषण सड़क हादसे के बाद लगभग घटनास्थल पर दो घंटे से अधिक समय तक जाम लगा रहा, लखनऊ से प्रयागराज की तरफ जाने वाले वाहनों का आवागमन दूसरी लेन से किया गया। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार जो डंपर का चालक था वह सो रहा था और क्लीनर डंपर चला रहा था। इस बाबत थाना अध्यक्ष बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है सभी घायलो को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है वहीं इसके साथ ही साथ मामले की जांच करके विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पंचायत विभाग की अकर्मण्यता से गांवों से सफाईकर्मी नदारद

जिला संवाददाता (vol)

**लालगंज, रायबरेली।** पंचायत राज विभाग की अर्कमण्यता से गांवों सफाई कर्मी नदारद हो गये है और गांव गंदगी से पट गये है।सफाईकर्मी साहबो की सेवा में लगे है और ग्रामीण गंदगी से परेशान हो रहे है। सफाईकर्मी पर पंचायतराज विभाग के अधिकारियों का वरदहस्त होने के कारण ग्राम प्रधान भी किंकर्तव्यविमूढ बने हुए है।

ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में महीनो से सफाई कर्मी के दर्शन नही हुए है।जिसके चलते जगह-जगह कूडे के ढेर से जहां जनजीवन नारकीय बन चुका है। वही बजबजाती नालियां संक्रामक बीमारियों को दावत दे रही है।गंदगी के कारण भिनभिनाती मक्खियां एवं मच्छरो ने लोगो का जीना मुहाल कर दिया है। गांवो की सफाई की व्यवस्था को चुस्त और दुरूस्त बनाने के लिये सरकार ने सफाई कर्मियों की तैनाती की थी मगर पंचायतराज विभाग एवं विकास विभाग के अधिकारियों की जनहितो की अनदेखी से यह सरकारी एवं जनकल्याणकारी योजना पूरी तरह से ढाक के तीन पात बन गई है।उदाहरण के तौर पर जानकारी देते हुए ग्रामीणो ने कहा कि लालगंज ब्लाक खण्ड से जुडी ग्राम पंचायत तौधकपुर, आलमपुर, वलौली, दतौली, धन्नीपुर, मलपुरा, महाखेड़ा की सफाई व्यवस्थायें बदहाल है और इन्हे कोई देखने वाला नही है।

- गांवों में गंदगी का अम्बार, आदर्श गांव भी बदहाली के शिकार

कहने को शहर से जुडी है यह ग्राम पंचायते मगर जनजीवन सुदूरवर्ती गांव जैसा है।गंदगी के कारण लोग परेशान है।तौधकपुर व आलमपुर आदर्श ग्राम पंचायत की श्रेणी में आती है मगर इन गांवो पंचायतो का केशवपुरम, साकेत नगर, निराला नगर, सूदनखेड़ा, अधिकारियों की अर्कमण्यता की कलई खोलने में सक्षम है।इन गांवो में तैनात ग्राम पंचायत विकास अधिकारी का प्रधानो के अलावा और किसी से कोई लेना-देना नही है।गांवो की सफाई हो या पीने के पानी की अव्यवस्था हो आवागमन बाधित हो इन सब से ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पूरी तरह से नावाकिफ बने हुए है।यही हाल लालगंज सरेनी एवं खीरो विकास खण्ड के 99 प्रतिशत गांवो का है आदर्श गांव तो पूरी तरह से बदहाल है। क्षेत्र के आदर्श गांव में सफाई व्यवस्था की जांच करा ली जाये तो कलई खुलकर सामने आ जायेगी।

# एसी का आउटर पाइप और केबल काटकर ले गये चोर




**सुल्तानपुर (वीओएल)।** शाहपुर पुलिस चैकी से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित एक प्रतिष्ठान में बीती रात तीसरी बार चोरों ने निशाना बनाते हुए दुकान में लगे एसी के बाहरी आउटर पाइप और केबल को काटकर उठा ले गए और एसी के आउटर को भी उखाड़ने का प्रयास किए।चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।इस संबंध में दुकान मालिक अमित त्रिपाठी ने बताया कि चोरी की ये पहली घटना नहीं है।चोरों द्वारा पूर्व में भी कई बार ऐसी घटना की जा चुकी है, जिसकी पुलिस में लिखित शिकायत भी की गई, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने से चोरो के हौसले बुलंद हो गए और बार-बार चोरी की घटना कारित की गई। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस चैकी शाहगंज में तहरीर दिया है।उन्होंने कहा कि पुलिस चाहे सीसीटीवी के आधार पर जल्द से जल्द घटना का पदार्फाश कर सकती है। अगर तत्काल पुलिस कार्यवाही नहीं करती है तो दुकान पर बड़ी घटना होने की संभावना बनी है।इस संबंध मे चैकी प्रभारी शाहगंज से बात करने का प्रयास किया गया, परन्तु उनसे संपर्क नहीं हो पाया। आए दिन होने वाली चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में काफी रोष है।पुलिस की निष्क्रियता से चोरों के हौसले बुलंद है और उनमें पुलिस का तनिक भी डर नहीं है। अगर शीघ्र इन चोरियों पर अंकुश नहीं लगता तो व्यापारी वर्ग एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व पुलिस प्रशासन का होगा।

## गैंगस्टर में वांछित अभियुक्त को भेजा जेल

**लालगंज, रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने गैंगस्टर में वांछित एक अभियुक्त को पकड़ कर जेल भेजा है।कोतवाल ने बताया कि मुराई का बाग डलमऊ निवासी विशाल रावत पुत्र राजेश कुमार के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा पंजीकृत था ।वह आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। उसके खिलाफ नकली नोट छापने का भी मुकदमा पंजीकृत है ।गिरोह बनाकर अपराध करता है जिसके कारण उसे गैंगस्टर एक्ट के तहत जेल भेजा गया है।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, ग्रामीणों में हड़कंप

**बछरावा, रायबरेली।** प्रयागराज हाईवे पर हसनगंज के निकट ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई।सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मस्कत से आग पर काबू पाया। शनिवार रात 11रू00 बजे की है। लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर स्थित हसनगंज थाना क्षेत्र बछरावां में हाईवे के किनारे तथा बस्ती के नजदीक एक ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। जिसमें अचानक आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटो ने अगल-बगल की झाड़ियां भी जलने लगी।जिसे देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।बस्ती की तरफ आग पहुंचने की आशंका पर ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मियों के द्वारा 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।



## ब्यूटी पार्लर में पैसे को लेकर हुआ विवाद

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कस्बे के मेन रोड स्थित एक ब्यूटी पार्लर में मारपीट की घटना हुई है।लालगंज पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों का मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।ब्यूटी पार्लर की प्रोपराइटर मोहिनी वाजपेई ने शिकायत करते हुए पुलिस से बताया कि सोहाई बाग आलमपुर की महिला सोनम पत्नी छोटे उसके यहां हेयर कलर कराने आई थी।हेयर कलर करने के बाद पैसा देने में आनाकानी करने लगी जिससे वह विवाद हो गया। महिला और उसके पति ने उसे मारा पीटा और हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी दी ।वहीं दूसरी ओर से महिला सोनम ने भी ब्यूटी पार्लर चलाने वालों के खिलाफ हरिजन एक्ट सहित मारपीट का मामला दर्ज कराया है।

# भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी ने जिले के मतदाताओं का जताया आभार

- सुलतानपुर से है मेरा पारिवारिक रिश्ता, सुख-दुख में रहूंगी हमेशा साथ
- पार्टी पदाधिकारी और कार्यकताओं के साथ मिलकर अपने आवास पर की चुनावी समीक्षा

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सुलतानपुर की सिटिंग सांसद और भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी ने 25 मई को मतदान के बाद सभी जनपद वासियों का आभार प्रकट किया है। शाम 06:00 बजे के बाद अपने आवास पर लोगों से मुलाकात की और उन्हें मतदान करने के लिए आभार प्रकट किया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ आर.ए. वर्मा, लोकसभा संयोजक जगजीत सिंह छंगू, पूर्व जिलाध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी, सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, विजय त्रिपाठी, भाजपा नेता कृपाशंकर मिश्रा, जि.पं. सदस्य नन्दन चतुवेर्दी, काली सहाय पाठक, प्रशासनिक कार्य देख रहे संजय सोमवंशी, पूर्व जि.प. सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष राम अभिलाष सिंह, शिव प्रसाद उपाध्याय, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल मिश्रा, सुजीत सिंह, सचिन चोपड़ा, रजनीश मिश्रा, बाबी सिंह एवं धर्मेंद्र दुबे, समेत अन्य नेताओं के साथ मिलकर चुनावी समीक्षा भी की। उन्होंने एक-एक बूथ की जानकारी इन लोगों से करते हुए कहा कि जिन लोगों ने हमें अपना वोट दिया है और जिन लोगों ने अन्य पार्टियों को वोट दिया है। उन सभी का मैं आभार प्रकट करती हूं कि उन लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग तो किया। उन्होंने कहा कि वह निरंतर इस जिले के विकास के लिए प्रयास करती रहेगी और क्योंकि उनका सुलतानपुर से एक पारिवारिक संबंध है। मां के रूप में उन्होंने पिछले पांच वर्षों से लोगों के दुख दर्द को समझा है और उसका निराकरण किया है वह चाहे जनपद में रहे या दिल्ली में हमेशा यहां के लोगों की चिंता उनके दिलों दिमाग पर रहती है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया सांसद श्रीमती गांधी रविवार की सुबह 10:30 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए अपने दिल्ली आवास के लिए रवाना हो गई।

# वाहन की टक्कर से दो घायल, एक की मौत

- सुखा की दवा लेने सुलतानपुर जा रहे थे आटो सवार लोग
- वंशीलाल के पत्नी का पहले ही हो चुका है मौत, घर में मचा है कोहराम

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** रविवार की भोर आटो में पीछे से तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे आटो में सवार महिला समेत तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

टांडा-बांदा मार्ग पर गोसाईगंज थाना क्षेत्र के इनायतपुर पेट्रोल पंप के समीप आटो में तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया, जोरदार टक्कर से एक व्यक्ति को मौत और दो की हालत गंभीर बनी हुई है।थाना क्षेत्र के पकड़ीपुर कसमऊ निवासी वंशीलाल (52) पुत्र अपनी बहू काजल (25) पत्नी कपिल व नातिन नैना (2) सुल्तानपुर सूखे की दवा लेने जा रहे थे इनायातपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन ने टक्कर मार दिया, टक्कर इतनी जोरदार थी कि सरैया निवासी आटो चालक श्याम लाल वर्मा, वंशीलाल व काजल गंभीर रूप से घायल हो गए साथ में आटो पर बैठी नातिन नैना बाल बाल बच गई आसपास के स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई, पुलिस ने पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने वंशीलाल को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल आटो चालक श्याम लाल वर्मा और काजल का इलाज मेडिकल कालेज, सुलतानपुर में चल रहा है।वंशीलाल ने अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री को छोड़कर चले गए मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से महिला की मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र की साहिनवा गांव निवासी राजपत्ती को ट्रैक्टर ने रौद दिया।जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।ग्रामीणों ने बताया गया कि मृतक महिला राज पत्ती साहिनवा ग्राम में रहती थी।उनका बेटा राम मूर्ति तदीपुर में मकान का निर्माण करवा रहा था।जहां पर मृतक महिला देखभाल के लिए गई हुई थी।महिला घर के बाहर जमीन पर बैठी हुई थी तभी ईंट ले जा रही ट्रैक्टर-ट्राली ने महिला को कुचल दिया।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर का ड्राइवर जो नाबालिक था।घटना के बाद वह फरार हो गया।ग्रामीणों ने पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग निकला।मौके पर गुस्साए लोगों ने शव को रोड पर रखकर जाम कर दिया।मौके पर थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने पहुंचकर ग्रामीणों व मृतक के परिजनों को समझाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया।उन्होंने कहा कि ड्राइवर व मालिक के ऊपर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ईवीएम में कैद हुआ नौ प्रत्याशियों का भविष्य

- चुनाव खत्म होने के दूसरे दिन भी लोगों के बीच मुद्दों को लेकर चर्चा
- लोगों ने कहा- इस बार बीजेपी और गठबंधन में है लड़ाई





**सुलतानपुर (वीओएल)।** शनिवार को छठवें चरण का चुनाव खत्म हो गया, ईवीएम मशीन में सुलतानपुर जनपद के प्रत्याशियों का भविष्य कैद हो गया है अब चार जून का जनता को इंतजार है, शनिवार को मतदान के दिन दिनभर लोगों के बीच चुनाव पर बहस जारी रही। चुनाव के दूसरे दिन रविवार को भी दुकान, नुक्कड़, बाजार, चैराहों पर लोगों में चर्चा बनी रही।भारतीय जनता पार्टी के समर्थक प्रत्याशी मेनका गांधी की जीत का भविष्य वाणी करने में जुटे है तो वहीं इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राम भुआल निषाद के चहेते अपने पार्टी को विजयी बता रहे हैं बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उदयराज वर्मा ह्लपंकजह्ल को भी लोगों ने जातीय समीकरण से जोड़ा है।फिलहाल लोगों ने इस बार के लोक सभा चुनाव में भाजपा और इंडिया गठबंधन पार्टी को लड़ाई में बताया है। रविवार को दिनभर लोगों ने जातीय समीकरण के अनुसार अपने अपने प्रत्याशियों को वोट बैंक व मुद्दों के साथ जोड़कर भविष्य वाणी करने में जुटे रहे। भाजपा के समर्थक ब्राह्मण, क्षत्रिय, कर्मी व निषाद समुदाय के लोगों का एक तरफा मतदान पाने की बात कहा, वहीं इंडिया गठबंधन पार्टी से जुड़ाव रखने वाले मतदाता भी निषाद, यादव, पाल, मुस्लिम आदि समुदाय के लोगों के समर्थन को गिनाया। कई लोगों ने बेरोजगारी, महंगाई समेत अन्य मुद्दों को इस बार के लोकसभा चुनाव में देखते हुए मतदान करने की बात कही। चाय के दुकान पर बैठे कुछ लोगों ने इस बार लोकसभा में प्रत्याशी के परिवर्तन करने से राजनीति को जोड़ा। फिलहाल इसका फैसला चार जून को होगा। सुलतानपुर जनपद के नौ प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम मशीन में कैद हो गया है जिसका फैसला आने में देर है लेकिन विभिन्न दलों के समर्थकों में इस बार का लोकसभा चुनावी घमासान जारी है और चर्चा परिचर्चा चल रहा है।

## दो शिक्षक निलंबित

**मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में वरिष्ठ सहायक से अभद्रता और हंगामा किए जाने के मामले में बीएसए सुनील दत्त ने दो सहायक शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। बीएसए को दिए अपने प्रार्थना पत्र में वरिष्ठ सहायक बृजराज सिंह ने आरोप लगाया है कि आठ मई को वह अपने कक्ष में कार्य कर रहे थे।इस दौरान प्राथमिक विद्यालय पीरी मांट के सहायक शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह और उच्च प्राथमिक विद्यालय डहरूआ के सहायक शिक्षक आलोक उपाध्याय ने अभद्रता की।चालक महिपाल सिंह से भी अभद्रता की। इस प्रकरण में बीएसए सुनील दत्त ने दोनों अध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा था और अब जांच के बाद उनको निलंबित कर दिया है।

## बाल संस्कार शाला का आयोजन आज से

**लालगंज,रायबरेली।** श्री बालेश्वर सेवा समिति के व्यवस्थापक अनुज अवस्थी ने बताया कि बच्चों में संस्कार देने के लिए श्री बालेश्वर धाम परिसर में आज 27 मई से 3 जून तक निशुल्क बाल संस्कार शाला का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि अपने बच्चों को संस्कार युक्त बनाने के लिए बाल संस्कारशाला में भेजने का कष्ट करें ।मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल जी महाराज ने बताया कि संस्कार विहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिक विहीन व्यापार समाज के लिए बिष के समान है।अगर बचपन से ही बच्चों में अच्छे संस्कार डाले जाए तो निश्चित रूप से तभी राष्ट्र ,धर्म और संस्कृति की उन्नत संभव है। अतुल मिश्रा ने कहा कि संस्कारी ,सदाचारी एवं स्वस्थ बनाना ही ग्रीष्मकालीन संस्कारशाला का उद्देश्य है।कार्यक्रम में राजेंद्र तिवारी और मनोज पांडे का भी सहयोग रहेगा।

## चोरी की बाइक सहित शातिर गिरफ्तार



**मथुरा।** थाना छाता पुलिस द्वारा बरसाना रोड पर बरसाना पुल के आगे एक शातिर को चोरी की मोटर साइकिल के सहित गिरफ्तार किया है।आरोपित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करने में छाता पुलिस जुटी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी छाता के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक छाता त्रिलोकी सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना छाता पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 179/2024 धारा 379 भादवि में अभियुक्त सोनू पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी खायरा थाना छाता को बरसाना रोड पर बरसाना पुल के आगे से उक्त मुकदमें में चोरी गई मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया है।अभियुक्त सोनू उपरोक्त से बरामदगी के आधार पर मु0अ0स0 179/2024 में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गयी ।अभियुक्त सोनू उपरोक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते की जा रही है ।

## हरिश्चंद्र अग्रवाल की 45वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनायी गयी

**रायबरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा प्रेरणा दिवस का कार्यक्रम दीप पैलेस में संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता विशिष्ट अतिथि राज नारायण अग्रहरि प्रदेश संगठन मंत्री ,सोनू वर्मा प्रदेश मंत्री युवा रहे, स्व. हरिश्चंद्र अग्रवाल की 45वीं पुण्यतिथि पर आयोजित प्रेरणा दिवस के अवसर पर आए हुए व्यापारियों पदाधिकारी ने हरिश्चंद्र अग्रवाल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया, उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने बताया कि 26 मई 1979 को प्रदेश भर के व्यापारी बिक्री कर के सर्वे छापे के विरोध में जब अमीनाबाद के झंडे वाले पार्क में आंदोलन कर रहे थे उस वक्त व्यापारियों को तीतर बीतर करने के लिए पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से हरिश्चंद्र अग्रवाल शहीद हो गए, हमारा संगठन प्रत्येक वर्ष उनकी स्मृति में प्रेरणा दिवस का आयोजन करता है और प्रत्येक जनपद में व्यापारिक एवं सामाजिक सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया जाता है, जिला अध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल,वारिव जिला महामंत्री संदीप शुक्ला जिला युवा अध्यक्ष पंकज प्रजापति महिला प्रकोष्ठ जिला प्रभारी गीता सिंह ,जिला अध्यक्ष राजकुमारी सिंह ,विमलेश मिश्रा द्वारा शहर के समाजसेवी व्यापारी राजेंद्र गुप्ता, गुरबख्श सिंह बग्गा, सव तेजिंदर सिंह, मोहनलाल वर्मा, योगेश कक्कड़, रोहित पांडे ,सोनी त्रिपाठी, डॉ अतुल अग्रवाल, वाशन दास को अंग वस्त्र सम्मान पत्र, माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने किया इस मौके पर जिला युवा अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी, लवलीन चावला, उषा श्रीवास्तव, नगर महामंत्री अब्दुल वाहिद मोहम्मद शकील , वीके रावत ,आलोक सिंह, नगर युवा अध्यक्ष दिलदार राइनी, विक्की सिंह, जिला युवा महामंत्री दिग्विजय सिंह, सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

# कठिन योगासन से बचें जो शरीर की गर्मी को बढ़ा सकते हैं



**रायबरेली।** योग के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है।योग नहीं तो कुछ भी नहीं। योग का महत्त्व भूत भविष्य और वर्तमान तीनों कालों में रहा है। इसके बिना मानव का अस्तित्व विलुप्त हो जाता है।हमारी चेतना को मूलाधार चक्र से होते हुए स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्धि, आज्ञा चक्र सहस्त्रार चक्र तक की यात्रा करनी होती है। जीवन में बिना अध्यात्मिक योग गुरू के स्वयं को जानना असंभव है।मानवरूपी काया में व्याप्त अंधकार अज्ञानता को हटाकर प्रकाशरूपी ज्ञान, आत्मोत्कर्ष, आत्मुन्नत्ति, आत्मकल्याण और आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करना ही हम सबका अंतिम लक्ष्य है। आज योग शिविर में आने वाले सभी आध्यात्मिक साधकों को संयोजक के द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए तौलिया वितरित की गई। लोगों को कुछ देकर एवं सेवा करके आनंद की अनुभूति होती है।उक्त बातें संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने व्यक्त किया ।सिद्धार्थ दुबे ने कहा कि मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय पर्व, जयंती, स्वच्छता, वृक्षारोपण, जल संरक्षण अभियान, सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान, गीता पर व्याख्यान, मेडिकल जांच कैंप,योग शिविर का कार्यक्रम कौशल विकास संस्थान, नर्सिंग कॉलेज, इंटर कॉलेज, जिला जेल कारागार, स्टेडियम, पार्क, वृद्धाश्रम, अनाथालय, कंप्यूटर संस्थान में निरूशुल्क योग शिविर का कार्यक्रम किया जाता है ।योगाचार्य बृजमोहन के द्वारा योग कक्षा में यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ऋषि पतंजलि अष्टांग योग की शिक्षा एवं उनके द्वारा रचित योगदर्शन की जानकारी दी जाती है। आहार विहार, दैनिक दिनचर्या के साथ साथ स्वस्थ रहने के लिए आयुर्वेदिक की जानकारी विभिन्न बीमारियों में दी जाती है। उपस्थित साधक राज अग्रहरि, अनुराग, आरती, सरला मौर्या, श्रेष्ठा शुक्ला, सिद्धार्थ दुबे, ईशान दुबे, आरके सिंह, श्रेया सिंह राकेश यादव, दिनेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## उपभोक्ताओं के लिए बिजली कंट्रोल रूम एवं बिजलीघरों के मोबाइल नंबर जारी

**मथुरा।** बिजली विभाग ने शहरी क्षेत्र के लिए कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर जारी किया है। इस पर बिजली संबंधी जानकारी उपभोक्ता कर सकते हैं। साथ ही बिजलीघर एवं इंजीनियरों के नंबर पर भी संपर्क किया जा सकता है।गर्मी में लोड बढ़ने के कारण फॉल्ट हो रहे हैं,जिसके चलते सप्लाई बाधित रहती है।गर्मी बढ़ने के साथ बिजली समस्या भी बढ़ने लगी है। किसी न किसी क्षेत्र में लोड बढ़ने, ट्रांसफार्मर खराब होने, फॉल्ट या ब्रेक डाउन के चलते बिजली बाधित रह रही है। उपभोक्ताओं को बिजली की सही जानकारी न मिलने के कारण उनमें रोष रहता है। डीएम ने भी इस पर नाराजगी जाहिर कर सुधार के निर्देश दिए हैं। निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराएं।इसी क्रम में शहरी एक्सईएन आशीष गुप्ता ने कहा कि बिजली संबंधी जानकारी कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9193303021 पर की जा सकती है।कैंट बिजलीघर का नंबर 9193303159, बंगालीघाट का नं. 9193303160, राजीव भवन का न. 9193303161, औरंगाबाद का नंबर 9193303162, नवादा का नंबर 9193303163, जयगुरुदेव का नंबर 9193303163 एवं सलेमपुर बिजलीघर का नंबर 9193303165 है।जेई कैंट 9193303144, जेई बंगालीघाट 9193303145, जेई राजीव भवन 9193303146, जेई नवादा 9193303148 एवं जेई सलेमपुर का मोबाइल नंबर 9193303147 है।एसडीओ कैंट का मो. नंबर 9193303143 एवं एसडीओ जयगुरुदेव का मोबाइल नंबर 9193303142 है। कंट्रोल रूम या बिजलीघर से संपर्क न होने पर क्षेत्रीय इंजीनियर एवं एसडीओ से संपर्क किया जा सकता है।

संक्षेप

## वेल्थबास्केट के साथ अब निवेशक होंगे सशक्त

नई दिल्ली। शेयर.मार्केट, ये फोनपे का प्रोडक्ट है, और निवेश करने का एक शानदार एवं नवीन मंच है: वेल्थबास्केट ये हमारी सेबी रजिस्टर्ड रिसर्च टीम के जरिए बहुत ही ध्यान से चुने गए स्टॉक और ईटीएफ का संग्रह है। वेल्थबास्केट यूजर फ्रेंडली इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट हैं। निवेशक कुछ ही मिनटों में साइन अप कर सकते हैं और मात्र रुपये 1000 से निवेश करना शुरू कर सकते हैं। इससे कई तरह के निवेश विकल्प मिल जाते हैं। ये विकल्प अलग-अलग एसेट क्लास, सेक्टर, थीम और फैक्टर पर आधारित होते हैं। इसकी मदद से यूजर मौजूदा होल्डिंग को कई तरह के विकल्पों में निवेश कर सकते हैं वेल्थबास्केट में कोई लॉक-इन अवधि नहीं होती है, जिससे निवेशक किसी भी समय आसानी से पैसे निकाल सकते हैं निवेशक अपने पोर्टफोलियो की पूरी जानकारी देख सकते हैं। वे अपनी पसंद के अनुसार, स्टॉक के एलोकेशन को बदल भी सकते हैं। शेयर.मार्केट का लक्ष्य भारत भर के निवेशकों को सुलभ और सरल समाधान देना है, जिससे वेल्थ बनाना आसान हो सके। वेल्थबास्केट निवेश करना आसान बनाता है, बिना किसी रुकावट के बेहतरीन अनुभव मिलता है।

## पक्षी टकराने के बाद स्पाइसजेट का विमान दिल्ली वापस लौटा

नयी दिल्ली। लेह जा रहा स्पाइसजेट का एक विमान रविवार सुबह पक्षी टकराने की वजह से दिल्ली वापस लौट आया। एयरलाइन ने यह जानकारी दी। यह विमान हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया और सभी यात्री सामान्य तरीके से बाहर आ गए। सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया कि करीब 135 लोगों को लेकर लेह जा रहा बोइंग 737 विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। स्पाइसजेट ने बयान में कहा कि विमान के इंजन 2 से पक्षी टकराने के बाद एसजी विमान वापस लौट आया। एयरलाइन ने स्पष्ट किया है कि विमान ने इमरजेंसी लैंडिंग नहीं की, बल्कि यह सामान्य तरीके से उतरा। इससे पहले सूत्र ने कहा था कि हवाई अड्डे पर पूर्ण इमरजेंसी घोषित कर दी गई थी। 10:30 बजे उड़ान भरने के बाद इंजन में कंपन की वजह से 11 बजे विमान वापस लौट आया।

## मध्य प्रदेश में गेल के हरित हाइड्रोजन संयंत्र का उद्घाटन

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने बताया कि उसका मध्य प्रदेश के विजयपुर स्थित पहला हरित हाइड्रोजन संयंत्र चालू हो गया है। इसकी क्षमता 10 मेगावाट है। यह देश की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस कंपनी के नयी और वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विजयपुर परिसर में हरित हाइड्रोजन उत्पादन इकाई के लिए 10 मेगावाट का प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन इलेक्ट्रोलाइजर कनाडा से आयात किया गया है। संयंत्र प्रतिदिन लगभग 4.3 टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा, जिसकी शुद्धता मात्रा के हिसाब से लगभग 99.999 प्रतिशत होगी। इसमें हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित बिजली का उपयोग किया जाएगा। गेल ने बयान में कहा कि यह संयंत्र राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप है। इस मिशन के तहत 2030 तक देश में 50 लाख टन वार्षिक हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है।

## 10 व्यापारिक साझेदारों में नौ के साथ व्यापार घाटा

नयी दिल्ली। भारत को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान चीन, रूस, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया समेत शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में नौ के साथ व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। व्यापार घाटा, आयात और निर्यात के बीच का अंतर है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि बीते वित्त वर्ष में 2022-23 की तुलना में चीन, रूस, दक्षिण कोरिया और हांगकांग के साथ घाटा बढ़ गया। दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, रूस, इंडोनेशिया और इराक के साथ व्यापार घाटे में कमी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 85 अरब डॉलर, रूस के साथ 57.2 अरब डॉलर, दक्षिण कोरिया के साथ 14.71 अरब डॉलर और हांगकांग के साथ 12.2 अरब डॉलर हो गया। चीन के साथ दोतरफा व्यापार 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर रहा, और वह अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया।

# कंपनियों की पूंजी 1.85 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,85,320.49 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक को हुआ।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,404.45 अंक या 1.89 प्रतिशत चढ़ गया। सेंसेक्स शुक्रवार को 75,636.50 अंक के दिन में अपने कारोबार के सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। समीक्षाधीन सप्ताह में सिर्फ आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 61,398.65 करोड़ रुपये बढ़कर 20,02,509.35 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक ने सप्ताह के दौरान 38,966.07 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार



मूल्यांकन 11,53,129.36 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 35,135.36 करोड़ रुपये बढ़कर 6,51,348.26 करोड़ रुपये हो गई। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 22,921.42 करोड़ रुपये बढ़कर 7,87,838.71 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 9,985.76 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,56,829.63 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 8,821.99 करोड़ रुपये बढ़कर 6,08,198.38 करोड़ रुपये रही। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 6,916.57 करोड़ रुपये बढ़कर 7,39,493.34 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 903.31 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका मूल्यांकन 7,95,307.82 करोड़ रुपये हो गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 271.36 करोड़ रुपये बढ़कर 13,93,235.05 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 436.97 करोड़ रुपये घटकर 5,44,458.70 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, एलआईसी, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# वैश्विक रुख से तय होगी बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। चुनाव और तिमाही नतीजों का सीजन अब समाप्ति की ओर है, ऐसे में इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में कुछ मजबूती देखने को मिलेगी। हालांकि, इसके साथ ही बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव भी देखने को मिल सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगी।

पिछले सप्ताह बाजार में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली थी। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये के उतार-चढ़ाव पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। बृहस्पतिवार को मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों का निपटान है। इससे भी बाजार में उतार-चढ़ाव आ सकता है। चौथी तिमाही के नतीजे अब समाप्ति की ओर हैं। इस सप्ताह टाटा स्टील सहित कई कंपनियां अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। कंपनियों के बेहतर नतीजों से बाजार



की रफ्तार को कायम रखने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा चार जून को होगी। चुनावी नतीजों से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह को बल मिल सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर जापान और अमेरिका के आगामी आर्थिक आंकड़ों के साथ-साथ वैश्विक मुद्रा बाजार में हलचल भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह बाजार की निगाह आम चुनाव, वैश्विक रुझान और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर रहेगी। सप्ताह के दौरान एलआईसी, एनएमडीसी, आईआरसीटीसी और एमएमटीसी अपने मार्च तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। कुल मिलाकर, हमें उम्मीद है कि बाजार में धीरे-धीरे तेजी आएगी। चुनाव और तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने वाला है, ऐसे में बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। मार्च तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए जाएंगे। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,404.45 अंक या 1.89 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 455.1 अंक या दो प्रतिशत चढ़ गया। सेंसेक्स शुक्रवार को 75,636.50 अंक के अपने दिन में कारोबार के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा। निफ्टी ने उसी दिन पहली बार 23,000 अंक का आंकड़ा पार किया।

## आरबीआई कुछ अंकुशों में ढील दे तो एसएफबी पूर्ण बैंक बनने की मांग नहीं करेंगे

नयी दिल्ली। यदि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) एसएफबी पर कुछ प्रतिबंधों में ढील दे तो उनमें से ज्यादातर सार्वभौमिक बैंक बनने की मांग नहीं करेंगे। वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पूर्व वित्तीय सेवा सचिव डी के मित्तल ने यह बात कही।

देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए आरबीआई ने 2014 में निजी क्षेत्र में एसएफबी को लाइसेंस देने के लिए दिशानिर्देश जारी किए था। इसके बाद आरबीआई ने एक दर्जन संस्थाओं को लाइसेंस दिए। आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, एसएफबी के लिए अपनी कम से कम 25 प्रतिशत शाखाएं बैंक रहित ग्रामीण केंद्रों में खोलना जरूरी है। इसके अलावा उन्हें 75 प्रतिशत ऋण प्राथमिकता क्षेत्र को देना अनिवार्य है, जबकि वाणिज्यिक बैंकों के लिए यह सीमा 40 प्रतिशत है। मित्तल ने पीटीआई-भाषा से कहा, लघु वित्त बैंकों को सार्वभौमिक बैंक बनाने के लिए दिशानिर्देश जारी करते समय, यदि आरबीआई एसएफबी पर लगाए गए कुछ प्रतिबंध हटा दे, तो ऐसा करना वित्तीय समावेशन के व्यापक राष्ट्रीय हित में होगा। उन्होंने प्रतिबंधों के बारे में बात करते हुए कहा कि आरबीआई को सह-ऋण, पास थ्रू प्रमाणपत्र और प्रतिभूतिकरण तथा सहायक कंपनियों की स्थापना की अनुमति देने पर विचार करना चाहिए।

## आईओसी, गेल, ओएनजीसी, अन्य कंपनियों पर जुर्माना

नयी दिल्ली। इंडियन ऑयल, ओएनजीसी और गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित सार्वजनिक क्षेत्र की कई तेल एवं गैस कंपनियों पर सूचीबद्धता अनिवार्यता को पूरा करने के लिए निदेशक मंडल में जरूरी संख्या में निदेशकों की नियुक्ति में विफल रहने को लेकर लगातार चौथी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है।

शेयर बाजारों ने जनवरी-मार्च तिमाही में सूचीबद्धता अनिवार्यता को पूरा नहीं करने पर इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी), ऑयल इंडिया लि. त(ओआईएल) और मेंगलूर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स (एमआरपीएल) पर कुल मिलाकर 34 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। शेयर बाजारों से यह जानकारी मिली है। इन कंपनियों ने अलग से दी सूचना में बीएसई और एनएसई द्वारा उनपर लगाए गए जुर्माने की जानकारी दी है। यह जुर्माना इनपर 31 मार्च, 2024 तक अपने निदेशक मंडल में जरूरी संख्या में स्वतंत्र निदेशकों या महिला निदेशकों की नियुक्ति नहीं करने के लिए लगाया गया है। हालांकि, इन कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि निदेशकों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है और इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। इन कंपनियों पर पिछली तीन तिमाहियों में भी इसी कारण से जुर्माना लगाया गया था। आईओसी, एचपीसीएल, बीपीसीएल, गेल, ओआईएल और एमआरपीएल ने अलग-अलग भेजी सूचना में कहा है कि उनपर 5,36,900 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ओएनजीसी पर 1,82,900 रुपये का जुर्माना लगा है। सूचीबद्धता मानदंडों के अनुसार, कंपनियों के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या भी कार्यकारी निदेशकों के अनुपात में होनी चाहिए। इसके अलावा उनके बोर्ड में कम से कम एक महिला निदेशक होनी चाहिए। ओएनजीसी ने कहा कि उसके बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक की कमी कारण उसपर जुर्माना लगाया गया है। निदेशकों की नियुक्त करने का अधिकार भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पास है।

## अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश

नयी दिल्ली। सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली सभी इनकमिंग अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने रविवार को जारी बयान में कहा कि यह बताया गया है कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल नंबर दिखाकर अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल कर रहे हैं और साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी कर रहे हैं। बयान के अनुसार, प्रतीत होता है कि ऐसी कॉलें भारत के भीतर से उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन विदेशों से साइबर अपराधियों द्वारा कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) में हेरफेर करके की जा रही हैं और फर्जी डिजिटल गिरफ्तारियों, फेडएक्स घोटाले, ड्रग्स या कूरियर में नशीले पदार्थों, सरकारी और पुलिस अधिकारी बनकर बात करने, डीओटी या ट्राई अधिकारी बनकर मोबाइल नंबरों को बंद करना, आदि जैसे हाल के मामलों में इसका दुरुपयोग किया गया है। बयान के अनुसार डीओटी और टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने ऐसी अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों की पहचान करने और उन्हें किसी भी भारतीय टेलीकॉम ग्राहक तक पहुंचने से रोकने के लिए एक प्रणाली तैयार की है। अब ऐसी आने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों को रोकने के लिए टीएसपी को निर्देश जारी किए गए हैं।

# आरबीआई को संभवतः तीन लाख करोड़ का लाभ

नयी दिल्ली। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का सरकार को रिकॉर्ड 2.11 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने का कारण संभवतः अधिक लाभ का होना है। हालांकि, इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह 608वीं बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दी है। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था।



केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। गर्ग ने पीटीआई-भाषा से कहा, आरबीआई के अत्यधिक लाभांश का सबसे स्पष्ट कारण बड़ा मुनाफा हो सकता है। हालांकि, अभी आरबीआई की बैलेंस शीट प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन इसके लगभग तीन लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। उन्होंने कहा, साथ ही, यह शक्तिकांत दास का आरबीआई गवर्नर पद पर आखिरी साल है और देश में चुनाव भी हो रहे हैं, ऐसे में उनकी रुचि एक यादगार विरासत छोड़ने और रिकॉर्ड लाभांश देकर नई सरकार को खुश रखने की हो सकती है। दास का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। सरकार ने दास को 11 दिसंबर, 2018 को शुरुआत में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया था। उन्हें 2021 में तीन साल के लिए सेवा विस्तार दिया गया। रिकॉर्ड लाभांश के अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, अगर बजट अनुमान के आधार पर देखा जाए तो आरबीआई का लाभांश करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये ज्यादा है। यह सरकार के 45 लाख करोड़ रुपये के बजट का लगभग दो प्रतिशत है। अतः यह कोई बहुत बड़ी राशि नहीं है। अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है। यह जुलाई में नियमित बजट पेश होने के बाद ही पता चलेगा। देश में राजकोषीय घाटा पिछले पांच साल में छह प्रतिशत से अधिक रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है। यदि सरकार इसका उपयोग राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए करती है, तो यह घटकर लगभग 4.8 प्रतिशत हो जाएगा, अन्य सभी बातें समान रहेंगी।

# एफपीआई ने मई में अबतक शेयरों से 22,000 करोड़ निकाले

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि को लेकर चिंता के बीच एफपीआई ने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी।

वहीं एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। आगे चलकर जैसे-जैसे चुनाव के मोर्चे पर चीजें स्पष्ट होंगी,



एफपीआई की भारतीय बाजार में लिवाली बढ़ेगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार का कहना है कि एफपीआई की लिवाली का सिलसिला चुनावी नतीजों से पहले भी शुरू हो सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (24 मई तक) शेयरों से शुद्ध रूप से 22,047 करोड़ रुपये निकाले हैं। उन्होंने कहा कि एफपीआई की भारी बिकवाली की वजह चीन के शेयर बाजार का बेहतर प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारत में आम चुनाव की वजह से भी एफपीआई बिकवाली कर रहे है। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी निवेशक इस समय भारतीय शेयर बाजारों में उतरने से कतरा रहे हैं। वे इसके लिए चुनावी नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार में 2,009 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## पेज एक का शेष

### राष्ट्र विरोधी

का कोई धर्म नहीं है। पूरा घमंडिया गठबंधन सिर्फ अपने परिवार और एक-दूसरे के भ्रष्टाचार को बचाने में लगे हुए हैं।

### अस्पताल में

कुछ मामूली रूप से झुलसे हैं। पुलिस ने कहा कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया है। शाहदरा की पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि अस्पताल के मालिक नवीन किची को गिरफ्तार कर लिया है। वह शनिवार देर रात आग लगने के बाद से फरार थे। दिल्ली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विवेक विहार थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 336 (दूसरों की जान खतरे में डालने वाला कार्य) और 304ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत मामला दर्ज किया है। चौधरी ने बताया कि वे अस्पताल के अग्नि संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र की जांच कर रहे हैं और अगर अस्पताल इसके बिना संचालित होते पाया गया तो आईपीसी की अन्य धाराएं जोड़ी जा सकती हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कुछ स्थानीय निवासियों ने इसके पीछे से इमारत में प्रवेश किया और उन्होंने कुछ नवजात शिशुओं को वहां से निकाला। गैर सरकारी संगठन शहीद सेवा दल के सदस्य मदद के लिए सबसे पहले पहुंचे। एक अन्य निवासी संजू वर्मा ने कहा कि अग्निशमन विभाग के अधिकारी, स्थानीय पुलिस और सेवा दल के सदस्य बचाव अभियान में शामिल हुए। सेवा दल के एक सदस्य ने दावा किया कि अस्पताल की इमारत में आग लगने के तुरंत बाद अस्पताल के कर्मचारी भाग गए। एक अन्य निवासी मुकेश बंसल ने दावा किया कि इमारत में ऑक्सीजन सिलेंडर में दोबारा ऑक्सीजन भरने का काम अवैध तरीके से किया जा रहा था। बंसल ने आरोप लगाया, हमने स्थानीय पार्षद से भी इसकी शिकायत की थी। लेकिन कुछ नहीं किया गया, यह सब पुलिस की नाक के नीचे हो रहा था। उन्होंने कहा कि वह पहले अस्पताल के बगल में रहते थे लेकिन वहां सिलेंडर भरने का काम किये जाने के कारण वह वहां से अगली गली में रहने चले गए। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने घटना की जांच के लिए एक टीम तैनात की है। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आयोग ने आग की घटना और नवजात शिशुओं की मौत के मामले का संज्ञान लिया है। घटना की जांच के लिए एनसीपीसीआर की एक टीम अस्पताल का दौरा करेगी।

### शाहजहांपुर,

गया और इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान सुमन देवी (36), अजीत (15), आदित्य (आठ), रामगोपाल (48), रोहिणी (20), प्रमोद (30), छुटकी (50), शिव शंकर (48), सीमा (30) सुधांशु (सात) एवं सोनवती (45) के रूप में की गई है। घटना में 10 अन्य लोग भी घायल हुए हैं जिन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं, लखीमपुर बहराइच मार्ग पर शंकरपुर के पास बस व मैजिक की टक्कर में 5 लोगों की मौके पर मौत हो गयी वहीं करीब आठ लोग घायल हो गये। पांच घायलों का जिला चिकित्सालय ओयल में चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा। वही गंभीर रूप से तीन घायलों को राजधानी लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। जिन चार मृतकों की पहचान हुई है, उनमें मोनिस 30 साल निवासी बिरुआई थाना ईसानगर खीरी, अमन सात वर्ष निवासी जसवंतनगर थाना खमरिया, रिजवान 30 वर्ष निवासी सिसैया थाना धौरहरा, बुद्धराम निवासी राजापुर बनकटवा थाना मोतीपुर जिला बहराइच शामिल हैं। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### सपा-कांग्रेस

साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा, हमारा देश ब्रह्मोस मिसाइल बनाता है और वह दिन दूर नहीं जब उप्र में ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी जिसका खौफ दूर दूर तक है।

मोदी ने कहा कि दुनिया के कई देशों में इसकी मांग है लेकिन कांग्रेस को यह भी पसंद नहीं आया। दुनिया के कई देश ब्रह्मोस खरीदना चाहते थे लेकिन कांग्रेस सरकार ने रोड़े अटकाएं क्योंकि इंडी (इंडिया) वाले चाहते हैं कि भारत रक्षा क्षेत्र में न आत्मनिर्भर बने, न भारत में हथियार निर्यात करने की क्षमता पैदा हो। उन्होंने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन में शामिल दल हथियारों के सौदे में दलाली खाना चाहते हैं और घोटाले करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले का भी जिक्र किया। मोदी ने कहा कि आज हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की ओर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं। छठे चरण का मतदान खत्म हो चुका है। छठे चरण ने इंडी (इंडिया) गठबंधन के छक्के छुड़ा दिए हैं। अब सातवें चरण में इंडी (इंडिया गठबंधन) वालों पर पूर्वांचल का प्रहार होगा और पूर्वांचल का जिस पर प्रहार हुआ, वह मैदान से बाहर जाकर गिरता है। मतगणना वाले दिन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चार जून 2024 की तारीख भारत का भविष्य तय करने जा रही है तथा उस दिन देश एक नई उड़ान के लिए पंख फैलाएगा जिसके लिए करोड़ों लोग चार जून का इंतजार कर रहे हैं। तीन करोड़ गरीबों को आने वाले दिनों में पक्का घर मिलेगा, उन्हें चार जून का इंतजार है। 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग जिन्हें पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज मिलेगा, उन्हें चार जून का इंतजार है। करोड़ों युवाओं को मुद्रा योजना से मदद मिलेगी, उन्हें चार जून का इंतजार है। तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनने के लिए चार जून का इंतजार है। देश को पता है कि चार जून से ही भारत के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का काउंटडाउन (उलटी गिनती) शुरू हो जाएगी। हर भारतवासी को आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। मोदी ने कहा कि चार जून को बुढ़वा मंगल के दिन हनुमान जी के आशीर्वाद से भारत की मंगल यात्रा की नई शुरुआत होगी। मोदी ने इंडिया गठबंधन पर प्रहार तेज करते हुए जनता से सवाल किया राम मंदिर को गाली देने वालों को एक भी सीट मिलनी चाहिए क्या, उनको एक भी वोट मिलना चाहिए क्या? मोदी ने सपा और कांग्रेस पर दलितों और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर मुसलमानों को देने की साजिश का आरोप लगाते हुए यह भी दावा किया, सपा केवल अपने परिवार को कोटा बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है। यही सपा का चरित्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के लोग गर्व से कहते हैं कि हम उत्तर प्रदेश के हैं। अनेक राज्यों से मेरा उत्तर प्रदेश आगे निकल रहा है। मैं उत्तर प्रदेश का सांसद हूं, आपका पड़ोसी हूं। बांसगांव और देवरिया लोकसभा क्षेत्रों में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा।

### सपा-कांग्रेस का

जबर्दस्ती ले लेंगे, फिर उसे घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों को दे देंगे। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। मुख्यमंत्री ने गाजीपुर में रैली में हाल में संदिग्ध परिस्थिति में मृत पाये गये बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि यहां का एक माफिया परिवार अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार का बताता है जबकि ये कोरा झूठ है और उसका ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार से कोई नाता नहीं है। नौशेरा के शेर के नाम से मशहूर ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान 1948 में जम्मू- कश्मीर में पाकिस्तानी सैनिकों और कबायलियों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे। बाद में उन्हें दुश्मन के सामने वीरता के लिए महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया, अपराधियों, नक्सलवादियों और आतंकवादियों को मारने के लिए भाजपा आवश्यक है। सुरक्षा और कानून का राज सुशासन की पहली शर्त होती है। उत्तर प्रदेश का बुलडोजर आज गरीबों, सज्जनों, बेटियों और व्यापारियों को अभय प्रदान कर रहा है। जनता के वोट ने अयोध्या में रामलला का मंदिर बना दिया, देश का सम्मान बढ़ा दिया, सीमाओं को सुरक्षा प्रदान की, विकास के बड़े बड़े कार्य हुए हैं।

### मोदी ने हिमाचल

में कोल्ड स्टोरेज हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि जब भी नरेन्द्र मोदी शपथ लेते हैं, अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनियों के शेयर की कीमतें बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में सिर्फ 22 लोगों के सपने पूरे हुए हैं, जबकि देश की जनता का भला नहीं हुआ है। गांधी ने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं कि भगवान उनसे काम कराते हैं। शायद भगवान चाहते हैं कि मोदी अडाणी की मदद करें। कांग्रेस नेता ने तंज करते हुए कहा, मैं मोदी से पूछना चाहता हूं कि क्या यह भावना या बीमारी उनके मन में सुबह, शाम आती है या पूरे दिन रहती है। राज्य के लोगों से अपने जुड़ाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मेरी बहन यहीं शिमला में रहती हैं। और याद रखें, राहुल और प्रियंका दिल्ली में आपके सिपाही हैं और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस पार्टी की टीम राज्य में आपकी सिपाही है। गांधी ने केंद्र में उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर कृषि ऋण माफ किए जाने और फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का वादा किया। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को जब तक गरीबी रेखा से ऊपर नहीं लाया जाता, उन्हें हर साल एक लाख रुपये दिए जाएंगे।

### हार देखकर

कि देश की 140 करोड़ जनता भाजपा को 140 सीट के लिए भी तरसाएगी। उन्होंने दोहराया कि इंडिया गठबंधन सरकार बनने के बाद अग्निवीर योजना समाप्त हो जायेगी और आयु सीमा बढ़ा दी जाएगी। यादव ने दावा किया, मोदी सरकार ने उद्योगपतियों का 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज माफ कर दिया है। इंडिया गठबंधन सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी और उनके लिए एमएसपी लागू करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इंडिया गठबंधन पर शरिया कानून लागू करने का आरोप लगाए जाने पर यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, योगी जी योगी नहीं हैं। योगी जी का योग देखा था आपने, इनका एक पांव लड़खड़ा रहा था। देखिएगा चुनाव के बाद पूरी तरह से लड़खड़ा जायेंगे। भाजपा नेताओं द्वारा यह कहे जाने कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो राम मंदिर पर बाबरी ताला लग जाएगा, यादव ने कहा, यह उच्चतम न्यायालय के फैसले का अपमान है। इस तरह की भाषा से उच्चतम न्यायालय की अवमानना हो रही है।

### रेमल तूफान

मिलाकर कुल 394 उड़ान प्रभावित होंगी। कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह में भी चक्रवात के पूर्वानुमान के कारण रविवार शाम से 12 घंटे के लिए माल एवं कंटेनर प्रबंधन परिचालन निलंबित रहेगा। चक्रवात रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में सागर द्वीप से 240 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पूर्व में स्थित था और इस दौरान 90-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और उनका वेग 110 किलोमीटर प्रति घंटे था। यह मॉनसून से पहले के मौसम में बंगाल की खाड़ी में आने वाला पहला चक्रवात है। मौसम कार्यालय ने पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में 26-27 मई को अत्यधिक भारी वर्षा होने चेतावनी जारी की है। असम और मेघालय में भी अत्यधिक भारी बारिश होने की आशंका है। मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में 27-28 मई को भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। चक्रवात के पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों में पहुंचने पर 1.5 मीटर तक की तूफानी लहर के कारण निचले इलाकों में पानी भर जाने की आशंका है। मौसम कार्यालय ने मछुआरों को सोमवार सुबह तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में समुद्र में न जाने की सलाह दी है।




# कोलकाता ने फाइनल में हैदराबाद को हराया







एजेंसी

कोलकाता ने आईपीएल 2024 के फाइनल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हरा दिया। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम तीसरी बार खिताब हासिल करने में कामयाब हुई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता ने वेंकटेश अय्यर और गुरबाज अहमद की अर्धशतकीय साझेदारी की बदौलत मैच जीत लिया।

टीम ने फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराया। कोलकाता की टीम इस लीग में तीसरी बार चैंपियन बनी है। टीम ने 10 साल बाद खिताब जीता है। पिछली बार कोलकाता 2014 में चैंपियन बनी थी। चेपॉक मैदान पर रविवार को हैदराबाद ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 18.3 ओवर में 113 रन पर ऑलआउट हो गई। कोलकाता ने 114 रन का टारगेट 10.3 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। वेंकटेश अय्यर ने 26 बॉल पर नाबाद 52 रनों की पारी खेली। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 32 बॉल पर 39 रन बनाए। गेंदबाजी में आंद्रे रसेल ने 3 विकेट चटकाए। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल का मौजूदा सीजन जीत लिया है। टीम ने हैदराबाद को 8 विकेट से हराया। कोलकाता ने 10.3 ओवर में 114 रन का टारगेट हासिल कर लिया। शाहबाज के ओवर की तीसरी बॉल पर वेंकटेश अय्यर ने विनिंग रन बनाया।

हैदराबाद ने कोलकाता से टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। क्वालिफायर-1 की तरह ही कोलकाता के पेसर्स ने शुरूआत में ही हैदराबाद के बल्लेबाजों को बैकफुट पर ला दिया। स्टार्क (2 विकेट) ने पहले ही ओवर से ब्रेक थ्रू दिलाया। कोलकाता ने 6 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया और 5 ने विकेट लिए। आंद्रे रसेल ने 3 विकेट झटके। हैदराबाद की ओर से सबसे ज्यादा रन ऐडन मार्करम (20 रन) बनाए। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही हैदराबाद 18.3 ओवर में 113 रन पर ऑलआउट हो गई है। 19वें ओवर की तीसरी बॉल पर आंद्रे रसेल ने पैट कमिंस को मिचेल स्टार्क के हाथों कैच कराया। 18वें ओवर में हैदराबाद ने 9वां विकेट गंवाया। 16वें ओवर में कोलकाता के खिलाड़ियों ने दो कैच ड्रॉप किए। सुनील नरेन के ओवर की 5वीं बॉल पर स्टार्क से पैट कमिंस और आखिरी बॉल पर शॉर्ट फाइन लेग पर जयदेव उनादकट का कैच ड्रॉप हुआ। 15वें ओवर में हैदराबाद ने 8वां विकेट गंवा दिया है। यहां हेनरिक क्लासन 16 रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें हर्षित राणा ने बोल्ड कर दिया। हर्षित ने नितिश रेड्डी (13 रन) को पवेलियन की राह दिखाई। 13वें ओवर में हैदराबाद ने 7वां विकेट भी गंवाया। यहां अब्दुल समद 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आंद्रे रसेल ने विकेटकीपर गुरबाज के हाथों कैच कराया। उन्होंने ऐडन मार्करम को भी आउट किया। 12वें ओवर में हैदराबाद ने छठा विकेट भी गंवा दिया है। शाहबाज अहमद (8 रन) को वरुण चक्रवर्ती ने सुनील नरेन के हाथों कैच कराया। 11वें ओवर में हैदराबाद ने 5वीं विकेट गंवाया। यहां ऐडन मार्करम 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आंद्रे रसेल ने मिचेल स्टार्क के हाथों कैच कराया। इस ओवर के बाद हैदराबाद का स्कोर 70/5 रहा। 8वें ओवर में हैदराबाद ने 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। सुनील नरेन के ओवर की 5वीं बॉल पर ऐडन मार्करम के सिंगल के साथ टीम ने 50 रन का आंकड़ा हासिल किया। इस ओवर के बाद टीम का स्कोर 51/4 रहा।

7वें ओवर की आखिरी बॉल पर हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवा दिया है। यहां पर नितिश रेड्डी 13 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें हर्षित राणा ने विकेटकीपर गुरबाज के हाथों कैच कराया। इस ओवर के बाद हैदराबाद का स्कोर 47/4 रहा। पावरप्ले में हैदराबाद ने औसत बैटिंग की है। टीम ने 6 ओवर में 40 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए हैं। नितिश रेड्डी और ऐडन मार्करम क्रीज पर हैं। अभिषेक 2 और राहुल त्रिपाठी 9 रन बनाकर आउट हुए। हेड खाता नहीं खोल सके हैं। स्टार्क ने 2 और अरोड़ा ने एक विकेट चटकाया। 5वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां नंबर-3 पर उतरे राहुल त्रिपाठी 9 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने रमनदीप सिंह के हाथों कैच कराया। स्टार्क ने पहले ओवर में अभिषेक शर्मा को बोल्ड किया। 5 ओवर के बाद हैदराबाद का स्कोर 23/3 रहा।

हैदराबाद ने 6 रन पर दूसरा विकेट गंवा दिया है। ट्रैविस हेड शून्य पर आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने विकेटकीपर गुरबाज के हाथों कैच कराया। इस ओवर के बाद टीम का स्कोर 6/2 रन रहा। हैदराबाद ने पहले ही ओवर में विकेट गंवाया, स्टार्क ने अभिषेक को बोल्ड किया। स्टार्क ने पहले ओवर की 5वीं बॉल पर अभिषेक शर्मा को बोल्ड किया। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही हैदराबाद ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। यहां अभिषेक शर्मा 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने ओवर की 5वीं बॉल पर बोल्ड कर दिया।

## संक्षेप

### ओसाका फ्रेंच ओपन में जीत से दूसरे दौर में

पेरिस। जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन 2024 के शुरुआती दिन रविवार को यहां लूसिया ब्रोंजेटी के खिलाफ महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। फ्रेंच ओपन टेनिस में सातवीं बार खेल रही ओसाका ने शुरुआती सेट की निराशा से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में 48वें पायदान पर काबिज ब्रोंजेटी पर 1-6, 6-4, 7-5 की जीत दर्ज की। रोलां गैरां में ब्रोंजेटी की तीन प्रयास में यह तीसरी हार है। विश्व रैंकिंग में 30वें स्थान पर काबिज दयान यास्त्रेमस्का ने अजला टोमलजानोविक को शिकस्त दी तो वहीं डोना वेकिच के खिलाफ पीठ दर्द की समस्या के कारण लेसिया त्सुरेंको पहले सेट के बीच में ही मैच से हट गयी। पुरुषों के ड्रा में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव ने टारो डेनियल को 6-2, 6-7, 6-3, 7-5 से हराया।

### सेना की निशानेबाजी इकाई से लड़कियों को बढ़ावा

महू। ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जीतू रॉय जैसे निशानेबाजों की प्रतिभा को तराशने वाली सैन्य निशानेबाजी ईकाई ने इस खेल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए आर्मी गर्ल्स स्पोर्ट्स कंपनी (एजीएससी) की शुरूआत की है। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को वर्चुअल माध्यम से एजीएससी का उद्घाटन किया। भारतीय सेना ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा, महिला निशानेबाजों को सशक्त बनाने की पहल के तहत आर्मी गर्ल्स स्पोर्ट्स कंपनी का उद्घाटन आज महू में सैन्य निशानेबाजी ईकाई में 11 बालिका निशानेबाजों के पहले बैच के साथ किया गया। इस अवसर पर ओलंपियन राइफल निशानेबाज और खेल रत्न पुरस्कार विजेता अंजलि भागवत, भारतीय राष्ट्रीय राइफल महासंघ के महासचिव सुल्तान सिंह और इन्फैंट्री स्कूल के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल गजेंद्र जोशी उपस्थित थे। इस सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया, यह पहल महिला निशानेबाजों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने और सशक्त बनाने का वादा करती है, जिससे निशानेबाजी के क्षेत्र में भविष्य की उत्कृष्टता के लिए एक मजबूत नींव तैयार होगी।

## एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में दीपा ने जीता स्वर्ण

एजेंसी



ताशकंद। शीर्ष भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर रविवार को यहां महिला वॉल्ट स्पर्धा में पीला तमगा हासिल कर एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पहली जिमनास्ट बन गयीं। दीपा (30 वर्ष) ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन वॉल्ट फाइनल में 13.566 का औसत स्कोर बनाया। उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13.466) और जो क्योंग ब्योल (12.966) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था। प्रणति नायक ने भी 2019 और 2022 चरण में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। डोपिंग उल्लघंन के कारण 21 महीने के निलंबन के बाद पिछले साल वापसी करने वाली दीपा आगामी पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं।

**दमखम और कौशल पर काम कर रही है मुक्केबाज नीतू, नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर**

नयी दिल्ली। झटकों से विचलित हुए बिना भारतीय मुक्केबाज नीतू गंघास अपने दमखम और कौशल पर मेहनत करते हुए इस साल विश्व चैम्पियनशिप और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की तैयारी कर रही हैं। नीतू ने 48 किलो वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन यह श्रेणी ओलंपिक में शामिल नहीं है। उसने 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। निकहत जरीन ने 50 किलो वर्ग में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है जिससे नीतू को 54 किलो में जाना पड़ा।

वह हालांकि नये वर्ग में एशियाई खेलों (पहले ओलंपिक क्वालीफायर) की टीम में जगह नहीं बना सकी चूंकि प्रीति पंवार का स्कोर बेहतर था। प्रीति ने एशियाई खेलों से ही पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। नीतू ने भारतीय खेल प्राधिकरण के फिट इंडिया चैम्पियंस पॉडकास्ट में कहा, मैं कदम दर कदम रणनीति बनाऊंगी और 54 किलो वर्ग में मजबूत होने की कोशिश करूंगी। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य कजाखस्तान में अक्टूबर में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 भी है। बचपन से मैं हमेशा जीतना चाहती रही हूं। मैने कई विषमताओं और निराशाओं से निकलकर यहां तक का सफर तय किया है और अब आगे की ओर देख रही हूं। भारत की निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति (54 किलो) और लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुकी है। नीतू ने कहा, मुझे लगता है कि ये तीनों ही पदक जीत सकती हैं। ये सभी जुझारू हैं और इनके पास अपार अनुभव है।

## श्रीहरि ने मेयर नोस्ट्रम को तैराकी में रजत पदक

नयी दिल्ली। भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने फ्रांस में चल रहे 30वें मेयर नोस्ट्रम तैराकी टूर्नामेंटमें 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके नटराज ने 25 . 50 सेकंड का समय निकालकर हंगरी के एडम जास्जो के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के स्कॉट गिब्सन को कांस्य पदक मिला। नटराज का इस वर्ग में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25 . 11 सेकंड का है। 50 मीटर बैकस्ट्रोक ओलंपिक स्पर्धा नहीं है। पेरिस ओलंपिक के लिये अभी तक कोई भारतीय तैराक क्वालीफाई नहीं कर सका है। तोक्यो ओलंपिक में साजन प्रकाश और नटराज ने क्वालीफाई किया था।

**चोट से ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक नहीं खेलेंगे नीरज चोपड़ा**

नयी दिल्ली। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दो सप्ताह पहले अभ्यास के दौरान मांसपेशी में लगी चोट के कारण चेक गणराज्य में 28 मई को होने वाली ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट में भाग नहीं ले सकेंगे। चोपड़ा ने इस सत्र में दो स्पर्धाओं दोहा डायमंड लीग और फेडरेशन कप में भाग लिया है। वह अतिथि के तौर पर इस टूर्नामेंट में पहुंचेंगे। आयोजकों ने एक बयान में कहा, चोपड़ा को दो सप्ताह पहले अभ्यास के दौरान मांसपेशी में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह ओस्ट्रावा में नहीं खेल सकेंगे लेकिन अतिथि के तौर पर यहां आयेंगे।

## मलेशिया मास्टर्स के प्रदर्शन से बढ़ेगा आत्मविश्वास : सिंधू

एजेंसी



कुआलालंपुर। भारत की शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने रविवार को यहां कहा कि मलेशिया मास्टर्स फाइनल में चीन की वांग झी यि से हारने के बावजूद अगले टूर्नामेंट के लिए उनका मनोबल बढ़ेगा। सिंधू का लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में तीसरा पदक हासिल करना है, वह रविवार को यहां 79 मिनट तक चले महिला एकल फाइनल में दुनिया की सातवें नंबर की चीन की खिलाड़ी से 21-16, 5-21, 16-21 पराजित हो गयीं। विश्व रैंकिंग में 15वें नंबर पर काबिज सिंधू ने कहा, निराशाजनक है कि मैं उम्मीद के अनुरूप नतीजा हासिल नहीं कर सकी। मैंने निर्णायक गेम में बढ़त बनायी हुई थ, मुझे इसे जीतना चाहिए था लेकिन इस दौरान काफी अच्छी रैलियां हुईं और वांग ने भी वापसी की।

उन्होंने कहा, मैं इतना ही कह सकती हूं कि यह काफी अच्छा मैच रहा। थोड़ा निराशाजनक रहा लेकिन इस मैच में काफी सकारात्मक चीजें रही बल्कि पूरे टूर्नामेंट में सीखने के लिए काफी सकारात्मक चीजें रहीं। सिंधू 2023 में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार यहां फाइनल में पहुंची। उन्होंने कहा कि वह टूर्नामेंट के इस चरण में पहुंचकर खुश थीं। उन्होंने अंतिम दफा सिंगापुर ओपन और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से बायें टखने में स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण वह करीब छह महीने तक खेल से बाहर रहीं। पिछले साल फरवरी में ही उन्होंने वापसी की। सिंधू ने कहा, खुश हूं कि कम से कम फाइनल में पहुंची। मैंने अच्छा खेल दिखाया। ये मैच निश्चित रूप से मेरा आत्मविश्वास बढ़ायेंगे। लेकिन मैं फाइनल मुकाबले को जीत सकती थी। सिंधू दूसरे गेम में केवल पांच अंक ही जुटा पायीं थी और इस पूर्व विश्व चैम्पियन ने स्वीकार किया कि उन्होंने काफी सारी गलतियां कीं। उन्होंने कहा, दूसरे गेम में शायद 16-4 या 17-4 के स्कोर पर वापसी करने के लिए वास्तव में लंबा गैप था। फिर मैंने लगातार गलतियां कर दीं और इन्हें नियंत्रित करना मुश्किल था। मैंने उसे बड़ी बढ़त दे दी थी। तीसरे गेम में मैं अच्छा कर रही थी और शायद मुझे जीतना चाहिए था। जब मैंने 13-8 से बढ़त ले ली थी तो मुझे इसे कायम रखना चाहिए था। सिंधू ने कहा कि वह 28 मई से शुरू होने वाले सिंगापुर ओपन में मजबूत वापसी की कोशिश करेंगी और अपने कोच के साथ कमियों पर काम करेंगी।

**सिंधू को मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में वांग ने हराया**

कुआलालंपुर। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का पिछले दो साल से चला आ रहा खिताब का इंतजार और लंबा हो गया क्योंकि उन्हें मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज चीन की वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू तीन गेम तक चले 79 मिनट के मुकाबले के निर्णायक गेम में 11-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बावजूद 21-16 5-21 16-21 से हार गयी। विश्व रैंकिंग में 15 वें स्थान पर काबिज सिंधू इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। सिंधू अगर चैम्पियन बनती तो सोने पर सुहागा होता लेकिन फाइनल तक के सफर में इस प्रभावशाली प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। यह एक वर्ष से अधिक समय में किसी बीडब्ल्यूएफ टूर पर उनका पहला फाइनल था।

## फ्रेंच कप में पीएसजी ने दर्ज की जीत एमबाप्पे ने उठाई ट्रॉफी

एजेंसी



**पेरिस**, फ्रांसः पीएसजी अभी भी घरेलू स्तर पर क्लीन स्वीप करके सीजन का समापन कर सकता है, क्योंकि 25 मई को ल्योन में फ्रेंच कप फाइनल में उनका सामना ल्योन से होगा। लीग 1 के साथ-साथ वे पहले ही चैम्पियंस ट्रॉफी भी जीत चुके हैं, जो फ्रांस के लिए सुपर कप के समकक्ष है। लुइस एनरिक की टीम बुधवार को नीस के दौरे के साथ अपना लीग अभियान पूरा करेगी, तथा उसके बाद अगले रविवार को अपना अंतिम मैच मेट्ज के खिलाफ खेलेगी।

दूसरी ओर, एमबाप्पे के पहले क्लब मोनाको ने मोंटपेलियर पर 2-0 की जीत के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा अगले सत्र के चैम्पियंस लीग के लिए स्वतः ही अर्हता प्राप्त कर ली। लिली गोल अंतर के आधार पर ब्रेस्ट से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई, क्योंकि जोनाथन डेविड ने नैनटेस पर 2-1 की जीत में दो गोल किए। किलियन एमबाप्पे ने रविवार को पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाड़ी के रूप में अपने अंतिम घरेलू मैच में गोल किया, लेकिन फ्रांसीसी चैंपियन को टूलूज के खिलाफ 3-1 से आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा, जिस रात उन्होंने लीग 1 चैम्पियनशिप ट्रॉफी जीती थी।

एमबाप्पे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में पुष्टि की कि वह सीजन के अंत में अपना अनुबंध समाप्त होने पर पीएसजी छोड़ देंगे, जिससे क्लब के साथ उनका सात साल का जुड़ाव समाप्त हो जाएगा। रियल मैड्रिड उस खिलाड़ी का अगला गंतव्य स्थान हो सकता है, जिसका पेरिस से प्रस्थान फरवरी से ही एक खुला रहस्य रहा है, जब उसने क्लब को निजी तौर पर अपने आगे बढ़ने के इरादे के बारे में सूचित किया था। एमबाप्पे ने कप्तान की भूमिका निभाई और टूलूज के खिलाफ शुरू में ही गोल करके सभी प्रतियोगिताओं में अपने गोलों की संख्या 44 तक पहुंचा दी। हालांकि, थिज डालिंगा ने जल्दी ही मेहमान टीम के लिए बराबरी का गोल दागा, पीएसजी की टीम में 10 बदलाव हुए थे, इस टीम को सप्ताह के मध्य में सेमीफाइनल में बोरूसिया डॉर्टमंड के हाथों चैंपियंस लीग से बाहर होना पड़ा था, तथा एमबाप्पे ही एकमात्र खिलाड़ी थे जो अपनी जगह बरकरार रख पाए।

यान गबोहो ने दूसरे हाफ में शानदार गोल करके टूलूज को आगे कर दिया, और फ्रैंक मैग्री ने अतिरिक्त समय में जीत सुनिश्चित की, जिससे पीएसजी को इस सीजन में लीग 1 में सिर्फ दूसरी हार का सामना करना पड़ा, और सितंबर के बाद से 27 मैचों में पहली हार। 2017 में मोनाको से 180 मिलियन यूरो (194 मिलियन डॉलर) के सौदे पर हस्ताक्षर करने के बाद से, एमबाप्पे ने पीएसजी के लिए अब तक 256 बार गोल किए हैं।

## अमेरिका में ऐतिहासिक होगा टी-20 विश्व कप

एजेंसी

न्यूयॉक। न्यूयॉर्क में भारत के महा वाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा है कि अमेरिका में टी20 विश्व कप ऐतिहासिक टूर्नामेंट होगा जिसे लेकर भारतवंशियों के साथ अमेरिकी लोगों में भी इसे लेकर काफी उत्साह है और क्रिकेट को देश में मुख्यधारा में लाने में यह अहम भूमिका निभायेगा।

प्रधान ने कहा , पहली बार अमेरिकी धरती पर क्रिकेट का विश्व कप खेला जा रहा है। इसे लेकर भारी उत्साह है। भारतवंशियों में ही नहीं बल्कि अमेरिका के लोगों में भी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस सदस्य, सीनेटर, जन प्रतिनिधि सभी इसके बारे में बात कर रहे हैं। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में दो से 29 जून तक खेला जायेगा। भारतीय क्रिकेट टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ यहां नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत और पाकिस्तान का मैच यहां नौ जून को होना है। प्रधान ने कहा , मुझे यकीन है कि यह ऐतिहासिक आयोजन होगा।

टीम इंडिया कई तरह से भारत का प्रतिनिधित्व करती है। इसे लेकर सभी में काफी उत्साह है। हम उनका स्वागत करने को बेताब हैं और उनकी हौसलाअफजाई भी करेंगे। उन्होंने कहा , भारतीय टीम पहली बार अमेरिका की टीम से खेलेगी। यह बड़ा पल होगा। भारत पाकिस्तान मैच को लेकर उन्होंने कहा , इसे लेकर काफी उत्साह है। कई जानी मानी हस्तियां इसे देखने पहुंचेंगी। बाकी मैच भी महत्वपूर्ण हैं लेकिन भारत पाकिस्तान मैच हमेशा चर्चा का केंद्रबिंदु रहता है। भारतीय क्रिकेट टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ यहां नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत और पाकिस्तान का मैच यहां नौ जून को होना है।

# नक्सल समस्या से मुक्त होगा देश

## पशुपतिनाथ से तिरुपति तक तथाकथित नक्सल गलियारे में माओवादियों की कोई मौजूदगी नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश में नक्सलवाद की समस्या अगले दो-तीन साल में समाप्त हो जाएगी। उन्होंने दावा किया कि छत्तीसगढ़ के एक छोटे से क्षेत्र को छोड़कर समूचा देश इस खतरे से मुक्त हो चुका है। शाह ने शनिवार देर रात के साथ एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि पशुपतिनाथ से तिरुपति तक तथाकथित नक्सल गलियारे में माओवादियों की कोई मौजूदगी नहीं है। उन्होंने कहा, देश से नक्सलवाद समाप्त हो रहा है।

कभी पशुपतिनाथ से तिरुपति तक के नक्सल कॉरिडोर के बारे में कुछ लोग कहा करते थे। अब झारखंड नक्सलियों से पूरी तरह मुक्त हो गया है। बिहार पूरा मुक्त हो गया। ओडिशा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश भी पूरे मुक्त हो गए हैं। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश भी पूरे मुक्त हो गए हैं। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में यह पूरा मुक्त नहीं हो पाया है और वहां के कुछ हिस्सों में अब भी नक्सली सक्रिय हैं क्योंकि पिछले पांच साल से राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। उन्होंने कहा कि पांच महीने पहले जब से राज्य में भाजपा सरकार ने सत्ता संभाली है, तब से छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से मुक्त कराने का काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा, जब से हमारी सरकार (छत्तीसगढ़ में) बनी है, तब से करीब 125 नक्सली मारे गए, 352 से अधिक को



गिरफ्तार किया गया और करीब 175 ने आत्मसमर्पण किया। अगर आप आज (25 मई) के आंकड़े को भी गिन लें तो करीब पौने दो सौ ने आत्मसमर्पण किया है। यहां मैं सिर्फ पिछले पांच महीनों के आंकड़ों की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा, अगले 2 साल के अंदर या 3 साल के अंदर देश नक्सल समस्या से मुक्त हो जाएगा। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में 16 अप्रैल को सुरक्षाकर्मियों ने 29 नक्सलियों को मार गिराया था। इसमें नक्सलियों के कुछ वरिष्ठ कैडर भी शामिल थे। वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ राज्य की लड़ाई के इतिहास में एक ही मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की यह सबसे अधिक संख्या थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वामपंथी चरमपंथ की घटनाएं 2004-14 के दशक में 14,862 से घटकर 2014-23 में 7,128 हो गई हैं।

वामपंथी उग्रवाद के कारण सुरक्षा बलों की मौतों की संख्या 2004-14 में 1750 से 72 प्रतिशत घटकर 2014-23 के दौरान 485 हो गई है और उक्त अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या 4285 से 68 प्रतिशत घटकर 1383 हो गई है। साल 2010 में हिंसा वाले जिलों की संख्या 96 थी, जो 2022 में 53 प्रतिशत घटकर 45 हो गई। इसके साथ ही, हिंसा की रिपोर्ट करने वाले पुलिस स्टेशनों की संख्या 2010 में 465 से घटकर 2022 में 176 हो गई। पिछले पांच वर्षों में 90 जिलों में 5,000 से अधिक डाकघर स्थापित किए गए हैं, जहां माओवादियों की उपस्थिति है या जहां अतीत में चरमपंथियों की उपस्थिति थी। अधिकारियों ने बताया कि सर्वाधिक प्रभावित 30 जिलों में 1,298 बैंक शाखाएं खोली गईं और 1,348 एटीएम चालू किए गए हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 2,690 करोड़ रुपये की लागत से कुल 4,885 मोबाइल टावरों का निर्माण किया गया और 10,718 करोड़ रुपये की लागत से 9,356 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 121 एकलव्य आवासीय विद्यालय, 43 आईटीआई और 38 कौशल विकास केंद्र स्थापित कर स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है।

# अकोला महाराष्ट्र का सबसे गर्म शहर रहा, जिले में धारा 144 लागू

अकोला (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र का अकोला जिला पिछले दो दिन में राज्य का सबसे गर्म शहर रहा है, जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। अकोला में लू की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी अजीत कुंभार ने 31 मई तक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 शनिवार को लागू कर दी।



जिलाधिकारी ने प्रतिष्ठानों को श्रमिकों के लिए पीने के पानी और पंखों की पर्याप्त व्यवस्था करने का आदेश दिया। उन्होंने निजी कोचिंग कक्षाओं के समय में बदलाव करने और उन्हें दोपहर के दौरान आयोजित नहीं किए जाने का निर्देश दिया। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में स्थित अकोला में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस और शनिवार को 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस महीने शहर में इस मौसम का सबसे अधिक तापमान है। पिछले कुछ दिनों से विदर्भ क्षेत्र के कई हिस्सों में तापमान बढ़ रहा है। जिला प्रशासन के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में अकोला में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से 45.8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। अकोला 26 मई 2020 को 47.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर था। इस तारीख को मध्य प्रदेश का खरगोन देश का सबसे गर्म शहर था। अकोला के जिलाधिकारी ने शनिवार को 31 मई तक सीआरपीसी की धारा 144 लगा दी।

संक्षेप

## अफगानिस्तान में बाढ़ से 15 की मौत

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान के उत्तर-पूर्व क्षेत्र में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से एक ही परिवार के 10 सदस्यों समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश देश के कई हिस्सों में कहर बरपा रही है, जिससे सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है। भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के मामलों के चलते संपत्ति और फसलें भी नष्ट हो गई हैं। शनिवार रात आई बाढ़ के कारण उत्तर-पूर्व स्थित बदख्शां और उत्तरी बगलान प्रांत प्रभावित हुए हैं। इस महीने की शुरुआत में भारी बारिश के कारण बगलान प्रांत में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। बदख्शां में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक मोहम्मद अकरम अकबरी ने कहा कि प्रांत की राजधानी फैजाबाद में बाढ़ की चपेट में आकर एक दंपति और उनके आठ बच्चों की मौत हो गई। बगलान प्रांत में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के प्रांतीय निदेशक इदायतुल्ला हमदर्द ने कहा कि बाढ़ के कारण दोशी जिले में कम से कम 40 घर क्षतिग्रस्त हो गए और कई लोग मारे गए हैं। हालांकि, उन्होंने मृतकों की संख्या के संबंध में अधिक विवरण नहीं दिया। हालांकि, एक स्थानीय अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रांत में बचाव दलों को अब तक पांच शव मिले हैं।

# बांग्लादेश ने चक्रवात 'रेमल' को लेकर शुरू की निकासी

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश ने प्रचंड चक्रवाती तूफान रेमल से निपटने की तैयारियों के तहत रविवार को जोखिम वाले इलाकों के निवासियों की निकासी का अभियान शुरू कर दिया। चक्रवाती तूफान के रविवार शाम या आधी तक पहुंचने की आशंका है जिससे देश के तटीय जिलों सतखीरा और कॉक्स बाजार क्षेत्र में समुद्र में ऊंची लहरें उठने और भारी बारिश होने की संभावना है। बीएसएस समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, चक्रवात के नवीनतम चेतावनी बुलेटिन के अनुसार, रेमल के उत्तरी दिशा में बढ़ने और शाम या रात तक मोंगला के निकट पश्चिम बंगाल-खेपुपारा तट के सागर द्वीप को पार करने का अनुमान जताया गया है।

बीएसएस ने आपदा प्रबंधन विभाग के महानिदेशक मिजानुर रहमान के हवाले से कहा, बड़े पैमाने पर निकासी शुरू की जा चुकी है। जोखिम वाले स्थानों पर रहने वाले सभी लोगों को यथाशीघ्र सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाना है।

# पीएम की मुजरा टिप्पणी बिहार का अपमान

एजेंसी

सासाराम। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुजरा टिप्पणी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने यह टिप्पणी करके बिहार का अपमान किया।

सासाराम लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता और महागठबंधन के उम्मीदवार मनोज कुमार के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को बिहार में एक चुनावी रैली में विपक्षी नेताओं के लिए मुजरा शब्द का इस्तेमाल किया, मोदी जी ने इस शब्द का इस्तेमाल कर



बिहार का अपमान किया, यानी यहां मुजरा होता है। यह बिहार और उसके मतदाताओं का अपमान है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी खुद को तीसमारखां मानते हैं। वह गलत धारणा में हैं। जनता ही असली तीसमारखां है। वह (प्रधानमंत्री) एक तानाशाह हैं। अगर तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो लोगों को कुछ भी कहने की इजाजत नहीं होगी।

# भाजपा हिंसा फैला रही, तृणमूल कार्यकर्ता की हुई हत्या : ममता

एजेंसी

हरोआराजरहाट (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पूर्वी मेदिनीपुर जिले में आतंक फैलाने और तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की हत्या करने का आरोप लगाया। पूर्वी मेदिनीपुर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी का गढ़ माना जाता है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने छठे चरण के चुनाव के दिन बशीरहाट लोकसभा सीट के अंतर्गत हरोआ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ये आरोप लगाए। बनर्जी ने कहा, कल भी उन्होंने (भाजपा ने) पूर्वी मेदिनीपुर जिले के महिषादल में हमारी पार्टी के एक सक्रिय सदस्य की हत्या कर दी। चुनाव में आसन्न हार के चलते वे लोगों और तृणमूल कार्यकर्ताओं पर हमला और हत्या कर रहे हैं। लेकिन हम उनके प्रयास का प्रतिरोध करेंगे। दो दिन पहले पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में कई घरों और दुकानों में आग लगा दी गई थी, जब भाजपा की महिला सदस्य की हत्या कर दी गई थी और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। महिला का बेटा क्षेत्र में भाजपा के एससीएसटी मोर्चा का नेता है। नंदीग्राम के भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया था कि हमले में तृणमूल के गुंडे शामिल थे, लेकिन तृणमूल नेताओं ने कहा कि यह भाजपा के भीतर अंदरूनी कलह का नतीजा है।



उन्होंने अधिकारी का जिक्र करते हुए कहा, एक गद्दार फिर से अपनी चाल में वापस आ गया है। आज नंदीग्राम और पूर्व मेदिनीपुर के कुछ अन्य हिस्सों में आतंक के इस राज के पीछे वही है। आप 10 मतदान केंद्रों के लोगों को आतंकित कर सकते हैं लेकिन राज्य के बाकी हिस्सों की तुलना में यह बहुत कम है। आपकी सीमाएं खेजुरी और नंदीग्राम तक ही सीमित रहेंगी। बनर्जी ने रैली में शामिल न होने के लिए टीएमसी की एक विधायक पर भी निशाना साधा और उन पर भाजपा के संपर्क में रहने का आरोप लगाया। उन्होंने विधायक का नाम लेते हुए कहा, यदि विधायक 25 मई को हमारी सभा में शामिल नहीं होती है, तो उसका हमसे कोई संबंध नहीं रहेगा। यदि वह भाजपा के साथ रहना चाहती है।

# पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 670 की मौत

एजेंसी

मेलबर्न। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने रविवार को अनुमान जताया कि पापुआ न्यू गिनी में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन से 670 लोगों की मौत होने की आशंका है।

स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया था कि भूस्खलन के कारण 100 लोगों की मौत होने की आशंका है। दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने कहा कि मौत का संशोधित आंकड़ा यमबली गांव और एंगा प्रांतीय अधिकारियों की इस गणना पर आधारित है कि शुक्रवार को



भूस्खलन के कारण 150 से अधिक मकान दब गए हैं, जबकि पहले 60 मकान दबने का अनुमान जताया गया था। एक्टोप्राक ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) कहा, वे अनुमान लगा रहे हैं कि 670 से अधिक लोग मिट्टी के नीचे दबे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को भूस्खलन के कारण 100 लोगों की मौत होने की आशंका जताई थी। रविवार तक केवल पांच शव और एक अन्य व्यक्ति का एक पैर बरामद किया गया था। पापुआ न्यू गिनी में रविवार को भी राहत कार्य जारी है और बचावकर्मी जीवित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं।

एक्टोप्राक ने कहा कि सहायताकर्मियों ने छह से आठ मीटर (20 से 26 फुट) गहराई में जमीन और मलबे के नीचे लोगों के जीवित मिलने की उम्मीद छोड़ दी है। इस बीच, दक्षिण प्रशांत द्वीप की सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि क्या उसे अधिक अंतरराष्ट्रीय समर्थन का आधिकारिक तौर पर अनुरोध करने की आवश्यकता है। देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत में शुक्रवार को भूस्खलन के कारण लोग दब गए थे।

## वानुआतू में भूकंप के तेज झटके

मेलबर्न। दक्षिण प्रशांत द्वीप देश वानुआतू में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए लेकिन इससे सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप से किसी प्रकार की क्षति होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के अनुसार, भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह 9:23 बजे महसूस किए गए और इसकी प्रारंभिक तीव्रता 6.3 थी। भूकंप का केंद्र राजधानी पोर्ट विला से 83 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 29 किलोमीटर की गहराई पर था। हवाई स्थित प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है।

इंटरटेनमेंट...

# मनोज की फिल्म ने कमाये 3.45 करोड़




मुंबई। इस शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई मनोज बाजपेयी स्टारर 'भैया जी' के कलेक्शन में दूसरे दिन उछाल आया है। ओपनिंग डे पर जहां इस फिल्म ने 1 करोड़ 44 लाख रुपए का बिजनेस किया था। वहीं शनिवार को इसने 2 करोड़ रुपए कमाए। इसके साथ ही फिल्म का टोटल कलेक्शन 3 करोड़ 45 लाख रुपए हो चुका है।

शुक्रवार को इस फिल्म की ओवरऑल ऑक्यूपेंसी 12.52% रही, जो पहले दिन से बेहतर थी। अपूर्व सिंह कार्की निर्देशित इस फिल्म में मनोज बाजपेयी पहली बार फुल एक्शन रोल में नजर आ रहे हैं। दूसरी तरफ मनोज की फिल्म से एक दिन पहले रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'मैड मैक्सः फ्यूरिओसा' की कमाई में तीसरे दिन 51% की उछाल आई है। गुरुवार को रिलीज हुई क्रिस हेम्सवर्थ और आन्या टेलर स्टारर इस फिल्म ने शनिवार को इंडिया में 2 करोड़ 91 लाख रुपए का बिजनेस किया। फ्यूरिओसा में 'थॉर' फेम एक्टर क्रिस हेम्सवर्थ लीड रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म ने गुरुवार को 2 करोड़ 5 लाख और शुक्रवार को 1 करोड़ 92 लाख रुपए का बिजनेस किया था। अब तीन दिनों में इसका कलेक्शन 6 करोड़ 88 लाख रुपए हो चुका है। इसी बीच राजकुमार राव स्टारर 'श्रीकांत' तीसरे हफ्ते में भी अच्छा कलेक्शन कर रही है। शुक्रवार को 1 करोड़ 18 लाख कमाने के बाद शनिवार को इस फिल्म ने 2 करोड़ 15 लाख रुपए कमाए।

# 'सालार-2' की शूटिंग टली

मुंबई। 2023 में रिलीज हुई प्रभास की एक्शन पैक्ड फिल्म 'सालार पार्ट 1' साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म थी। 270 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने ग्लोबली 750 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। फिल्म के अंत में यह अनाउंस किया गया था कि इसका सेकेंड पार्ट 'सालारः शौर्यंगापर्वम' के नाम से रिलीज होगा। पर अब सुनने में आ रहा है कि यह फिल्म टल गई है।

तेलुगु 360 की एक रिपोर्ट की मानें तो इस फिल्म को प्रभास और फिल्म के डायरेक्टर प्रशांत नील के बीच हुए क्रिएटिव डिफरेंस के चलते टाल दिया गया है। अब इस फिल्म को कब शूट किया जाएगा इस बारे में अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में फिल्म की शूटिंग टलने की अलग-अलग वजह बताई जा रही हैं। इसी बीच डायरेक्टर प्रशांत जल्द ही एनटीआर के साथ अपनी




अगली फिल्म 'एनटीआर 31' पर काम शुरू करेंगे। इस फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग अगस्त में शुरू होगी। प्रशांत अब अपना पूरा समय इस फिल्म को दे रहे हैं।

# कांस में पहली बार भारतीय को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

मुंबई। द शेमलेस की शूटिंग भारत में हुई है। इसमें दिल्ली की दो सेक्सवर्कर की कहानी है। 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल में कोलकाता की रहने वाली एक्ट्रेस अनसुइया सेनगुप्ता ने बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड अपने नाम किया है। अनसुइया को यह अवॉर्ड अन सर्टेन रिगार्ड सेगमेंट में फिल्म 'द शेमलेस' में उनकी परफॉर्मेंस के लिए मिला है। इसके साथ ही वे कांस के इतिहास की पहली भारतीय एक्ट्रेस बन गई हैं जिन्हें इस अवॉर्ड से नवाजा गया है। स्टेज पर जब अनसुइया का नाम अनाउंस किया गया तो वो भावुक हो गईं।

अनसुइया ने यह अवॉर्ड दुनियाभर में समलैंगिक समुदाय और हाशिए पर रहने वाले अन्य समुदायों को समर्पित किया है। एक्ट्रेस ने स्टेज पर कहा कि ये सभी समुदाय बहादुरी से एक ऐसी लड़ाई लड़ रहे हैं जो उन्हें नहीं लड़नी चाहिए। उन्हें समाज में बराबरी का हक पाने के लिए लड़ना पड़ रहा है। 'द शेमलेस' का निर्देशन



बुल्गारियन फिल्ममेकर कॉन्स्टेंटिन बोजानोव ने किया है। इसकी कहानी दो सेक्स वर्कर्स के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिनमें से एक के हाथों एक पुलिस वाले का खून हो जाता है। इस फिल्म में अनसुइया के अलावा एक्ट्रेस ओमारा शेट्टी भी अहम रोल में नजर आ रही हैं। जिस कैटेगरी में अनसुइया ने यह अवॉर्ड जीता है, उसी कैटेगरी में इस फिल्म को भी नॉमिनेशन मिला था। हालांकि फिल्म यह अवॉर्ड अपने नाम नहीं कर पाई। 'द शेमलेस' के डायरेक्टर बोजानोव पहली बार 2014 में भारत आए थे।

तब वो यहां 4 कहानियों को मिलाकर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाना चाहते थे। इस दौरान कई तरह की परेशानियां आईं। साथ ही उन्हें फाइनेंशियल सपोर्ट भी नहीं मिल रहा था। वो इस फिल्म को एनिमेटेड फॉर्म में बनाने जा रहे थे तभी उनकी मुलाकात कैरेक्टर विजुअलाइजर और प्रोडक्शन डिजाइनर अनसुइया से हुई जिसके बाद उन्होंने अपना इरादा बदल लिया। उन्होंने अनसुइया को ही लीड रोल में कास्ट किया और इंडिया और नेपाल में इस फिल्म की शूटिंग की। अनसुइया ने साल 2009 में बंगाली डायरेक्टर अंजन दत्त की रॉक म्यूजिकल फिल्म 'मैडली बंगाली' से एक्टिंग डेब्यू किया था। 2009 में ही वो मुंबई शिफ्ट हो गई थीं जहां उनके भाई अभिषेक सेनगुप्ता फिल्मों में काम करते हैं।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com